संविधान ने सुनिश्चित किया है कि भारत मजबूत और एकजुट रहे
- 12

भारत के स्वदेशी एआई मॉडल के लिए वित्तीय डेटा उपलब्ध कराएगा आईसीएआई
- 12

गाजा युद्ध : मिस्र में हो रही शांति वार्ता में भाग लेने को भारत को भी निमंत्रण
- 13

कुलदीप अब शीर्ष बाएं हाथ के कलाई के स्पिनरों के क्लब में शामिल
- 14

आज का मौसम

31.0° अधिकतम तापमान

18.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.15

सूर्यास्त 05.47

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

मुरादाबाद

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ बरेली कानपुर मुरादाबाद अयोध्या हल्द्वानी

कार्तिक कृष्ण पक्ष सप्तमी 12:24 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

सोमवार, 13 अक्टूबर 2025, वर्ष 6, अंक 196, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

बीएसएफ की वायु शाखा की पहली महिला फ्लाइट इंजीनियर बनीं भावना

नई दिल्ली, एजेंसी

- 50 साल से अधिक पुराना इतिहास बदला, बीएसएफ डीजी ने फ्लाइंग बैज प्रदान किए

बीएसएफ की वायु शाखा को अपने 50 साल से अधिक के इतिहास में पहली महिला फ्लाइट इंजीनियर मिली है। वायु शाखा में पहली महिला फ्लाइट इंजीनियर की नियुक्ति आंतरिक प्रशिक्षण पूरा होने के बाद हुई है।

इंस्पेक्टर भावना चौधरी व चार पुरुष अधीनस्थ अधिकारियों को हाल में बीएसएफ डीजी दलजीत चौधरी ने फ्लाइंग बैज प्रदान किए। सीमा सुरक्षा बल को 1969 से गृह मंत्रालय की विमानन इकाई का संचालन करने का दायित्व सौंपा गया है और यह सभी अर्द्धसैनिक बलों व एनएसजी व एनडीआरएफ जैसे विशेष बलों की अभियानगत आवश्यकता को पूरा करता है। अधिकारियों ने बताया कि पांच अधीनस्थ अधिकारियों को बीएसएफ वायु शाखा के प्रशिक्षकों द्वारा शुरू से ही प्रशिक्षित किया गया था और उन्होंने हाल में अपना दो महीने का प्रशिक्षण पूरा किया है। 130 घंटे तक प्रशिक्षण में उन्हें काम का वास्तविक अनुभव भी मिला क्योंकि बीएसएफ वायु शाखा की विभिन्न इकाइयों ने पंजाब व अन्य राज्यों में हाल में आई बाढ़ के दौरान भी परिचालन उड़ानें भरीं।

स्मृति मंधाना ने बनाए एक साथ दो विश्व रिकॉर्ड

1000 रन एक कैलेंडर वर्ष में पूरा करने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनीं | **5000** सबसे तेज रन बनाने वाली युवा बल्लेबाज बनीं भारतीय उपकप्तान

विशाखापत्तनम, एजेंसी

भारतीय उप कप्तान स्मृति मंधाना ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला वर्ल्ड कप मैच में एक और वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वह एक कैलेंडर वर्ष में 1000 वनडे रन बनाने वाली इतिहास की पहली महिला खिलाड़ी बन गईं। साथ ही वनडे क्रिकेट में सबसे युवा और सबसे तेज पांच हजार रन बनाने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनीं।

मिताली राज के बाद 5000 रन की यह उपलब्धि हासिल करने वाली वह दुनियां की पांचवीं और दूसरी भारतीय बल्लेबाज बनीं। मंधाना ने 112 पारियों और 5,569 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की जिससे उन्होंने महिला क्रिकेट की स्टेफनी टेलर की 129 पारियों और सूजी बेट्स की 6,182 गेंदों की संख्या को पीछे छोड़ दिया।

रविवार को मंधाना ने 66 गेंद में 80 रन (नौ चौके और तीन छक्के) बनाकर फॉर्म में वापसी की और प्रतिका रावल के साथ 155 रन की साझेदारी की जो इस प्रतियोगिता में सलामी बल्लेबाजों के बीच पहली शतकीय साझेदारी भी थी। इस मैच से पहले मंधाना के 17 मैच में 982 रन थे। उन्होंने आठवें ओवर में 1,000 रन का आंकड़ा छुआ। सबसे कम पारियों में 5000 रन बनाने में उन्होंने कोहली और धवन को भी पीछे छोड़ दिया।

पारी के आधार पर कोहली धवन से ऊपर निकलीं

- 112 पारियां - स्मृति मंधाना
- 114 पारियां - विराट कोहली
- 118 पारियां - शिखर धवन
- 126 पारियां - सौरव गांगुली

ऑस्ट्रेलिया की बेलिंडा क्लार्क का रिकॉर्ड तोड़ा

मंधाना ने महिला वनडे में ऑस्ट्रेलिया की बेलिंडा क्लार्क (1997 में 970 रन) का एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा रन बनाने का पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। उन्होंने अपनी पारी की शुरुआत सकारात्मक तरीके से की और किम गार्थ के पहले ओवर की आखिरी गेंद पर चौका लगाकर खाता खोला। लेकिन मोलिनू के ओवर में मंधाना ने पहली गेंद को मिड-ऑन के ऊपर से चौका जड़ा, अगली गेंद को डिफेंड किया, फिर तीसरी गेंद पर लांग-ऑन के ऊपर से छक्का जड़ा और स्क्वायर लेग के ऊपर से एक और चौका लगाकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया।

ब्रीफ न्यूज

दिल्ली में मंदिर से 40 लाख रुपये मूल्य का सोने का कलश चोरी

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के ज्योति नगर इलाके में एक जैन मंदिर के शिखर से लगभग 40 लाख रुपये मूल्य का सोने की परत चढ़ा कलश कथित तौर पर चोरी हो गया है। पुलिस ने बताया कि मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की घटना रिकॉर्ड हो गई और चोरी के दो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। एक वीडियो क्लिप में एक व्यक्ति को कथित तौर पर सोने की परत वाले कलश को चोरी करने के बाद मंदिर परिसर के एक खंभे से नीचे उतरते हुए देखा जा सकता है, जबकि एक अन्य वीडियो में उसे अंधेरे में कलश ले जाते हुए दिखाया गया है।

सिंगापुर पुलिस ने जुबीन मौत मामले में महत्वपूर्ण जानकारी मांगी

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि सिंगापुर पुलिस ने गायक जुबीन गर्ग की मौत के सिलसिले में कुछ महत्वपूर्ण जानकारी मांगी है। शर्मा ने यहां एक समारोह से इतर पत्रकारों से कहा कि असम सरकार ने पहले ही आवश्यक जानकारी एकत्र कर सिंगापुर के अधिकारियों को भेज दी है। उन्होंने कहा, हमने परिवार से जानकारी एकत्र कर सिंगापुर के अधिकारियों को भेज दी है। वे मामले की गंभीरता से जांच कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने हालांकि स्पष्ट नहीं किया कि सिंगापुर ने गर्ग के परिवार से क्या जानकारी मांगी है।

रन फॉर यूनिटी से एकता और अखंडता की अलख : योगी

सीएम बोले- 31 अक्टूबर से 26 नवंबर तक चलेगा 'सरदार @150 यूनिटी मार्च'

- लोकसभा क्षेत्रों में तीन दिवसीय पदयात्रा, अभियान से जुड़ेंगे खिलाड़ी-कलाकार व युवा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

सरदार वल्लभभाई पटेल के 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में पत्रकार वार्ता करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारत रत्न और लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती को ऐतिहासिक स्वरूप देने के लिए प्रदेश सरकार ने 'सरदार@150 यूनिटी मार्च' का एलान किया है। बताया कि रन फॉर यूनिटी 31 अक्टूबर से 26 नवंबर तक प्रदेशभर में एकता और अखंडता के प्रतीक इस अभियान को चलाया जाएगा। सभी क्षेत्रों में तीन दिवसीय पदयात्रा होगी और अभियान से खिलाड़ी, कलाकार व युवा जुड़ेंगे।

आवास पर रविवार को प्रेस ब्रीफिंग में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की जयंती पर पूरे प्रदेश में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन होगा। इसके साथ ही 31 अक्टूबर से 26 नवंबर (संविधान दिवस) तक 'सरदार@150 यूनिटी मार्च' चलेगा। इसमें यूपी के खिलाड़ी, कलाकार और युवा भाग लेंगे। प्रत्येक जिले से चुने गए पांच-पांच युवा गुजरात की धरती पर स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक 150 किलोमीटर की पदयात्रा करेंगे। ये दल चार प्रमुख पड़ावों से गुजरते हुए सरदार साहब की जन्मभूमि तक पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल केवल स्वतंत्रता सेनानी नहीं, भारत की एकता के शिल्पी थे। जब हम विकसित भारत की ओर बढ़ रहे हैं, उनके आदर्श हमें नई दिशा देते हैं। कहा कि प्रदेश के हर लोकसभा क्षेत्र में तीन दिवसीय 8 से 10 किलोमीटर लंबी पदयात्रा निकाली जाएगी, जो सभी विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। यात्रा से पहले स्थानीय स्तर पर निबंध, वाद-विवाद, संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक, योग शिविर और 'वोकल फॉर लोकल' अभियान जैसे कार्यक्रम होंगे। युवाओं को 'नशामुक्त भारत' की शपथ भी दिलाई जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान केवल स्मरण भर नहीं, बल्कि अखंड भारत से आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने की पहल है। यात्रा के दौरान विशेष स्वच्छता अभियान भी चलेगा और स्थानीय संगठनों द्वारा सरदार पटेल की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी जाएगी। माई भारत, एनसीसी, एनएसएस समेत विभिन्न युवा संगठन अभियान को सफल बनाने में भागीदार होंगे। मंत्रियों, सांसदों और विधायकों को भी इस यात्रा में सक्रिय भूमिका निभाने की जिम्मेदारी दी जाएगी।

पटेल के आगे नहीं चली नवाब व निजाम की मनमानी

योगी ने कहा कि जूनागढ़ के नवाब और हैदराबाद के निजाम की मनमानी उस समय सरदार पटेल के दृढ़ निश्चय के आगे टिक नहीं सकी। लौहपुरुष की दूरदर्शिता से ही आज का अखंड भारत संभव हुआ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 से सरदार पटेल जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष देशभर में 'सरदार @150 यूनिटी मार्च' आयोजित होगा।

राजग दलों में सहमति के बाद सीटों का एलान

बिहार में भाजपा और जदयू 101-101 सीटों पर लड़ेंगे चुनाव

नई दिल्ली/पटना, एजेंसी

नई दिल्ली में पार्टी कार्यालय में राजग की बैठक में उपस्थित प्रधानमंत्री मोदी व अन्य नेता।

- लोजपा (रामविलास) – 29, रालोमो – 06, हम – 06 सीट पर लड़ेंगे चुनाव

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सीटों का एलान आधिकारिक रूप से रविवार शाम को कर दिया गया। राजग दलों के बीच हुए समझौते के तहत भाजपा 101, जनता दल (यूनाईटेड) जेडीयू- 101 लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास) एलजेपी (आर) - 29, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक मोर्चा (आरएलमो) - 06 और हिंदुस्तानी अवामी मोर्चा (हम) - 06 सीटों पर चुनाव मैदान में उतरेंगी। यह जानकारी बिहार चुनाव के भाजपा प्रभारी एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने एक्स पर एक पोस्ट में दी।

बिहार के उपमुख्यमंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी ने भी सीट बंटवारे की जानकारी एक्स पर दी थी। धर्मेंद्र प्रधान ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, हम राजग के साथियों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में सीटों का वितरण पूर्ण किया। राजग के सभी दलों के कार्यकर्ता और नेता इस सीट बंटवारे हर्षपूर्वक स्वागत करते हैं। प्रधान ने अपने पोस्ट में लिखा बिहार है तैयार, फिर से राजग सरकार। गौरतलब है कि बिहार सीट बंटवारे को लेकर राजग के सभी दलों के बीच पिछले कई दिनों में कई दौर की बैठक दिल्ली और बिहार में हुई थी। लेकिन रविवार शाम को राजग दलों में आपसी सहमति के बाद सीटों की सूची जारी कर दी गई। इससे पहले भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने रविवार शाम में राष्ट्रीय चुनाव समिति एवं संसदीय बोर्ड की बैठक बुलाई थी। वहीं, लोजपा ने एक्स हैंडल लोजपा(आर) से सीट बंटवारे की आधिकारिक जानकारी देते हुए लिखा कि राजग है तैयार, जीतने को बिहार।

वहीं रालोमो प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने अपने एक्स हैंडल सीट बंटवारे को शेयर करते हुए लिखा कि राजग साथियों ने मिल-बैठकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में सीटों का वितरण पूरा किया। हम पार्टी के प्रमुख जीतनराम मांझी ने सीट बंटवारे की आधिकारिक घोषणा से पहले ही एक्स पर एक पोस्ट में यह साफ कर दिया था कि वह राजग सहयोगी के तौर पर चुनाव में उतरने जा रहे हैं।

कोहरे में भी फर्राटा भरेंगी ट्रेनें, सफर को सुरक्षित रखेगा कवच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कानपुर-दिल्ली मुख्य रेलमार्ग पर अलीगढ़ में भी कवच का सफल परीक्षण
- ट्रेनों के आमने-सामने आते ही दोनों ओर होम सिग्नल के पास लग जाएगा ब्रेक

दिल्ली-हावड़ा मार्ग के टूंडला-अलीगढ़ खंड पर मितावली-मंडराक के मध्य कवच का सफल परीक्षण शनिवार को किया जा चुका है। अब दिल्ली-हावड़ा रूट पर कोहरे में ट्रेनों का सुरक्षित संचालन करने में कोई दिक्कत नहीं आएगी।
-अमित सिंह, जनसंपर्क अधिकारी उत्तर मध्य जोन

अमृत विचार: कोहरे में ट्रेनों का संचालन बहुत टेढ़ी खीर होता है। हर साल हादसों से बचने के लिए दर्जनों ट्रेनें निरस्त करनी पड़ती है। कई के रूट में कटौती की जाती है लेकिन इस बार कोहरे में भी ट्रेनों का संचालन चलता रहेगा क्योंकि रेलवे ने ट्रेन हादसों को रोकने के लिए कवच सिस्टम लगाना शुरू कर दिया है। इस सिस्टम के लगने के बाद एक ट्रैक पर अगर दो ट्रेने आ जाएंगी तो उनमें ब्रेक लग जाएगी।

कानपुर-दिल्ली मुख्य रेलमार्ग पर शनिवार को टूंडला-अलीगढ़ खंड पर मितावली-मंडराक के मध्य कवच सिस्टम का सफलतापूर्वक ट्रायल किया गया। ये ट्रायल डब्लूएपी-5 लाइट इंजन के साथ ब्रेकिंग पैरामीटर्स के फाइनलाइजेशन के लिए किया गया। यह ट्रायल मितावली स्टेशन से शनिवार को दोपहर 12:22 बजे प्रारंभ होकर शाम 16:45 बजे समाप्त हुआ। इस दौरान अप एवं डाउन दोनों दिशाओं में ट्रेन का संचालन किया गया। होम सिग्नल को ऑन (लाल) कर रेलवे अफसरों ने एक ही ट्रैक पर दो ट्रेनों को आमने-सामने लाकर ट्रायल किया। होम सिग्नल से 32 मीटर पहले एक ट्रेन में ब्रेक लग गई जबकि दूसरी ट्रेन में 67 मीटर पहले ब्रेक लग गई। कानपुर से प्रयागराज तक कई स्थानों पर कवच सिस्टम को लगाया जा चुका है जिससे कानपुर से प्रयागराज के मध्य ट्रेन हादसे रुक चुके हैं। अब कवच सिस्टम को कानपुर से दिल्ली, कानपुर से झांसी, कानपुर से बांदा, कानपुर से लखनऊ के बीच लगाने की प्रक्रिया चल रही है।

अफगानिस्तान ने 58 पाकिस्तानी जवान मार गिराए

इस्लामाबाद/पेशावर, एजेंसी

- हमले के जवाब में पाकिस्तान ने 200 से अधिक तालिबान लड़ाके मारने का किया दावा

सीमा पर रात भर हुई भीषण मुठभेड़ में अफगानिस्तान ने 58 पाकिस्तानी सैनिक को मार गिराया। वहीं, पाकिस्तान ने तालिबान तथा उससे संबद्ध 200 से अधिक आतंकवादी को मार गिराने का दावा किया।

सीमा पार से आक्रमण के एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप के बीच दोनों पड़ोसियों के बीच तनाव बढ़ गया है। पाकिस्तान ने सीमावर्ती क्षेत्रों में अफगान बलों द्वारा किए गए अकारण हमलों के जवाब में 19 अफगान सैन्य चौकियों और आतंकवादी ठिकानों पर कब्जा कर लिया है। पाकिस्तानी ने एक बयान में कहा कि यह गंभीर उकसावा तालिबान के विदेश मंत्री के भारत दौरे के दौरान हुआ।

बाहरी आक्रमण सहन नहीं करेंगे : मुत्ताकी

नई दिल्ली। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने रविवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ संघर्ष का अफगानिस्तान शांतिपूर्ण समाधान चाहता है, लेकिन यदि प्रयास सफल नहीं होते हैं तो उसके पास अन्य विकल्प भी हैं। उन्होंने कहा कि उनका देश किसी भी बाहरी आक्रमण का सामना करने के लिए पूरी तरह एकजुट है। गुरुवार को काबुल में पाकिस्तानी हवाई हमले के बाद दोनों पक्षों के बीच फिर से संघर्ष शुरू हो गया है। भारत की छह दिवसीय यात्रा पर आये मुत्ताकी ने कहा कि कुल मिलाकर स्थिति नियंत्रण में है और उनका देश अपनी संप्रभुता का किसी भी तरह का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं करेगा।

आईपीएस आत्महत्या मामला : कई अन्य धाराएं प्राथमिकी में जोड़ी गई

चंडीगढ़। हरियाणा के आईपीएस अधिकारी वाई पूरण कुमार की आत्महत्या मामले में एससी/एसटी अधिनियम के संबंधित प्रावधान जोड़ने की उनकी पत्नी की अपील के बाद, पुलिस ने इस मामले में दर्ज प्राथमिकी में और आरोपों को शामिल किया है।

पूरण कुमार की पत्नी एवं वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अमनीत पी कुमार ने पुलिस को लिखे पत्र कर कमजोर धाराओं को संशोधित किए जाने की बात कही थी। एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3 (2) (पांच) इस मामले में लागू होने वाली उपयुक्त धारा है। वहीं, पूरण कुमार के परिवार ने अपनी मांगें पूरी होने तक पोस्टमार्टम के लिए सहमति देने से इनकार कर दिया है।

- आईएएस पत्नी की आपत्ति के बाद पुलिस ने बढ़ाई धाराएं

बयान

कांग्रेस नेता एवं पूर्व गृह मंत्री ने बताई ब्लू स्टार की सच्चाई, कहा- इंदिरा गांधी ने इसकी कीमत अपनी जान देकर चुकाई, बयान से कांग्रेस नाराज

चिदंबरम ने कुरेदा जख्म, बोले- ऑपरेशन ब्लू स्टार बड़ी गलती थी

शिमला, एजेंसी

कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने कहा कि 1984 में स्वर्ण मंदिर में छिपे आतंकवादियों को पकड़ने के लिए ऑपरेशन ब्लू स्टार सही तरीका नहीं था और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को इसकी कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ी।

पूर्व गृह मंत्री ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश के कसौली में एक पुस्तक के विमोचन के दौरान कहा, सभी आतंकवादियों को पकड़ने का कोई और तरीका हो सकता था, लेकिन ऑपरेशन ब्लू स्टार गलत तरीका था और मैं मानता हूं कि श्रीमती गांधी ने इस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकाई। यह सेना, खुफिया विभाग, पुलिस और सिविल सुरक्षा एजेंसियों का संयुक्त निर्णय था और आप पूरी तरह से श्रीमती गांधी को दोषी नहीं ठहरा सकते।

चिदंबरम ने खुशवंत सिंह साहित्य महोत्सव में पत्रकार और लेखिका हरिंदर बावेजा के साथ उनकी पुस्तक दे विल शूट यू मैडमः माई लाइफ थ्रू कॉन्फ्लिक्ट'' पर बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। ऑपरेशन ब्लू स्टार दमदमी टकसाल के नेता जरनैल सिंह भिंडरावाले और आतंकवादियों को सिखों के सबसे पवित्र स्थल स्वर्ण मंदिर से खदेड़ने के लिए 1 से 10 जून, 1984 के बीच चलाया गया सैन्य अभियान था। उसी वर्ष तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या कर दी गई थी।

वहीं, कांग्रेस नेतृत्व ऑपरेशन ब्लूस्टार के बारे में पूर्व गृह मंत्री पी. चिदंबरम द्वारा दिए गए बयान से बेहद नाराज है और उसका मानना है कि वरिष्ठ नेताओं को पार्टी के लिए शर्मिंदगी पैदा कर सकने वाले सार्वजनिक बयान देने से पहले सावधानी बरतनी चाहिए। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। पार्टी सूत्रों ने कहा कि चिदंबरम के बयान से पार्टी के सभी कार्यकर्ता इस बात से परेशान हैं कि ऐसा बार-बार क्यों हो रहा है।

चिदंबरम के बयान ने कांग्रेस के झूठ का पर्दाफाश किया : भाजपा

नई दिल्ली। भाजपा ने ऑपरेशन ब्लू स्टार के बारे में पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री पी. चिदंबरम की टिप्पणी को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इतिहास में यह सच्चाई दर्ज होनी चाहिए कि यह (ऑपरेशन) राष्ट्र की आवश्यकता की वजह से नहीं बल्कि इंदिरा गांधी के राजनीतिक दुस्साहस के कारण चलाया गया था। भाजपा ने सवाल किया कि क्या कांग्रेस अब सच बोलने और झूठे विमर्श को उजागर करने के लिए चिदंबरम के खिलाफ कार्रवाई करेगी? केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने पूर्व गृह मंत्री की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एक्स पर एक पोस्ट में कहा, चिदंबरम जी ने कांग्रेस की गलतियों को बहुत देर से स्वीकार किया है! मंत्री ने कहा, पहले उन्होंने (चिदंबरम) खुलासा किया था कि अमेरिका और विदेशी ताकतों के भारी दबाव के कारण भारत मुंबई में हुए पाकिस्तानी आतंकवादी हमलों का जवाब नहीं दे सका, अब वह स्वीकार कर रहे हैं कि स्वर्ण मंदिर में ऑपरेशन ब्लू स्टार भी एक गलती थी।

अमृत विचार

मुरादाबाद , सोमवार,13 अक्टूबर 2025

न्यूज ब्रीफ

पत्नी का गला दबाकर हत्या की कोशिश

मुरादाबाद, अमृत विचार : झोला क्षेत्र के कांशीराम नगर स्थित एच-ब्लॉक की निवासी महिला नीतू सोनी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी को 14 सात बीत चुके है। पति मनीष कुमार आए दिन शराब के नशे में उससे मारपीट करता है और बच्चों के सामने गंदी बातें करता है। 10 अक्टूबर की रात पति ने गला दबाकर मारने का प्रयास किया। तेजाब डालने की धमकी दी। अगले दिन सुबह फिर सिर पर प्रहार किया और जब वह थाने जाने के लिए निकली तो उसके कपड़े फाड़ दिए। वह किसी तरह जान बचाकर थाने पहुंची। बड़ा बेटा 12 साल और छोटा बेटा 6 साल का है। बच्चों के सामने हो रही ये घटनाएं उनके मानसिक विकास पर भी असर डाल रही हैं। बताया कि वह जान बचाने के लिए हर रात दरवाजा बंद कर सोती है। मझोला थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है।

दलहन के बीज के लिए जल्द करें आवेदन

मुरादाबाद, अमृत विचार : कृषि विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 की रबी फसलों के लिए राज्य सहायतित तिलहन एवं दलहन बीज मिनिकिट योजनाओं के अंतर्गत किसानों को नि :शुल्क बीज उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए 15 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक कृषि विभाग के दर्शन-2.0 पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। रविवार को उप निदेशक कृषि संतोष कुमार द्विवेदी ने बताया कि योजना के तहत किसानों को नि :शुल्क सरसों, राई (तिलहन) तथा चना, मसूर और मटर (दलहन) के बीज की मिनिकिट दी जाएंगी। प्रत्येक किसान को केवल एक ही मिनिकिट मिलेगी। जनपद में विकासखंडवार लक्ष्य आवंटित किए गए हैं।

कार खड़ी करने पर मारपीट में दो घायल

भोजपुर, अमृत विचार : प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में ग्रामीण मतलूब अली ने बताया है कि शुक्रवार रात को उसने अपनी कार गांव में ही सड़क के किनारे खड़ी कर दी थी। इसको लेकर पड़ोसी जुबैर, राशिद, बाबू एवं राहत जान कार हटाने को कहने लगे। विरोध करने पर हाथों में डंडे एवं लोहे के सरिए लेकर घर में घुसकर हमला कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घायल भाईयों का सीएचसी में मेडिकल परीक्षण कराया है।

आजम खां ने किया गार्ड व गनर के लिए इंकार प्रशासन ने किए तैनात

जेल से जमानत पर छूटने के बाद आजम खां को वाई श्रेणी की सुरक्षा यथावत मिल गई है। उनके पास गार्ड और गनर भेज दिए गए हैं। सीतापुर जेल में 23 माह रहने के बाद आजम खां 23 सितंबर की शाम को वह रामपुर पहुंचे थे। इसके बाद वीआईपी मूवमेंट और उनसे मिलने-जुलने वालों का तांता लग गया है। जिसके मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने उनको मिली वाई श्रेणी की सुरक्षा वापस कर दी थी। उनके घर पर गार्ड और गनर भेज दिए थे। लेकिन आजम खां ने गार्ड और गनर लेने से इंकार कर दिया था। लेकिन सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने गार्ड और गनर उनके घर तैनात किए हैं। पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने बताया कि वाई श्रेणी की सुरक्षा पहले से थी।

आजम खां ने रामपुर सांसद पर किया था तंज, सांसद के विरोध पर गरमाई जिले की सियासत

नदवी के तीखे बोल से रामपुर में दो फाड़ हो सकती है सपा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

आजम खां।

मोहिब्बुल्लाह नदवी।

- पहली बार बना है तुर्क बिरादरी का सांसद, दो लाख से ज्यादा मतदाता

अमृत विचार : सपा नेता आजम खां के जेल से रिहा होने के बाद रामपुर की राजनीति में इन दिनों वार-पलटवार का दौर जारी है। लोकसभा चुनाव में जीत हासिल कर संसद पहुंचे मोहिब्बुल्लाह नदवी को आजम खां पर लगातार तंज ने मुखर बना दिया। अब वह खुलकर आजम खां के खिलाफ मैदान में आए हैं, ऐसे में रामपुर में सपा दो फाड़ हो सकती आशंका है।

चुनाव में रामपुर सीट से मुस्लिम मतदाता बाजी पलटने की ताकत रखते हैं। इनमें सबसे ज्यादा तुर्क बिरादरी के ही वोटर हैं। अभी तक तुर्क बिरादरी ने सपा का ही साथ दिया है, ऐसे में सांसद नदवी के विरोध से सपा दो फाड़ हो सकती है। सांसद नदवी भी तुर्क बिरादरी से ही आते हैं। ऐसे में बिरादरी के पहले सांसद बने मोहिब्बुल्लाह नदवी का विरोध भारी पड़ सकता है। हालांकि नदवी अपने बयानों में सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का गुणगान कर रहे हैं। लेकिन रामपुर सहित प्रदेश की राजनीति में आजम खां एक बड़ा नाम है और सांसद नदवी का लगातार खुलकर विरोध करने से चर्चाओं का बाजार गर्म है। सांसद के विरोध के बाद आजम खां ने मामले में कोई बयान नहीं दिया है। मीडिया के सांसद के सवालों पर आजम खां ने कुछ बोलने से फिलहाल मना कर दिया। उन्होंने सवाल पर बोलने से मना कर दिया। ऐसे में यह तो साफ है कि विवाद बढ़ा तो तुर्क बिरादरी नाराज हुई तो आगामी चुनावों में परिणाम गंभीर हो सकते हैं। ऐसे में फिलहाल जुबानी जंग रुक गई है, लेकिन यह नाराजगी कहां जाकर खत्म होगी, इसका जवाब किसी के पास नहीं है।

नदवी के टिकट से शुरू हुआ विवाद

2024 लोकसभा चुनाव में रामपुर सीट से आजम खां की ओर से अखिलेश यादव को चुनाव लड़ने का आमंत्रण दिया गया। लेकिन अखिलेश यादव ने यहां से चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया। इसमें आजम खां और उनके करीबियों की क्या रणनीति थी, ये तो कोई नहीं जानता। लेकिन आजम खां के करीबी आसिम राजा और सपा जिलाध्यक्ष अजय सागर ने प्रेसवार्ता कर रामपुर में चुनाव का बहिष्कार करने की घोषणा कर दी। इसके बाद सपा हाईकमान ने संसद की मस्जिद के इमाम मौलाना मोहिब्बुल्लाह नदवी को चुनावी मैदान में उतार दिया और वो सांसद भी बन गए। इसके बाद से ही आजम खां की सांसद नदवी को लेकर नाराजगी बढ़ गई।

रामपुर लोकसभा सीट पर मतदाता

आंकड़ों के अनुसार रामपुर सीट पर करीब 17 लाख 25 हजार 944 मतदाता हैं। मुस्लिम मतदाताओं की संख्या करीब 9 लाख 22 हजार 506 हैं। मुस्लिम मतदाताओं में तुर्क बिरादरी के 2 लाख 19 हजार मतदाता हैं, जबकि अंसारी 1 लाख 26 हजार, पठान 1 लाख 25 हजार, अल्वी 85 हजार, शेख 52 हजार, घोसी 46 हजार, सलमानी 30 हजार, बंजारे 34 हजार, कुरैशी 18 हजार, सैफी 22 हजार व अन्य मुस्लिम समाज 1 लाख से ज्यादा हैं। जबकि हिंदू मतदाता 7 लाख 94 हजार 767 हैं।

आग की चपेट में आकर देवर और भाभी की मौत

मझोला के रसूलपुर सुनवती की घटना, संदिग्ध हालत में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : मझोला थाना क्षेत्र में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। आग से देवर और भाभी की जलकर मौत हो गई। दोनों ने शनिवार देर रात इलाज के दौरान जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया है। घटना की वजह देवर की शादी में बाधा बनना बताया जा रहा है। मृतका के पति ने भाई पर पत्नी को जलाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम करा परिजनों का सौंप दिए है। पुलिस जांच कर रही है।

थाना मझोला क्षेत्र के रसूलपुर सुनवती निवासी प्रवीण कुमार (28) शनिवार की शाम घर पर था। बताया जाता है कि इस बीच उसकी भाभी सुनीता (40) पहुंची, जहां संदिग्ध हालात में आग लग गई। आग की लपटों में दोनों घिर गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। दोनों को बचाने की कोशिश की, लेकिन आग की लपटों के आगे कोई हिम्मत नहीं जुटा पाया। काफी देर बाद कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, तब तक दोनों गंभीर रूप से झुलस चुके थे। नाजुक हालत में दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। रात में ही एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह और सीओ लाइंस कुलदीप गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर जांच की। महिला के पति नरेंद्र कुमार ने भाई प्रवीण पर पत्नी को थिनर डालकर जलाने का आरोप लगाते हुए मझोला पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने देवर के खिलाफ हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज कर ली। वहीं जिला अस्पताल में भर्ती देवर व भाभी की देर रात हालत बिगड़ गई। दोनों को मेरठ रेफर करने की तैयारी हो रही थी, इसी बीच दोनों ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शवों को परिजनों के हवाले कर दिया।

- भाभी पर देवर की शादी में बाधा बनने का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

> रसूलपुर सुनवाती गांव में आग लगने से देवर-भाभी की जलकर मौत हुई है। जांच में सामने आया कि महिला देवर की शादी में बाधा बन रही थी। इसी वजह से देवर ने भाभी को आग लगाई और वह खुद भी जल गया। जांच की जा रही है।
> -कुमार रणविजय सिंह, एसपी सिटी

प्रवीण के रिश्ते में अड़ंगा लगा देती थी सुनीता

मझोला थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार के अनुसार प्रवीण की शादी के लिए कई बार रिश्ते आए, मगर उसकी भाभी कोई न कोई अड़ंगा लगा देती थी, जिसकी वजह से रिश्ता तय नहीं हो पा रहा था, इससे प्रवीण खुश नहीं था। बताया जा रहा है कि इसी को लेकर प्रवीण ने भाभी को आग के हवाले किया, लेकिन इ वह भी चपेट में आ गया। सीओ सिविल लाइंस कुलदीप गुप्ता ने बताया कि जांच की जा रही है।

शैतान के शव को दफनाया, संभल का था मूल निवासी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पुलिस के मुताबिक शैतान का असली नाम था फिरोज

अमृत विचार : मुठभेड़ में मारे गए डकैत शैतान उर्फ इफ्तेकार की पत्नी रविवार को गांव के एक युवक के साथ बरेली पहुंची और शैतान की पहचान संभल निवासी फिरोज के रूप में की। पुलिस और पत्नी की मौजूदगी में आवामी खिदमत कमेटी ने रविवार सुबह उसके शव को कैंट क्षेत्र के कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया।

9 अक्टूबर की सुबह मुठभेड़ में मारे गए बदमाश इफ्तेकार उर्फ शैतान के तीन दिन से पुलिस 15 नाम और सात पते लेकर घूम रही थी, लेकिन उसका सही पता नहीं मिल सका था। एक लाख के इनामी बदमाश शैतान की पत्नी संभल से बरेली पहुंची और उसकी पहचान की। पुलिस के मुताबिक डकैत का असली नाम फिरोज था और वह मूलरूप से संभल का रहने वाला था।

इफ्तेकार की पत्नी शाहिदा ने पुलिस के सामने कई राज खोले। शाहिदा के मुताबिक फिरोज पुत्र अशाक हुसैन असल में संभल के थाना हजरत गढ़ी के गांव मुकर्रमपुर का रहने वाला था। फिरोज और शाहिदा के चार बच्चे हैं। बड़ी लड़की अजमी की शादी दो साल पहले मुरादाबाद कुंदरकी थाना क्षेत्र के गांव हरियाणा के रहने वाले हसीन से हुई थी। बड़ा बेटा फैजान (18) और दूसरा बेटा अरबाज (17) दोनों इंदौर में रहकर एक कपड़े के कारखाने में काम करते हैं।

छोटी बेटी नजमी 16 साल की है। गांव में शाहिदा सरकारी योजना से बने मकान में अपनी बेटी नजमी के साथ रहती है।

> मुठभेड़ में मारे गए बदमाश की पहचान संभल के फिरोज के रूप में हुई। सात जिलों में उसके परिवार का पता लगाया जा रहा था। रविवार सुबह उसकी पत्नी और गांव का एक युवक आए। जिसके बाद एक संस्था की तरफ से उसे कब्रिस्तान में दफना दिया गया।
> - अनुराग आर्य, एसएसपी

पिता ने की थीं दो शादियां, दूसरी से था शैतान

शाहिदा ने पुलिस को बताया कि फिरोज के पिता अशाक हुसैन ने दो शादियां की थीं। वह अपने पिता की दूसरी पत्नी की संतान था। उसकी मां की भी दो शादियां हुईं थीं। फिरोज अपनी मां के पहले पति की संतान था। शाहिदा से शादी के बाद फिरोज को चार बच्चे हुए लेकिन वह अपने ही गांव की नाबालिग लड़की से प्यार करने लगा और करीब 15 साल पहले लड़की को लेकर फरार हो गया था, तबसे गांव कभी नहीं लौटा। जिस नाबालिग लड़की को लेकर वह भागा था उसके परिवार को भी अपनी बेटी का सुराग आज तक नहीं लगा।

फार्म पर शराब पार्टी के दौरान किसान की गोली मारकर हत्या

अमरोहा, अमृत विचार : थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के गांव रायपुर उकसी के बाहर कृषि फार्म में चल रही शराब पार्टी में मामूली विवाद में अज्ञात हमलावरों ने गांव रायपुर उकसी निवासी अशोक उर्फ भूरा की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या कर आरोपी मौके से फरार हो गए। हत्याकांड से मौके पर अफरातफरी मच गई और इलाके में दहशत फैल गई। सूचना पर एएसपी अखिलेश भदौरिया पुलिस बल मौके पर पहुंचे और मामले की जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के गांव रायपुर के पास की है। यहां गांव के बाहर कांठ बाईपास रोड पर भारत मशीनरी स्टोर के नाम से कृषि फार्म है। यहां रविवार को दिवाली के उपलक्ष्य में पार्टी का आयोजन किया गया था। पार्टी में शराब भी पा जा रही थी। शराब पार्टी के दौरान विवाद के बाद गांव के ही अशोक उर्फ भूरा नामक युवक की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है घटनास्थल पर दो राउंड फायरिंग की गई थी। हत्या कर आरोपी मौके से फरार हो गए। अशोक उर्फ भूरा की मौके पर ही मौत हो गयी। परिजन मौके पर पहुंच गए। घटना की सूचना मिलते ही एएसपी अखिलेश भदौरिया, सीओ सहित पुलिस फोर्स और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक अशोक उर्फ भूरा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि हत्या के कारणों की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी। वारदात के बाद से गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। एएसपी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज आरोपियों की तलाश की जा रही है।

चुनाव आयोग का फैसला पर्दानशीं महिलाओं को वोटिंग से रोकने की कोशिश

कार्यालय संवाददाता, संभल

- समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने चुनाव आयोग के फैसले पर जताई आपत्ति

जियाउर्रहमान बर्क।

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने चुनाव आयोग के हालिया फैसले पर गंभीर आपत्ति जताते हुए कहा है कि आयोग की कार्यप्रणाली उसकी विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर रही है। आरोप लगाया कि कुछ कदम ऐसे हैं जो पर्दानशीं मुस्लिम महिलाओं को मतदान से वंचित करने की दिशा में उठाए जाते दिख रहे हैं।

पत्रकारों से बातचीत में सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने कहा कि आयोग के कुछ हालिया कदम विशेष वर्ग को निशाना बनाने वाले प्रतीत होते हैं। सभी नागरिकों को मतदान का समान अधिकार है। यदि कोई नियम बनता है तो वह सभी के लिए समान रूप से लागू होना चाहिए, किसी खास वर्ग की महिलाओं या पुरुषों पर नहीं। बर्क ने कहा कि चुनाव आयोग मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च करता है। यदि उसके फैसलों से ही लोगों को वोट डालने से रोका जाएगा, तो यह लोकतंत्र के मूल सिद्धांत के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि भारत जैसे देश में जहां बड़ी संख्या में महिलाएं पर्दानशीं हैं, वहां मतदान के दौरान चेकिंग के नाम पर उन्हें प्रताड़ित करना या रोकना अनुचित है। सवाल उठाया कि चुनाव आयोग पूरे वर्ष कार्य करता है, फिर एसआईआर जैसी प्रक्रिया की विशेष आवश्यकता क्यों पड़ी।

सुप्रीम कोर्ट ने आधार कार्ड को इससे जोड़ने का निर्देश देकर राहत दी है, परंतु आयोग का रवैया अभी भी संदेह पैदा करता है। सांसद बर्क ने कहा कि आयोग ने घोषणा की है कि एसआईआर पूरे देश में लागू होगा और यह प्रक्रिया चुनावों के दौरान भी जारी रहेगी। यदि इतनी बड़ी संख्या में पार्टियां इस फैसले के विरोध में हैं, तो निश्चित रूप से मामला गंभीर है। सांसद बर्क ने आरोप लगाया कि एसआईआर की प्रक्रिया का उद्देश्य केवल विपक्षी दलों को कमजोर करना और उनके समर्थकों के वोट काटना है। उन्होंने कहा कि यह कदम लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए खतरा है और यदि इसे नहीं रोका गया तो जनता का भरोसा चुनाव आयोग से उठ जाएगा।

हनीट्रैप: दरोगा से महिला ने हड़पे चार लाख

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कोर्ट के आदेश पर आरोपी महिला के खिलाफ सिविल लाइंस थाने में रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : फेसबुक के जरिए हुई दोस्ती एक दरोगा के लिए मुसीबत बन गई। मेरठ निवासी महिला पर दरोगा ने हनीट्रैप में फंसा चार लाख रुपये की वसूली और ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाया है। पीड़ित दरोगा ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ सिविल लाइंस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र की पुलिस लाइन में तैनात दरोगा अर्जुन सिंह ने बताया कि 2022 में वह चौकी प्रभारी बुध बाजार थाना कोतवाली में तैनात थे। उसी दौरान उनके मोबाइल पर फेसबुक से निशा सैनी नाम की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई। पहले नजरअंदाज कर दिया, बार-बार रिक्वेस्ट आने पर स्वीकार कर ली। बातचीत के दौरान बताया कि वह मेरठ की है और किसी रेलकर्मी से नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी का शिकार हुई है। उसने पीड़ित से पैसे वापस दिलाने में मदद मांगी। पीड़ित के मदद करने पर रेलकर्मी संपर्क में नहीं आया, जिसके बाद उन्होंने फेसबुक आईडी बंद कर दी। 2023 में उनका स्थानांतरण थाना छजलैट हो गया। उसी दौरान महिला ने नए नंबर से फोन कर पारिवारिक विवाद में मदद मांगनी शुरू कर दी। मेरठ में प्लॉट खरीदने के सिलसिले में वह मित्र के साथ गए तो महिला ने उन्हें प्लॉट दिखाने और खरीद में मदद की बात कही। मुलाकातों के दौरान महिला ने बताया कि परिवार साथ नहीं देता और आर्थिक स्थिति कमजोर है। कुछ समय बाद उसने पैसे की मांग शुरू कर दी। पीड़ित दरोगा का कहना है कि जब उन्होंने पैसे देने से इंकार किया तो उसने धमकी दी कि अगर रकम नहीं दी तो वह झूठे आरोप लगाकर नौकरी खत्म करवा देगी। डर के चलते उन्होंने 15 अप्रैल 2024 को 10 हजार व 23 मई 2024 को 15 हजार गूगल पे से महिला के नंबर पर भेजे। इसके बाद उसने अलग-अलग नंबरों से कॉल कर रुपये मांगने शुरू कर दिए। ब्लैकमेलिंग कर आरोपी अब तक चार लाख रुपये वसूल चुकी है। उन्होंने जांच के दौरान पता लगाया कि आरोपी निशा पहले भी कई पुलिसकर्मियों व दरोगाओं को जाल में फंसा चुकी है। उसके खिलाफ दिल्ली और मेरठ के विभिन्न थानों में दुष्कर्म, ब्लैकमेलिंग और आईटी एक्ट के तहत कई मुकदमे दर्ज हैं। पीड़ित ने डीआईजी और एसएसपी मुरादाबाद को शिकायत भेजी। वहां कार्रवाई नहीं होने पर कोर्ट में गुहार लगाई। कोर्ट के आदेश पर सिविल लाइंस थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना सिविल लाइंस प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

घर में चल रहा था सेक्स रैकेट, सात पकड़े

संवाददाता, पाकबड़ा

छापामार कार्रवाई करते सीओ हाईवे राजेश कुमार एवं सुनीता दहिया। ● अमृत विचार

अमृत विचार : नया मुरादाबाद में घर में चल रहे सेक्स रैकेट पर सीओ ने छापा मार दिया। युवक व युवती में हड़कंप मच गया। पुलिस सभी को पकड़कर थाने ले आई और 7 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मकान सील कर दिया है।

शनिवार को नया मुरादाबाद के सेक्टर 7 में स्थित एक घर में सेक्स रैकेट संचालन की सूचना पुलिस को मिली। सीओ हाईवे राजेश कुमार, सीओ सिटी सुनीता दहिया व थाना प्रभारी योगेश कुमार ने छापेमारी कर रैकेट में शामिल 7 लोगों को पकड़ लिया। सातों के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार का मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई कर मकान सील कर दिया। पकड़े गए लोगों में आरिस निवासी ग्राम हसनपुर थाना कोतवाली हसनपुर जिला अमरोहा, सोनू निवासी ग्राम रज्जाकपुर थाना नौगावा सादात अमरोहा, जावेद आलम निवासी ग्राम पायंती खुर्द थाना डिडौली अमरोहा, सबीना मलिक निवासी मिमलाना रोड थाना कोतवाली जिला मुजफ्फरनगर, चंचल निवासी शाहदरा थाना मानसरोवर दिल्ली, सबा घंटाघर थाना कोतवाली जिला बदायूं हाल निवासी सिविल लाइंस थाना रामपुर, नसरीन निवासी निकट महिला सदर अस्पताल जिला बलिया शामिल है।

आरती को लग गई थी भनक

नसरीन ने बताया कि रैकेट में शामिल आरती से उसकी काफी दिनों से जान पहचान है। आरती ने करीब चार माह पूर्व सेक्टर 7 में जसप्रीत उर्फ काकू का मकान किराए पर 20000 रुपये में लिया था। आरती से ही सबीना, चंचल व सबा की जानकारी जस्ट डायल के माध्यम से हुई थी। आरती ही कस्टमर बुलाती थी। वह आज यहां से बाहर गई हुई थी या शायद उसे पुलिस के आने की भनक लग गई थी तो वह यहां से भाग निकली। पुलिस सभी को जेल भेजने की तैयारी कर रही है।

कार्यक्रम

युवा उत्कर्ष साहित्यिक मंच, महाराजा हरिश्चंद्र महाविद्यालय व साहित्यिक मुरादाबाद की ओर से आयोजित

राष्ट्रीय साहित्य समारोह में देश के प्रतिष्ठित साहित्यकार सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

समारोह में लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित साहित्यकार। ● अमृत विचार

अमृत विचार : युवा उत्कर्ष साहित्यिक मंच उत्तर प्रदेश इकाई, महाराजा हरिश्चंद्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय व साहित्यिक मुरादाबाद के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को तृतीय राष्ट्रीय साहित्य समारोह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भवन सभागार में आयोजित किया गया। इसमें देश के 40 ख्यातिप्राप्त साहित्यकारों को सम्मानित किया गया।

साहित्यिक परिसंवाद में कवियों ने अपनी रचनाओं से उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। युवा उत्कर्ष के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह श्रेयस के संयोजन और संचालन में चार सत्रों में आयोजित कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्जवलन व लखनऊ से आए गीतकार मनीष मगन द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना के साथ हुआ। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता युवा उत्कर्ष के अध्यक्ष राम किशोर उपाध्याय ने की। मुख्य अतिथि डॉ. राम बहादुर मिश्र अध्यक्ष, अवधी शोध संस्थान एवं संपादक त्रिभाषा (हिन्दी, अंग्रेजी, अवधी) केंद्रीय हिंदी संस्थान आगरा रहे। अति विशिष्ट अतिथि डॉ राजेश श्रीवास्तव निदेशक रामायण केंद्र भोपाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी तीर्थ स्थान एवं मेला प्राधिकरण मध्य प्रदेश शासन, महेंद्र भीष्म, प्रख्यात साहित्यकार एवं निबंधक सह प्रधान सचिव उच्च न्यायालय खंडपीठ, लखनऊ, वरिष्ठ साहित्यकार एवं दार्शनिक डॉ. जयप्रकाश तिवारी लखनऊ, उत्तर प्रदेश फार्मेसी काउंसिल के अध्यक्ष डॉ. संदीप बडोला ने प्रतिभाग किया।

राजेश कुमार सिंह श्रेयस के शीघ्र प्रकाश्य उपन्यास अचानक डूबता सूरज उग आया तथा मुहम्मद जावेद के संग्रह काव्य कथा दर्पण के आवरण पृष्ठ का विमोचन किया गया। नंदकिशोर वर्मा जलदूत ने आभार व्यक्त किया।डॉ. मनोज रस्तोगी, डॉ सन्दीप बडोला, नंद किशोर वर्मा जलदूत, मोहम्मद जावेद, डॉ काव्य सौरभ जैमिनी, डॉ नरेंद्र कुरेचिया समेत दस साहित्यकारों को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। लखनऊ के मनीष मगन ने संचालन किया।

आयोजन में वीरेंद्र सिंह बृजवासी मुरादाबाद, डॉ. प्रेमवती उपाध्याय मुरादाबाद, योगेंद्र वर्मा व्योम मुरादाबाद, अखिलेश द्विवेदी लखनऊ, अनिल शर्मा अनिल धामपुर बिजनौर, आकाश अथर्व नई दिल्ली, मृदुल कुमार सिंह मृदुल अलीगढ़, आयुष यादव उन्नाव, पीयूष सिंगर अलीगढ़, धवल दीक्षित , विवेक निर्मल, दीपक गोस्वामी चिराग , रामराज भारती ने काव्य पाठ कर श्रोताओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम में चंद्रेश्वर प्रताप सिंह बिलासपुर, छत्तीसगढ़, राकेश शुक्ला (पीसीएस.), डॉ. नरेन्द्र कुरैचया जिला क्षय रोग अधिकारी, शैलेन्द्र कपिल चंडीगढ़, अमर कुमार श्रीवास्तव, अशोक विश्नोई, श्रीकृष्ण शुक्ला, राजीव प्रखर, फक्कड़ मुरादाबादी, राजीव सक्सेना, सीके हर्ष, नकुल त्यागी आदि उपस्थित रहे। महाराजा हरिश्चंद्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ काव्य सौरभ जैमिनी ने आभार व्यक्त किया।

काव्य व विचार अभिव्यक्ति से भरा रहा दूसरा सत्र

द्वितीय सत्र परिसंवाद में महाकवि जयशंकर प्रसाद की त्रिपाठी की प्रपौत्री व जयशंकर प्रसाद ट्रस्ट वाराणसी की अध्यक्ष डॉ कविता कुमारी प्रसाद ने महाकवि जयशंकर प्रसाद और छायावाद , एक युग का प्रवर्तन विषय पर विचार व्यक्त किया। राम स्नेही विश्वकर्मा सजल ने जय शंकर प्रसाद की रचना का सस्वर पाठ किया। अंतर्राष्ट्रीय साहित्य कला मंच के संस्थापक अध्यक्ष डॉ महेश दिवाकर ने गद्य क्षणिकाओं के प्रस्तोता रामदेव धुरंधर पर प्रकाश डाला। साहित्यिक मुरादाबाद के संस्थापक डॉ. मनोज रस्तोगी ने डॉ विश्व अवतार जैमिनी व उनका साहित्य पर, प्रियंका गुप्ता ने डॉ जैमिनी का गीत, शोधादर्श पत्रिका के संपादक अमन कुमार त्यागी ने डॉ मक्खन मुरादाबादी के काव्य में सामाजिक चेतना पर विचार व मयंक शर्मा ने डॉ मक्खन मुरादाबादी का गीत प्रस्तुत किया। अध्यक्षता डॉ जय प्रकाश तिवारी ने की।

चतुर्थ सत्र में चमके उत्कर्ष शोधार्थी

तीसरे सत्र में साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त डॉ. विश्व अवतार जैमिनी युवा उत्कर्ष साहित्य कमल सम्मान से तेरह साहित्यकारों को, मक्खन मुरादाबादी युवा उत्कर्ष साहित्य सम्मान से 19 साहित्यकारों को एवं युवा उत्कर्ष शोधार्थी सम्मान 2025 से दो हिंदी शोधार्थियों दुष्यंत कुमार व शिव शरण द्विवेदी को सम्मानित किया गया। चतुर्थ सत्र काव्यांजलि की अध्यक्षता नंदकिशोर वर्मा जलदूत ने की। मुख्य अतिथि डॉ कृष्ण कुमार नाज़ रहे। विशिष्ट अतिथि ओम प्रकाश शुक्ला नई दिल्ली, हरी प्रकाश अग्रवाल हरि, लखनऊ रहे।

दुकान में लगी आग, अंदर से पकड़ा चोर

मुरादाबाद, अमृत विचार: कटघर थाना क्षेत्र के आदर्श नगर में देर रात एक दुकान में अचानक धुआं उठने से हड़कंप मच गया। अंदर एक युवक चोरी करते पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइंस क्षेत्र के टीडीआई सिटी निवासी मनमीत सिंह की थाना कटघर क्षेत्र के आदर्श नगर स्थित गुरुद्वारे के सामने दुकान है। पुलिस को दी तहरीर में दुकानदार मनपीत ने बताया कि शनिवार तड़के लगभग साढ़े तीन बजे पास में रहने वाले सतनाम सिंह ने सूचना दी कि उनकी दुकान से धुआं निकल रहा है। फायर टीम पहुंची तो अंदर एक युवक छिपा मिला। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अभिषेक निवासी मेहबुल्ला गंज बताया। दुकान के अंदर से कॉपर का जला हुआ तार बरामद हुआ, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी चोरी करने के बाद तार जलाने की कोशिश कर रहा था। आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। इस संबंध में थाना कटघर प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

जीके व विज्ञान के सवाल आसान, रीजनिंग ने उलझाया

दोनों पालियों में 9435 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा, कड़े सुरक्षा इंतजाम के बीच पीसीएस की प्रारंभिक परीक्षा संपन्न

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) द्वारा आयोजित प्रांतीय सिविल सेवा की परीक्षा जनपद में 34 परीक्षा केंद्रों पर 15,183 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी। जिसमें पहली पाली की परीक्षा में 10,450 परीक्षार्थी नहीं पहुंचे। कुल 4733 परीक्षार्थियों ने जी के विज्ञान की परीक्षा में भाग लिया।वहीं दूसरी पाली में होने वाली हिंदी अंग्रेजी रीजनिंग और गणित की परीक्षा में मात्र 4702 परीक्षार्थी में बैठे, जबकि 10481 परीक्षार्थियों ने परीक्षा नहीं दी। परीक्षा देकर लौट रहे परीक्षार्थियों में कुछ के चेहरे लटके कुछ चेहरों पर बेहतर परिणाम साफ दिखाई दे रहे थे। नकल विहीन और सुरक्षा पूर्वक परीक्षा कराने के लिए प्रशासन का सुबह से रवैया सख्त रहा। परीक्षा केंद्रों में नकल रोकने के लिए प्रवेश से पहले प्रत्येक परीक्षार्थी गहन तलाशी ली गई।

रविवार को 34 केंद्रों पर सुबह 8 बजे से परीक्षार्थियों लाइन लगनी शुरू हो गई। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। अधिकारियों ने कड़ी सुरक्षा के सभी इंतजाम पहले से कर रखे थे। परीक्षा केंद्रों के बाहर पुलिस का कड़ा पहरा रहा। केंद्रों पर गहन तलाशी के बाद ही परीक्षा केंद्रों में प्रवेश मिला सका। तीन स्तर की सुरक्षा व्यवस्था में बायोमेट्रिक सत्यापन, रेटिना स्कैन और फिजिकल फ्रिस्किंग शामिल रही,जिसमें महिलाओं से कुंडल-अंगूठी तक उतरवाए गए। परीक्षा देकर लौटे परीक्षार्थियों ने प्रश्न पत्र मॉडरेट बताया। ट्रैफिक पुलिस भी यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए निर्धारित प्वाइंटों पर मुस्तैद रही। सभी कक्षों में सीसीटीवी कैमरे लगे थे। हर केंद्र पर एक सेक्टर मजिस्ट्रेट और एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई। जिले में नोडल अधिकारी नोडल एडीएम सिटी ज्योति सिंह रही हैं। हालांकि तैयारियों और आवेदन के मुताबिक परीक्षार्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे।

आर एन इंटर कॉलेज पर परीक्षा के बाद सामान के लिए लाइन में लगे परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर बाहर आते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

परीक्षा में डेढ़ सौ प्रश्न आए थे जिसमें 129 प्रश्न आसानी से हल कर लिए। पहली पाली में जनरल नॉलेज और विज्ञान से संबंधित प्रश्न पत्र में आसान सवाल थे ,जोकि यूपी और केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही महिलाओं के लिए कल्याणकारी योजनाओं से जुड़े थे। विज्ञान के प्रश्न भी आसान थे। पेपर भारी था न ज्यादा आसान था। – मो . नासिर,परीक्षार्थी।

परीक्षा में पहली बार बैठी हूं। प्रश्न पत्र देखकर अच्छा लगा सवाल देश प्रदेश में मौजूदा हालात से जुड़े थे। विज्ञान के सवालों में थोड़ी सी दिक्कत आई हालांकि विज्ञान के मुकाबले जनरल नॉलेज के सवाल आसान आए वहीं गणित और हिंदी के सवालों ने थोड़ी मुश्किल की लेकिन जिनकाडाउट था वह सवाल नहीं किए। – नेहा कुमारी, परीक्षार्थी

2024 में हुई पीसीएस की परीक्षा के मुकाबले इस बार जीके व विज्ञान के आसान थे। लेकिन दूसरी पाली में रीजनिंग व गणित ने कुछ देर सोचने पर मजबूर किया। जीके में देश में हो रहे डेवलपमेंट को लेकर शिक्षा ,रोजगार, चिकित्सा में अब तक क्या बदलाव है पर आधारित सवाल थे। प्रदेश से जुड़े पांच अहम सवाल भी शामिल थे। – मुनीर आलम, परीक्षार्थी

पीतल नगरी के पावर ट्रांसफार्मर में फॉल्ट, घंटों परेशान रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 13 घंटे गुल रही बिजली, लोगों को पानी की समस्या से भी जूझना पड़ा

अमृत विचार : सुबह करीब 4 बजे पीतल नगरी विद्युत केंद्र के मुख्य पावर ट्रांसफार्मर में अचानक आंतरिक (इंडोर) फॉल्ट से विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। इस गंभीर तकनीकी खराबी के कारण पीतल नगरी के साथ-साथ गुलाब बाड़ी, हनुमान मूर्ति, इंदिरा कॉलोनी और प्रभात मार्केट सहित आसपास के कई इलाकों में बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान रहे। 13 घंटे से अधिक तक बिजली के कटौती में पानी की समस्या से जूझना पड़ा।

रविवार को विद्युत विभाग की टीम दिनभर मरम्मत में जुटी रही। जिसके बाद दोपहर एक बजे के करीब बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी।बिजली न होने की वजह से न सिर्फ रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हुई, बल्कि हजारों उपभोक्ताओं के लिए पानी की समस्या भी गंभीर हो गई। कई इलाकों में पंप न चलने के कारण पानी की सप्लाई बाधित हुई, जिससे पेयजल की भारी किल्लत का सामना करना पड़ा। विशेष रूप से बुजुर्ग और छोटे बच्चे अधिक प्रभावित हुए। पीतल नगरी निवासी महेंद्र कुमार ने बताया कि सुबह 10 बजे बिजली कर्मचारियों को फोन करते रहे लेकिन किसी ने भी फोन नहीं उठाया। लाइनमैन को फोन किया तो पता चला कि रविवार को एसडीओ और जेई फोन नहीं उठाते। इसे लेकर उपभोक्ताओं में नाराजगी देखने को मिली।

उपभोक्ताओं का कहना है कि इस तरह की तकनीकी खराबी और लंबे समय तक बिजली न होने की स्थिति बार-बार दोहराई जाती है। अधीक्षण अभियंता नगरीय ने बताया कि ट्रांसफार्मर के अंदर कुछ पुर्जों में खराबी आ गई थी, जिसके कारण सप्लाई में कटौती हुई है। हालांकि जल्द ही ट्रांसफार्मर को बदलने की व्यवस्था भी की जा रही है।

न्यूज ब्रीफ

पाकबड़ा में उपलब्ध कराएं पेयजल सुविधा

मुरादाबाद, अमृत विचार : कांठ विधानसभा क्षेत्र के सपा विधायक कमाल अख्तर ने पाकबड़ा नगर पंचायत क्षेत्र की आबादी को शुद्ध पेयजल सुविधा न होने पर चिंता जाहिर करते हुए जिलाधिकारी को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र के माध्यम से डीएम को बताया कि नगर पंचायत पाकबड़ा के नागरिक अशुद्ध पेयजल पीने को मजबूर हैं। अधिशासी अधिकारी पाकबड़ा ने बताया है कि सुचारू व शुद्ध पेयजल के लिए टंकी और ट्यूबवेल आदि के लिए तीन जगह पर जमीन उपलब्ध होनी चाहिए। डीएम से संबंधित क्षेत्र के उप जिलाधिकारी व लेखपाल को जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश देने की मांग की है।

कम पहुंचे परीक्षार्थी खड़ी रहीं बसें

मुरादाबाद, अमृत विचार : परीक्षा के लिए रविवार को रोडवेज मुरादाबाद डिपो और पीतल नगरी डिपो पर सुबह अचानक परीक्षार्थियों की भीड़ एक घंटे के लिए बढ़ी। इसके बाद पूरे दिन बसें खाली ही खड़ी रहीं। रोडवेज के कर्मचारियों का कहना है कि इस बार परीक्षा में अभ्यर्थियों की संख्या अपेक्षा से काफी कम रही। जिसके चलते रोडवेज डिपो की तैयारियां व परिवहन सेवाएं पूरी तरह से उपयोग में नहीं आ सकीं।

लोहिया के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प

डॉ . राम मनोहर लोहिया के चित्र पर माल्यार्पण करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- डॉ. राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर सपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर समाजवादी आंदोलन के प्रणेता डॉ. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि श्रद्धा भाव से मनाई गई। इस मौके पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके बताए रास्तों पर चलने का संकल्प भी लिया।

रविवार को आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने कहा कि डॉ. लोहिया ने अपना जीवन किसानों, मजदूरों, गरीबों, पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों के हक की लड़ाई के लिए समर्पित कर दिया।लोहिया का नारा था, जिंदा कौमें पांच साल इंतजार नहीं करतीं। हम उनके सिद्धांतों पर चलकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने के लिए संघर्ष करते रहेंगे। जिला महासचिव फुरकान अली ने कहा कि भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान उन्होंने भूमिगत रहकर अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन चलाया। कार्यक्रम में वेद प्रकाश सैनी, वसीम कुरैशी, संजीव चौधरी, प्रदीप यादव, सुनीता सिंह, गौरव चौहान, सुरेन्द्र शर्मा, योगेन्द्र यादव, बालकिशन शर्मा, तुषार रस्तोगी, वी. के. सैनी, सजीद, कयामुद्दीन सैफी, राजीव विश्नोई, जिगरी मलिक, दानिश अली, राजीव यादव, मुकेश यादव, भूरा मलिक, अवनीश यादव और शेखर यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अहोई अष्टमी आज माताएं करेंगी संतान के मंगल की कामना

मुरादाबाद, अमृत विचार: संतान की दीर्घायु और सौभाग्य के लिए सोमवार को अहोई अष्टमी मनाई जाएगी। माताएं निर्जला व्रत रखकर संतान की दीर्घायु की कामना करेंगी। शाम 5:53 बजे से 7:08 बजे तक अहोई अष्टमी पूजन का विशेष समय रहेगा।

ज्योतिषाचार्य पंडित केदार मुरारी ने बताया कि माताएं ब्रह्म मुहूर्त में उठकर नित्य कर्म से निवृत हो अहोई माता से प्रार्थना करें। निर्जला व्रत करते हुए शाम को तारों की छांव में अहोई माता के नाम से अर्घ्य देकर व्रत पारण करें। हिंदू धर्म में अहोई अष्टमी का विशेष महत्व होता है। पंचांग के अनुसार यह पर्व हर साल कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। वैदिक पंचांग के अनुसार अष्टमी तिथि की शुरुआत 13 अक्टूबर की रात 12:24 बजे से होगी और इसका समापन 14 अक्टूबर की सुबह 11:09 बजे पर होगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस व्रत को करने से संतान की आयु में वृद्धि होती है और जीवन में खुशहाली आती है। बताया कि कई जगह तारों को अर्घ्य देकर तो कुछ जगह चंद्रमा को देख पारण करती हैं।

पुजारी परिषद की कार्यकारिणी गठित

राष्ट्रीय पुजारी परिषद की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- संरक्षक बने डॉ. जगदीश कोठारी और महानगर अध्यक्ष आचार्य कामेश्वर

अमृत विचार : राष्ट्रीय पुजारी परिषद महानगर मुरादाबाद की बैठक लालबाग स्थित प्राचीन काली माता मंदिर मे हुई। जिसमें संगठन के विस्तार और विकास को लेकर चर्चा हुई। परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तौगी ने कहा कि संस्था के विस्तार के लिए कार्यक्रम और कार्यक्रम के लिए संख्या और धन की जरूरत होती है इसलिए कम से कम खर्च कर कार्यक्रम की योजना बननी चाहिए।

उन्होंने महानगर की टीम की घोषणा की। इस दौरान मंदिर के महंत सज्जन गिरी महाराज, आचार्य गणेशानंद, आचार्य डॉ. जगदीश प्रसाद कोठारी को संरक्षक, आचार्य कामेश्वर प्रसाद मिश्रा को महानगर का अध्यक्ष, आचार्य पंडित विनीत शर्मा, पंडित नवल स्वरूप अवस्थी को उपाध्यक्ष, पंडित सतीश खंडूरी को महामंत्री ,पंडित काशीराम तिवारी ,पंडित विनोद शर्मा को मंत्री ,पंडित रमेश चंद्र शर्मा को कोषाध्यक्ष, पंडित तेज नारायण मिश्रा को संगठन मंत्री, पुजारी महेंद्र को हिंदू संस्कार केंद्र संयोजक, पुजारी भारत को प्रचार मंत्री की घोषणा कर संगठन को विस्तार दिया। सभी मंदिरों के पुजारियों से अपील की गई कि वह पुजारी और पुरोहितों के हित में काम कर रही संस्था राष्ट्रीय पुजारी में जोड़ें। बैठक की अध्यक्षता आचार्य कामेश्वर मिश्रा ने की। संचालन काशीराम तिवारी ने किया।

इस मौके पर संत महामंडलेश्वर संजय नंद गिरी, पंडित प्रमोद कुमार पांडेय, पंडित सतीश तिवारी, पंडित हरे कृष्णा दुबे, पंडित राजीव मिश्रा, विजय कुमार दिव्य, पंडित सुभाष शर्मा पंडित शिवकुमार शर्मा, पंडित कृपा शंकर, चतुर्वेदी पंडित मदन लाल भारद्वाज, पंडित कृष्ण मोहन तिवारी आदि रहे। मंदिर प्रबंधन की ओर से सभी पुजारियों का माता की चुनरी उड़कर सम्मानित किया।

प्रदूषण मुक्त दिवाली मनाने का लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

करवा चौथ और दिवाली के उपलक्ष्य में कार्यक्रम में यप स्टार टैलेंटेड परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

- करवा चौथ और दीवाली के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

अमृत विचार : यप स्टार टैलेंटेड परिवार महिला संस्था द्वारा करवा चौथ और दीवाली के उपलक्ष्य में रविवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महिलाओं ने ढोल की थाप पर डांस किया।

कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। उपाध्यक्ष संजना भटनागर ने सभी को करवा चौथ एवं दिवाली की बधाइयां दी। सौंदर्य प्रतियोगिता एवं गायन प्रतियोगिता हुई। करवाचौथ क्वीन एवं सर्वश्रेष्ठ स्वर कोकिला का चयन ज्यूरी पैनल नीति सरीन व वीनू आहूजा ने किया। रैंप वॉक सर्वश्रेष्ठ परिधान क्वेश्चन राउंड के बाद करवाचौथ क्वीन का चुनाव किया गया। म्यूजिकल चेयर अंताक्षरी सरप्राइज़ गेम्स में महिलाओं ने अपनी किस्मत आजमाई। कार्यक्रम का संचालन दिव्या अग्रवाल व अध्यक्षता नेहा मेहरोत्रा ने की। अध्यक्ष नेहा मेहरोत्रा ने सभी सदस्यों से अनुरोध किया कि इस दिवाली उत्सव प्रदूषण मुक्त मनाएंगे और बदलते मौसम में बच्चों का विशेष ध्यान रखेंगे।आयोजन में अपूर्वा, रूपम, प्रीति, प्रियंका, दीप्ति, पूजा गोयल, अंचल, मोनिका, सपना, रूपाली, अनु, साक्षी आदि मौजूद रहीं।

घर-घर जाकर आपके स्वास्थ्य का हाल पूछेंगी आशा कार्यकर्ता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- लक्षण युक्त व्यक्तियों का नाम, पता और मोबाइल नंबर पूछकर ई-कवच पोर्टल पर किया जाएगा अपलोड

अमृत विचार : जनपद में संचारी रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए शनिवार से दस्तक अभियान शुरू हो गया है। आमजन को संचारी रोगों से बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी दी जाएगी। दस्तक अभियान के तहत आशा कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर लोगों का हाल जानेंगी और बचाव की जानकारी देंगी।

सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि 11 से 31 अक्तूबर तक चलने वाले दस्तक अभियान के दौरान फ्रंटलाइन वर्कर्स, जिनमें आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल हैं, घर-घर जाकर दस्तक देंगी। इस अभियान में ग्रामीण क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता और शहरी क्षेत्र की 85 आशा कार्यकर्ता सहयोग करेंगी। साथ ही, आशा कार्यकर्ताओं का 85 आशा संगिनी भी सहयोग करेंगी। लक्षण युक्त व्यक्तियों का नाम, पता और मोबाइल नंबर पूछकर ई-कवच पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा, जिससे इन मरीजों की जांच कर उनका उपचार किया जा सकेगा।

संचारी रोगों से बचाव के उपाय

पानी के बर्तन, इम, टंकी आदि ढककर रखें, सप्ताह में एकबार पानी के बर्तनों को खाली करें, जलभराव वाले स्थान पर कुछ बूंदें मिट्टी का तेल डालें, मच्छरों से बचाव को मच्छर रोधी क्रीम, नीम का तेल, कड़वा तेल शरीर पर लगाएं, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें, ऐसे कपड़े पहनें जो शरीर को पूरा ढकें, बुखार होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या स्वास्थ्य कार्यकर्ता से खून की जांच कराएं।

जन आरोग्य मेले में 2210 मरीजों ने कराया इलाज

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिले के 59 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को जन आरोग्य मेले का आयोजन हुआ। वायरल बुखार, खांसी व पेट में दर्द के साथ ही अन्य बीमारियों के उपचार के लिए मरीज पहुंचे। कुल 2210 मरीजों ने परामर्श लिया और इलाज कराया। सबसे ज्यादा 459 मरीज बुखार और 236 पेट की समस्या के पहुंचे। चिकित्साधिकारियों ने वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से चिकित्सकों और फार्मासिस्टों को स्वास्थ्य केंद्रों पर आने वाले मरीजों की आभा आईडी बनाने के लिए निर्देश दिए।

- चिकित्सकों और फार्मासिस्टों को मरीजों की आभा आईडी बनाने के लिए निर्देश

आरोग्य मेले में 1221 पुरुष, 1210 महिला और 187 बाल मरीजों का स्वास्थ्य केंद्रों पर इलाज कराया। उपचार के लिए 11 मरीजों में मलेरिया के लक्षण पाए गए। वहीं, लक्षण दिखने पर छह लोगों की डेंगू की जांच की गई। बुखार के 459, नेत्र परीक्षण 35, लिवर से संबंधित 45, सांस संबंधी बीमारी के 420, डायबिटीज के 124, टीबी के 17, एनीमिया के 73 और हाइपरटेंशन के 46 और 1036 अन्य बीमारियों के रोगी उपचार के लिए पहुंचे। सबसे ज्यादा मरीज फंगल, चेहरे पर दाने, दाद-खुजली के पहुंचे। चिकित्सकों ने दवा के साथ ही मरीजों को सावधानी बरतने की सलाह दी। इस दौरान सभी पीएचसी और यूपीएचसी पर 66 चिकित्साधिकारी व प्रभारी चिकित्साधिकारी और 269 पैरा मेडिकल स्टाफ तैनात रहा।

श्वेतांबर जैन मंदिर में लक्ष्मी पूजन आयोजित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

श्वेताम्बर जैन मंदिर में श्री लक्ष्मी मां पूजन और हवन करते लोग। ● अमृत विचार

अमृत विचार : दिवाली के अवसर पर श्वेतांबर जैन मंदिर में मां लक्ष्मी का पूजन और हवन का भव्य आयोजन हुआ। यह ऐतिहासिक आयोजन तप चंद्रिका साध्वी श्री कल्पज्ञा श्रीजी महाराज साहेब आदि ठाणा-5 की निश्रा में श्रद्धा और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। लुधियाना से वल्लभ सेना के सदस्य महापूजन और हवन को संपन्न कराने के लिए पधारे। इस दौरान दीपक जैन दुग्गड़, आनंद जैन और सौरभ जैन आदि उपस्थित रहे।

जैन समाज के श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लेकर धार्मिक वातावरण को और भी दिव्यता से भर दिया। महापूजन के मुख्य यजमान धर्मपाल, निर्मला जैन, संजीव, राजीव और संदीप जैन रहे। पूजन के बाद हवन का आयोजन किया गया। इस क्रम में साध्वी श्री महाराज साहेब द्वारा गौतम लब्धि पेटी का भी वितरण किया गया। यह पेटी सवा लाख जाप द्वारा मन्त्रित की गई थी और इसमें लक्ष्मी जी की प्रिय वस्तुएं सम्मिलित थीं। सबसे पहले इसका लाभ यजमान परिवार को दिया गया और फिर अन्य दाको वितरित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के प्रधान राजेंद्र जैन ने की और संचालन महामंत्री राजीव जैन ने किया। महिला वर्ग में सुवर्षा जैन, इंदु जैन, नीरज, सपना, मोना जैन, सोनू, नीति ने भावपूर्ण भजनों के साथ माता लक्ष्मी का गुणगान किया। इस मौके पर उप प्रधान कोमल जैन, देवेंद्र जैन, संजीव जैन, रवि जैन, सुभाष जैन, विशाल जैन, अनुराग जैन शामिल रहे।

समारोह | आंगनबाड़ी, सहायिकाओं, पंचायत सहायकों व रोजगार सेवक किए गए सम्मानित

बच्चों के पहले कदमों की मार्गदर्शक हैं आंगनबाड़ी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित करते कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह व अन्य।

- महिला एवं बाल विभाग विकास और पंचायती राज विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित

अमृत विचार : मूंढापांडे विकास खंड के सभागार में रविवार को महिला एवं बाल विभाग विकास और पंचायती राज विभाग द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं, पंचायत सहायकों और रोजगार सेवकों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह रहे।

उन्होंने ग्रामीण स्तर पर उत्कृष्ट सेवा दे रहे सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं, पंचायत सहायकों और रोजगार सेवकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मिष्ठान, उपहार और देसी घी देकर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां समाज की जड़ तक पहुंच रखने वाली अग्रिम पंक्ति की योद्धा हैं। जिनके प्रयासों से ही मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में वास्तविक सुधार संभव है। आंगनबाड़ी वास्तव में 'हर घर की पहली दुआ' और 'गांव में बच्चों के पहले कदमों की मार्गदर्शक' हैं। बोले पंचायत सहायकों ने डिजिटल गांव की परिकल्पना साकार की है। वह एक छत के नीचे से ग्रामवासियों के अनेकों योजनाओं के नामांकन कर रहे है। जिनके लिए पूर्व में अलग अलग विभागों में चक्कर काटने पड़ते थे। इसी तरह ग्राम रोजगार सेवक ग्राम पंचायत के विकास की प्रथम कड़ी है। मनरेगा के जरिए गांव को खूब चमका रहे हैं। गर्भवती को उपहार स्वरूप पोषण पोटली भेंट करते हुए गोद भराई की रस्म भी की गई। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख डॉ नवदीप यादव, मंडल अध्यक्ष नीरज चंद्रा, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सैनी, सुपरवाइजर शकुंतला देवी, रोजगार सेवक संघ के जिलाध्यक्ष राजपाल प्रजापति, ब्लॉक अध्यक्ष सतीश प्रजापति, मोहित चौहान, मोहन लाल सैनी, नरेंद्र माथुर, चंद्रभान सैनी, मोहम्मद कय्यूम, अशोक प्रजापति, रोहित सिंह, परशुराम सैनी, चिराग अली, नूरी मौलाना, रामकिशोर लोधी सहित सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, पंचायत सहायक एवं रोजगार सेवक उपस्थित रहे।

न्यूज ब्रीफ

सांसद निधि से लगी हाईमास्ट लाइट

कांठ, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत सलेमपुर में सांसद निधि से जामा मस्जिद चौराहे पर हाईमास्ट लाइट लगाई गई। समाजवादी पार्टी के अल्पसंख्यक सभा के जिला उपाध्यक्ष राशिद हुसैन सैफी ने पिछले दिनों क्षेत्रीय सांसद रुचि वीरा को पत्र लिखकर ग्राम सलेमपुर में प्रमुख चौराहों पर हाईमास्ट लाइट लगवाने की मांग की थी। रविवार को राशिद हुसैन सैफी के प्रयासों से जामा मस्जिद चौराहे पर सांसद निधि से हाईमास्ट लाइट लगवाने का कार्य किया गया। हाईमास्ट लाइट लगने के बाद ग्रामीणों ने संसद रुचि वीरा को धन्यवाद कहा। इस अवसर पर ग्रामीण उपस्थित रहे।

आर्य समाज मंदिर में किया यज्ञ

कांठ, अमृत विचार : रविवार को आर्य समाज मंदिर में यज्ञ पुरोहित नेपाल आर्य ने यज्ञ को संपन्न कराया। यज्ञ के पश्चात वेदों का पठन-पाठन किया गया। यज्ञ पुरोहित नेपाल आर्य ने भजन भी सुनाए। आर्य समाज मंदिर में यज्ञ पश्चात आर्य समाज के मंत्री अमित कुमार पप्पन की माता पुष्पा देवी के निधन पर शोकसभा हुई तथा आत्मा की शांति के लिए शांति पाठ किया। इस अवसर पर प्रधान सुरेश चंद्र आर्य, सुशील मणि गुप्ता, डॉ. निर्मल चंद्र गुप्ता, संदीप गुप्ता, पिंकुल गुप्ता, विक्रम सिंह आर्य, विजय कुमार वर्मा, हरि सिंह, भानु प्रताप सिंह, रघुराज सिंह, डॉ. कमल सिंह, अशोक कुमार, राकेश शर्मा, राजीव कुमार शर्मा, वीरेंद्र कुमार, मनोज कुमार, हुकम सिंह, अरविंद चौहान आदि लोग मौजूद रहे।

मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज

छजलैट, अमृत विचार : थाना छजलैट के ग्राम किरतपुरी निवासी संजीव कुमार एवं दूसरे पक्ष की विधवा महिला शरबती पत्नी स्व. बलबीर सिंह में रुपये के लेनदेन और जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। 7 अक्टूबर की रात संजीव, राजीव, सुरेश ने महिला के साथ उसके घर के सामने गाली गलौज शुरू कर दी। जब गाली देने को मना किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। गांव वालों ने उसे बचाया। घायल महिला को लेकर उसके परिजन थाना छजलैट पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

शोरूम का विधायक ने किया उद्घाटन

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : विधायक नवाबजान खान व उत्तराखंड के सपा प्रभारी अब्दुल मतीन सिद्दीकी ने एसडीएम कोर्ट रोड पर रॉयल पीवीसी पैनल शोरूम का सीता काटकर उद्घाटन किया। शोरूम स्वामी सज्जाद अली खान ने बताया कि अब पीवीसी पैनल के लिए काशीपुर या मुरादाबाद जाना नहीं पड़ेगा। इस दौरान फरत खान, अधिवक्ता सफदर अली खा, डॉ. यूसुफ खान, जुबेर सिद्दीकी, शमशाद खान रहे।

कबड्डी की मंडलीय टीम का चयन

बरेली, अमृत विचार : खेल निदेशालय की ओर से प्रदेश स्तरीय समन्वय सब-जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 13 से 15 अक्टूबर तक नोएडा एजुकेशनल अकादमी सलारपुर खादर नोएडा, गौतमबुद्धनगर में आयोजित की जाएगी। इसके लिए स्पोर्ट्स स्टेडियम में रविवार को जिला और मंडल स्तरीय ट्रायल हुए।

सुख-समृद्धि की कामना के साथ कथा सम्पन्न

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के ग्राम गोपीवाला में सात दिनों से चल रही श्रीमद् भागवत कथा का रविवार को विधिवत समापन हो गया। इस अवसर पर चामुंडा शिव मंदिर परिसर में यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन किया, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

समापन दिवस पर पंडित नरेश चंद्र शास्त्री द्वारा वैदिक विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ की शुरुआत कराई गई। श्रद्धालुओं ने 1001 आहुतियों के साथ यज्ञ में सहभागिता कर परिवार की सुख-समृद्धि, क्षेत्र में शांति और खुशहाली की कामना की गई। हवन संपन्न होने पर भक्ति भाव से आरती की गई और प्रसाद वितरित किया। इसके पश्चात भंडारे का आयोजन किया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर अनिल शर्मा, अनुज चौहान, खूब सिंह, अतर सिंह, शोभित शर्मा, धर्मेंद्र चौहान, मोनिका, मीनू देवी रहे।

गेंदबाजी कर रहे खिलाड़ी की हार्ट अटैक से मौत

सीपीआर देने से एक बार आई थी सांस, चिकित्सक ने मृत घोषित किया

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : स्थानीय चीनी मिल के मैदान में यूपी वेटर्न्स क्रिकेट एसोसिएशन के तद्वावधान में क्रिकेट मैच के दौरान एकता विहार मुरादाबाद थाना कटघर निवासी 50 वर्षीय अहमर खान की हार्ट अटैक से मौत हो गई।

मृतक अहमर खान।

उस समय मुरादाबाद और संभल के बीच मैच चल रहा था। 20 ओवरों के मैच में अंतिम ओवर की अंतिम बॉल फेंकते ही मुरादाबाद की टीम जीत गई, इन्होंने हाथ उठाकर खुशी का इशारा किया। उस समय संभल के शाने आलम बल्लेबाजी कर रहे थे। खुशी जताते समय अहमर बेहोश होकर मैदान पर गिर गए। साथी खिलाड़ियों ने उन्हें सीपीआर दिया तो लगा कुछ सांस लौटी कुछ आवाज भी निकली। इसके बाद उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके परिवार में पत्नी शहला खान, दो बच्चे रियान, अहराज, बड़े भाई फिरोज खान, एक बहन है। स्थानीय सपा विधायक मोहम्मद फहीम इरफान मैच में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे हुए थे। उन्हें साथियों ने सीपीआर भी दिया। अहमर खान की पत्नी शहला खान और उनके बच्चों को अहमर खान की मौत की सूचना मिली, तो सभी बेसुध हो गए। सभी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

खिलाड़ी की मौत पर गमजदा साथी। ● अमृत विचार

साथी की मौत फूट-फूट कर रोने लगे खिलाड़ी : 50 वर्षीय अहमर खान की मौत से उनके साथी खिलाड़ी फूट-फूट कर रोने लगे। बताया कि वह पिछले 30 साल से क्रिकेट खेल रहे हैं। अब उनके बिना क्रिकेट कैसे खेला जाएगा। उन्होंने बताया कि अहमर खान मुरादाबाद की निजी आईटी कंपनी में जॉब करते थे।

सड़क, बिजली के लिए सीएम को भेजा ज्ञापन

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : मोहल्ला आंबेडकर वार्ड 1 स्थित सुन्दरम कॉलोनी के निवासियों ने कॉलोनी की जर्जर व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन के माध्यम से लोगों ने सड़क, पानी, बिजली व स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था कराने की मांग की है।

मोहल्ला आंबेडकर वार्ड 1 सुन्दरम कालोनी के निवासियों ने बताया कि सुन्दरम कॉलोनी नगर पालिका क्षेत्र से सटी हुई है और यहां पर घनी आबादी निवास कर रही है, कॉलोनी के लिए पक्का मार्ग नहीं है। लोगों ने बताया कि नगर पालिका परिषद हाउस टैक्स वसूलती है और ग्राम फरीदनगर व ब्लॉक ठाकुरद्वारा से एनओसी भी प्राप्त कर चुकी है, बावजूद इसके सड़क व लाइटों का कार्य नहीं कराया है। निवासियों ने आरोप लगाया कि बिलाल मस्जिद क्षेत्र, जो फरीदनगर में आता है, वहां 40 फीट चौड़ी सड़क व पालिका की स्ट्रीट लाइटें लगा दी गई हैं, सुन्दरम कॉलोनी को उपेक्षित कर दिया है। इस दौरान प्रदीप पाल, नितिन नायक, धीप सिंह, रामपाल, संजय कुमार, मुनेश कुमार, रामबहादुर, बाबू जाटव, राजवाली रहे।

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का किया सम्मान

आंगनबाड़ी कार्यकत्री को प्रमाणपत्र देते विधायक रामवीर सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, कुंदरकी

अमृत विचार : रविवार को ब्लॉक सभागार कुंदरकी में महिला एवं बाल विभाग विकास द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं का सम्मान कार्यक्रम किया गया। जिसमें कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह मुख्य अतिथि रहे। कुंदरकी विधायक ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही उनको मिष्ठान, उपहार और देसी घी देते हुए दिवाली की शुभकामनाएं दीं।

विधायक रामवीर सिंह ने कार्यकत्रियों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र गांव के विकास की पहली पाठशाला हैं। एक सशक्त कार्यकत्री स्वस्थ, शिक्षित और सक्षम समाज की नींव रखती है। प्रदेश सरकार बच्चों और माताओं के स्वास्थ्य एवं पोषण सुधार के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की तमाम योजनाओं का प्रभाव तभी दिखेगा, जब इन्हें गांव-गांव तक पहुंचाने का जिम्मा निभाने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां निष्ठा से कार्य करेंगी। विधायक ने विभाग में संचालित अन्य योजनाओं जैसे पोषाहार वितरण, हाट कुक मील, आंगनबाड़ी केंद्र पर आने वाले 3-6 वर्ष के बच्चों की शिक्षा पर चर्चा की।

● गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म कराई गई

कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं को चुनरी ओढ़ाकर और टीका लगाकर गोद भराई की रस्म भी की।

गर्भवती महिलाओं को उपहार स्वरूप पोषण पोटली भी वितरित की गई। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गुलाम जिलानी, मेंहदी हसन, संजय कश्यप, बबलू जाटव, शमीम चौधरी, रविता चौधरी, विनीता गंगवार, निशा चौधरी, अतुल, नूरी मौलाना, इरशाद, अरविंद ठाकुर, पप्पू राजपूत, संजय दिवाकर, नरेश सैनी, मजलूम पाशा सहित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियाँ उपस्थित रहीं।

हनी ट्रैप और लूट के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : कोतवाली थाना क्षेत्र में दो युवकों को कुछ लोगों ने डेटिंग एप के जरिए हनी ट्रैप में फंसाकर लूट और मारपीट की। आरोपियों ने दोनों युवकों से हजारों रुपये और मोबाइल फोन छीने और रुपये न देने पर लात-घूंसों से पीटा। मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

ग्राम बोवदवाला निवासी रघुवीर सिंह पुत्र चरनदास सिंह व जनपद बिजनौर के थाना स्योहारा के आदिल ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि आरोपियों ने उन्हें डेटिंग एप के माध्यम से हनी ट्रैप में फंसाया। उत्तराखंड के उधमसिंह नगर जिले के जसपुर क्षेत्र और थाना क्षेत्र के फैजुल्लागंज गांव के चार युवकों ने फर्जी अकाउंट बनाकर युवतियों की तस्वीरें भेजीं। आरोपियों ने उन्हें रमनावाला रोड स्थित मकान में बुलाया। जैसे ही पीड़ित मकान पर पहुंचे, आरोपियों ने उनकी जमकर पिटाई की और हजारों रुपये व मोबाइल फोन लूट लिए।

मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने आरोपियों की घेराबंदी कर चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जिसमें जनपद बिजनौर के थाना नूरपुर के गांव गोपालपुर निवासी राघव पुत्र मोनू कुमार, हाल निवासी फैजुल्लागंज ठाकुरद्वारा। उत्तराखंड के थाना जसपुर के गांव कासमपुर निवासी प्रीत उर्फ प्रिन्स पुत्र जितेन्द्र व कपिल पुत्र महिपाल व थाना ठाकुरद्वारा के गांव फैजुल्लागंज निवासी मनीष कुमार उर्फ महेश पुत्र कुंवर पाल सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में आरोपियों के कब्जे से मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल भी बरामद की। कोतवाली पुलिस के अनुसार आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

मैं आ गया जहां तक तू ही वहां नहीं है...

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : शनिवार देर शाम कवि सम्मेलन और मुशायरा का आयोजन रहबर फाउंडेशन के बैनर तले एमएमवाई पब्लिक स्कूल में हुआ। जिसमें प्रसिद्ध शायर और कवियों ने अपना कलाम सुनाया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त और विशिष्ट अतिथि कमाल अख्तर विधायक कांठ पूर्व कैबिनेट मंत्री रहे। कार्यक्रम का आयोजन कांठ के मशहूर शायर हनीफ रहबर कांठवी की स्मृति में किया गया। कार्यक्रम के आयोजक मास्टर अकरम अली, मास्टर उस्मान रही, मास्टर रिजवान, मास्टर सुल्तान आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंचासीन अध्यक्ष इकबाल आलम अंसारी, समाज सेवी मुकेश माहेश्वरी, कुंवर सुरेन्द्र बिश्नोई, जितेंद्र बिश्नोई, आरिफ मलिक, रिजवान शकील, नईम अंसारी, डॉ. दानिश, राजन विश्नोई, डॉ. कपिल सरोही, दुष्यंत यादव आदि रहे। कार्यक्रम की सदारत मास्टर जावेदुज्जमा खान साहब एवं संचालन मास्टर रिजवान मास्टर, अकरम अली और मशहूर शायर सुल्तान अजहर मुरादाबादी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर अनेक शायरों ने कलाम पेश किए। उस्मान अली ने अपनी पंक्तियों में बताया कि

मैं आ गया जहां तक तू ही वहां नहीं है, मैं किस कदर हूं तेरा तुझको गुमां नहीं है, फीरोज खान मुरादाबादी ने देशभक्ति के संबंध में इस प्रकार कहा कि "अलामत है तबाही की मिया मगरूर हो जाना बुराई और तकबुर के नशे मे चूर हो जाना सैयद अरशद अली ने कहा कि न सोने से न चांदी से न धन से प्यार करता हूं। मैं अपनी जान से बढ़कर वतन से प्यार करता हूं। रिफत मुरादाबादी ने कहा कि तुम भी थे जहां भर में सताए हुए, सब को अपना के कोई दुनिया में हमारा भी नहीं था नाजिम रजा मुरादाबादी ने पेश किये।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

अवैध शराब की बिक्री में चार आरोपियों को भेजा जेल

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : थाना कांठ पुलिस ने अवैध शराब की फैक्ट्री चलाकर शराब की बिक्री करने के मामले में गैंगस्टर एक्ट के चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया है।

थाना कांठ क्षेत्र में कांवड़ पथ पर पिछले वर्ष अवैध शराब की फैक्ट्री और बड़े पैमाने पर रैपर, बोतल अल्कोहल बनी हुई शराब और पैकिंग का सभी सामान एक खंडहर से पकड़ा था। जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने थाना पुलिस को अवैध शराब का कारोबार करने वाले सभी माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। पुलिस ने इस संबंध में 10 लोगों को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेजा था जिनमें से अधिकतर अभियुक्त जमानत पर छूट कर आ गए थे। 10 अक्टूबर को थाना कांठ के प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह ने सभी 10 अभियुक्तों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत थाना कांठ पर कराया था। थाना पुलिस ने रात को छापा मारकर गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त अनुराग पुत्र सुभाष, सुभाष पुत्र गंगा प्रसाद निवासी ग्राम खूंट खेड़ा, ओमवीर सिंह पुत्र तेजपाल सिंह निवासी ग्राम मजरा मिश्रीपुर थाना कांठ, आलोक पुत्र विजेंद्र सिंह ग्राम मेवला थाना स्योहारा जनपद बिजनौर को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया है और अन्य फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार करने के लिए उनके ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेशपाल सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक कुलदीप कुमार, गौरव कुमार, पनिश कुमार आदि अन्य पुलिस कर्मियों की टीम को लेकर गैंगस्टर के अभियुक्त को पकड़ने के लिए छापेमारी की है।

312 परीक्षार्थियों ने दी पीसीएस परीक्षा

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : पीसीएस प्री परीक्षा में 768 में से 312 परीक्षार्थी तहसील कांठ क्षेत्र के दो परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देने पहुंचे और 456 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

पीसीएस प्री परीक्षा रविवार को सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक और 2:30 बजे से 4:30 बजे तक परीक्षा केंद्र पब्लिक इंटर कॉलेज ऊमरी कलां एवं डीएसएम इंटर कॉलेज में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। जिसमें पब्लिक इंटर कॉलेज ऊमरी कलां परीक्षा केंद्र पर 384 में से 155 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे, 229 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। डीएसएम इंटर कॉलेज कांठ में 384 में से 157 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और 227 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कुल मिलाकर दोनों परीक्षा केंद्रों में 768 परीक्षार्थियों में से 312 परीक्षार्थियों ने पीसीएस प्री की परीक्षा दी और 456 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पब्लिक इंटर कॉलेज ऊमरी कलां में सेक्टर मजिस्ट्रेट जिला भूमि संरक्षण अधिकारी योगेंद्र सिंह एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट राजीव कुमार अवर अभियंता लोक निर्माण विभाग, प्रधानाचार्य रियासत अली एवं डी एसएम इंटर कॉलेज कांठ में सैक्टर मजिस्ट्रेट एसडीएम संत दास पवार, स्टेटिक मजिस्ट्रेट रवि कुमार शर्मा, आभार अभियंता लोक निर्माण विभाग डॉक्टर केडी अवस्थी, प्रधानाचार्य रईस अहमद शाह केंद्र व्यवस्थापक की देखरेख में पीसीएस प्री की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराई गई। इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेशपाल सिंह, पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यान रखे हुए थे। एसडीएम ने अपनी देखरेख में डीएसएम इंटर कॉलेज में उत्तर पुस्तिकाएं सील कराईं।

उत्तर पुस्तिकाएं सील कराते हुए एसडीएम। ● अमृत विचार

पानी की टंकी से बैटरी और इन्वर्टर की चोरी

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के भरतावाला निवासी उपदेश पुत्र रामचरण पानी की टंकी पर सुरक्षा गार्ड है। उसने पुलिस को बताया कि 10 अक्तूबर को रात्रि 10 बजे वे ड्यूटी पर था। उसी समय टंकी के पास आवाज सुनाई दी। देखा तो दो व्यक्ति बाइक यूपी21 डीएम 2495 से बैटरी और इन्वर्टर चोरी कर ले जा रहे थे।

गार्ड उपदेश ने शोर मचाया और चोरों को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वे सामान समेत फरार हो गए। 11 अक्तूबर को गार्ड उपदेश, इंजीनियर धर्मेश के साथ थाना ठाकुरद्वारा पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे। उन्होंने चोरों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को पकड़ा। आरोपी ने नाम नगर निवासी वार्ड 16 फैजान पुत्र मोहम्मद हनीफ दूसरे ने वसीम पुत्र शकील वार्ड 22 नई बस्ती बताया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

बालिकाओं को अधिकारों के प्रति किया जागरूक

कांठ, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय द्वितीय में मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर द्वितीय में प्रियंका चौधरी सहायक अध्यापिका ने बताया कि मिशन शक्ति भारत सरकार द्वारा शुरू की व्यापक पहल है। जिसका उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षा और सशक्तिकरण को मजबूत करना है। यह योजना महिलाओं के समग्र विकास के लिए एक मिशन है और इसके दो मुख्य उप-कार्यक्षेत्र हैं संबल और सामर्थ्य। इस अवसर पर छात्राओं को जागरूक किया। साथ ही छात्रा हमरा, हिफ्जा ने महिला सशक्तिकरण पर विचार प्रस्तुत किये।

सिटी डायरी

टेम्पो चालक ने बाइक में मारी टक्कर, भाई-बहन घायल

छजलैट, अमृत विचार : बिजनौर के अंतर्गत थाना शेरकोट क्षेत्र के ग्राम मुबारकपुर निवासी सानिया एवं सनल सैफी दोनों बहन भाई टीएमयू मुरादाबाद में मैनेजमेंट का कोर्स कर रहे हैं। जो रविवार अपराह्न 3 बजे अपने घर से कॉलेज की छुट्टियों के बाद छजलैट मुरादाबाद हाईवे से बाइक से कॉलेज लौट रहे थे। जैसे ही वह कैंच की पुलिया के चौराहे पर पहुंचे, मुरादाबाद से सवारी भरकर आ रहे ऑटो चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। बाइक पर सवार बहन भाई सड़क पर गिरकर घायल हो गए। सूचना मिलने पर पीआरवी पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। घायलों का उपचार नजदीक के निजी अस्पताल में कराया गया है। पुलिस ने ऑटो चालक को घटनास्थल से पकड़ लिया है।

सुभासपा में मुजस्सिम बने ब्लॉक अध्यक्ष

मूंढापांडे, अमृत विचार : सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष रवि चौधरी जन चौपाल के कार्यक्रम में मूंढापांडे के दौलतपुर गांव पहुंचे। जिलाध्यक्ष रवि चौधरी ने पूर्व सरकार के विधायकों पर आरोप लगाया। कहा कि विधायकों ने क्षेत्र में कोई कार्य नहीं कराया। हमें लोगों ने जानकारी दी है। उनकी समस्याओं के निस्तारण के लिए भाजपा विधायक रामवीर सिंह को अवगत कराया जाएगा। यदि उनके द्वारा भी समस्या का निस्तारण नहीं होता है तो सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी स्वयं निस्तारण कराएगी। ग्रामीणों की पंचायतराज से संबंधित समस्या है और यह विभाग भी हमारे पास है। इतना ही नहीं उन्होंने समाजवादी पार्टी पर परिवादवाद का आरोप भी लगाया। समाजवादी पार्टी यादव को छोड़कर मुस्लिम नेता को मुख्यमंत्री बनाने की घोषणा करे तो सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी अपना समर्थन देने को तैयार है। कार्यक्रम में मुजस्सिम को मूंढापांडे ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस दौरान मोहम्मद युनुस, ऋतिक ठाकुर, आरिफ अनेक लोग मौजूद रहे।

सांसद रुचि वीरा ने जताया शोक

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : सांसद रुचि वीरा ने मोहम्मद तकी के आवास पर पहुंचकर उनके परिजनों से शोक संवेदना व्यक्त की। बाद में सांसद रुचि वीरा ने बाजार में व्यापारियों का आभार व्यक्त किया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजीव सिंघल के प्रतिष्ठान पर उनका स्वागत किया गया। रविवार को सांसद रूचि वीरा समाजवादी पार्टी के नेता वीरेंद्र सिंह यादव के आवास पर पहुंची। वहां उन्होंने कहा कि 2027 में प्रदेश में गठबंधन की सरकार होगी। भाजपा के शासन में कोई भी व्यक्ति सुरक्षित नहीं है। बदले की भावना से कार्य किया जा रहे हैं। इस दौरान डॉ मेहमूद सैफी, ख़ुसनूद, कांग्रेस जिला महासचिव संजीव सिंघल, जिला सचिव एवं पूर्व नगर अध्यक्ष सादिक सिद्दीकी, इकरार उर्फ भोला, डॉ. हनीफ, जरीफ मलिक, वीरेंद्र सिंह यादव, सभासद इस्लाम रहे।

डायबिटिक मरीजों को बढ़ रही है दर्द की बीमारी : डॉ. अशोक

कांठ, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के ग्राम मिलक खेमपुर में भारत विकास परिषद द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा कैंप का आयोजन किया। डॉ. अशोक चौहा ने नि:शुल्क चिकित्सा कैंप में हड्डियों एवं नसों के दर्द से संबंधित बीमारी से जूझ रहे मरीजों की जांच की और दवाओं का वितरण भी किया। चिकित्सा कैंप का लोगों ने लाभ उठाया। पूर्व ग्राम प्रधान रामनाथ सिंह चौहान एवं राजपाल सिंह बिश्नोई एवं सुशील बिश्नोई दीवान ने सहयोग किया। इस दौरान सुशील बिश्नोई, राजपाल सिंह, रामनाथ सिंह, अंकुल कुमार, सत्यम बिश्नोई, रजत बिश्नोई, राकेश कुमार, सौरभ कुमार, रोहतास सिंह, विशेष कुमार, विपिन बिश्नोई आदि सदस्य उपस्थित रहे।

क्रेजी किया रे पर झूमे आईआईटियंस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार : आईआईटी कानपुर के युवा सांस्कृतिक महोत्सव अंतराग्नि में रविवार को बॉलीवुड सिंगर सुनिधि चौहान ने सुर-संगीत का जलवा बिखेरा। बॉलीवुड के अपने फेमस गानों के जरिये युवाओं को झुमाया। अंतराग्नि में सुबह से शुरू हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में देशभर से आई टीमों ने प्रदर्शन किया। अंतिम दिन युवाओं ने प्रतियोगिता अपने नाम कर प्रतिभा का लोहा मनवाया। अमृत विचार इस उत्सव का मीडिया पार्टनर है।

मंच पर सुनिधि चौहान के आते ही आईआईटियंस ने उनका उत्साह के साथ स्वागत किया। उन्होंने एक के बाद एक हिट गीतों को सुना बॉलीवुड सिंगर ने युवाओं के बीच अपनी छाप बनाई। उनके लोकप्रिय गीत 'शीला की जवानी' जैसे ही मंच से गाया तो उत्साह के साथ श्रोताओं ने दर्शक दीर्घा से ही गुनगुनाना शुरू कर दिया। इसी तरह 'देसी गर्ल', 'कमली-कमली' जैसे गीतों के जरिये माहौल भव्य हो गया। इसके बाद सुपरहिट गीत 'धूम मचाले', व 'क्रेजी किया रे,' पर युवा उत्साह में झूम उठे।

आईआईटी के वार्षिक उत्सव अंतराग्नि में गानें सुनातीं सुनिधि चौहान।

नुक्कड़ नाटक और 'मंडला आर्ट' : अंतराग्नि में सुबह की शुरुआत नुक्कड़ नाटक फाइनल्स से हुई। जहां प्रतिभागियों ने सामाजिक मुद्दों पर प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। उनकी दमदार आवाज और भावनाओं ने दर्शकों को प्रभावित किया।

'अंतराग्नि आइडल' फाइनल ने संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतिभागियों ने शास्त्रीय से लेकर आधुनिक गीतों तक गायकी से तालियां बटोरीं। 'बैटल ऑफ आर्ट' में कलाकारों ने जादू बिखेर दिया। 'मंडला आर्ट' में प्रतिभागियों ने सुंदर आकृतियों से सौंदर्य की मिसाल पेश की। बौद्धिक माहौल में 'मेला क्विज' और 'दृष्टिकोण' के सत्र हुए, जहां ज्ञान, इतिहास और विचारों की गहराइयों में प्रतिभागियों ने अपनी समझ दिखाई।

न्यूज ब्रीफ

दो दिन कुछ घंटों के लिए गुल रहेगी बिजली

रामपुर,अमृत विचार : अधिशासी अभियंता पीके शर्मा ने बताया कि अनुरक्षण माह और आगामी त्योहार के दृष्टिगत लाइन मरम्मत व शाखों के तराशी का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। सोमवार और मंगलवार प्रात: 9 बजे से लेकर 1 बजे तक 33 केवी विद्युत उपकेंद्र अजीतपुर प्रथम से पोषित 11 केवी अजीतपुर फीडर एक और दो बंद रहेगा। विष्णु, साईं विहार, ज्वालानगर, रफत कॉलोनी, मायादेवी धर्मशाला, बजरंग बिहार, राम विहार, लक्ष्मी नगर, विकास नगर, आगापुर, मंसूरपुर, राजा टेक्सटाइल , अजीतपुर ,सैनी बस्ती, इंद्रप्रस्थ कॉलोनी प्रभावित होंगी।

पेड़ काटने के मामले में वन दरोगा ने दी तहरीर

मसवासी, अमृत विचार : चौकी क्षेत्र के रहमतगंज में वन विभाग को सूचना दी कि एक किसान अपने खेत में आम के चार पेड़ों को काट चुका है। वन दरोगा कुलवीर सिंह पहुंचे, तो आरोपी भाग गए। दरोगा ने काटी गई लकड़ी कब्जे में लेकर कार्यालय सलारपुर में दाखिल कर दी है। वन दरोगा ने नामजद तहरीर पुलिस चौकी को सौंपी है। अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है।

पहली पाली में 1938 दूसरी में 1940 ने छोड़ी परीक्षा

पीसीएस परीक्षा में पंजीकृत थे 2353, छह केंद्रों पर मात्र 17.55 प्रतिशत ही हुए शामिल, सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिले में रविवार को छह केंद्रों पर हुई प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारम्भिक परीक्षा की पहली पाली से 1938 जबकि, दूसरी पाली से 1940 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जबकि परीक्षा के लिए 2353 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, ऐसे में पहली पाली में 415 और दूसरी पाली में 413 ने परीक्षा दी। पहली पाली में परीक्षा देने वालों को ही दूसरी पाली में शामिल होना था। ऐसे में 17.55 प्रतिशत अभ्यर्थी ही परीक्षा में शामिल हुए।

सुबह 8 बजे से परीक्षार्थी परीक्षा केंद्रों पर पहुंच गए। परीक्षा केंद्रों पर 9 बजे तलाशी के पश्चात परीक्षार्थी परीक्षा कक्षों में पहुंचे। परीक्षा के दौरान जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह और पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने परीक्षा कक्षों में पहुंचकर जायजा लिया। नकल विहीन परीक्षा के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि पहली पाली की परीक्षा सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक हुई। जिसमें 2353 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 415 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 1938 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 384 के सापेक्ष 70, डीएवी इंटर कालेज बिलासपुर में 384 के सापेक्ष 65, राजकीय इंटर कॉलेज शाहबाद में 384 के सापेक्ष 69, श्री गुरु नानक इंटर कॉलेज बिलासपुर में 480 के सापेक्ष 68 राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कालेज में 384 के सापेक्ष 62 और राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में 337 के सापेक्ष 81 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए।

कुल 2353 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया था जिसमें 415 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए और 1938 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली अपराह्न 2:30 से 4:30 बजे तक हुई। जिसमें 2353 के सापेक्ष 413 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और 1940 अनुपस्थित रहे। नकलविहीन परीक्षा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में कराई गई। परीक्षा के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने श्री गुरु नानक इंटर कॉलेज बिलासपुर समेत कई परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया। परीक्षा केंद्रों पर सुबह 8 बजे परीक्षार्थी पहुंचना शुरू हो गए थे और 9 बजे उन्हें प्रवेश दिया गया।

बिलासपुर के एक परीक्षा केंद्र में जायजा लेते डीएम और एसपी। ● अमृत विचार

रात में ही पहुंच गए थे बिहार व गोरखपुर के परीक्षार्थी

परीक्षा में शामिल होने के लिए परीक्षार्थी शनिवार की रात में ही रामपुर पहुंच गए थे। गोरखपुर से आए नितिन ने बताया कि वह और उसका दोस्त प्रमोद शनिवार रात में रामपुर पहुंच गए थे। मां ने खाना बनाकर दिया था। रात में उन्होंने उसे खा लिया और कुछ देर को रेलवे स्टेशन पर झपकी लेने के बाद सुबह चाय पीकर राजकीय रजा डिग्री कॉलेज पहुंच गए। बताया कि बिहार और दूर-दराज से आने वाले परीक्षार्थी रात की ट्रेनों से ही रामपुर पहुंच गए थे।

इतिहास ने उलझाया, कूटरचित सवालों के जवाब देने में छूटे पसीने

पीसीएस की परीक्षा में सिंधु घाटी की सभ्यता से संबंधित और ज्ञानपीठ पुरस्कार और तुर्की मुगल दरबार की राजभाषा से संबंधित सवाल परीक्षार्थियों से पूछे गए। इसके अलावा भारत में पंचायती राज संस्थाओं के संदर्भ में सवाल पूछे गए इतिहास के सवालों ने परीक्षार्थियों को उलझा दिया। परीक्षार्थियों ने कहा कि इतिहास के विद्यार्थियों के लिए पेपर बहुत अच्छा था। पेपर में गणित और सामान्य ज्ञान के अलावा कूटरचित सवालों के जवाब देने में परीक्षार्थियों के पसीने छूट गए। पेपर देकर आए परीक्षार्थियों ने बताया कि पेपर अच्छा था और उन्हें पास होने की पूरी उम्मीद है।

> राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा सभी 6 केंद्रों पर शांतिपूर्वक निपट गई। ट्रेजरी से सुबह की पाली के लिए पेपर भेजकर उन्हें जमा कराया गया। इसके बाद शाम की पाली के लिए पेपर भेजे गए और शाम तक ट्रेजरी में जमा कराए गए।
> – अंजलि अग्रवाल, जिला विद्यालय निरीक्षक

पेपर अच्छा आया है और इसी तर्ज पर तैयारी भी की थी। काफी कुछ सवाल हल किए है इसलिए पास होने की उम्मीद है।
– विकास कुमार, पटना

ओवरऑल अच्छा हुआ। सफलता के लिए पिछले छह माह से तैयारी में जुटे थे। जो तैयारी की थी उसी अनुरूप पेपर आया है।
– शिल्पी गोरखपुर

पेपर में हर तरह के सवाल थे लेकिन, इतिहास के सवाल सीधे नहीं पूछकर उनके जवाब को टुकड़ों में पूछा गया था।
– अुनष्का, मुरादाबाद

पेपर अच्छा हुआ है पिछले करीब 1 वर्ष से परीक्षा की तैयारी में जुटे थे। इतिहास व सामान्य ज्ञान के प्रश्न अधिक थे।
– प्रिया, बिहार

मांगने से नहीं छीने जाते हैं अधिकार

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

अमृत विचार: रविवार को सराए गेट स्थित बाबा रामस्वरूप तुरैहा की समाधि स्थित संतोषी माता मंदिर पर तुरैहा मछुआ समाज की बैठक हुई। जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कहा कि अधिकार मांगने से नहीं छीनने से मिलते हैं। समाज से शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील की।

जिलाध्यक्ष ने जिला कमेटी का विस्तार करते हुए बिलासपुर के अध्यक्ष बालकिशन तुरैहा,लक्ष्मण प्रसाद तुरैहा मिलक, सीपी सिंह सरकल टांडा, संजय कुमार स्वार, कन्हैया राम तुरैहा शाहबाद, अर्जुन कुमार को नियुक्त किया। जिला पदाधिकारी में विनोद कुमार सभासद उपाध्यक्ष, राजेश कुमार उपाध्यक्ष, मास्टर अर्जुन कुमार उपाध्यक्ष, मुरारी लाल तुरैहा जिला कोषाध्यक्ष, अरविंद कुमार राज मीडिया प्रभारी, एडवोकेट राम सिंह तुरैहा वरिष्ठ महामंत्री, गोविंद राम तुरैहा महामंत्री, धर्म सिंह सचिव, पूर्व जिलाध्यक्ष अगन लाल तुरैहा, कृपाल सिंह तुरैहा, सुभाष चंद्र तुरैहा, आदि जिला संरक्षक नियुक्त किया। कहा कि शीघ्र ही महिला व युवा प्रकोष्ठ का गठन भी किया जाएगा। न्याय पंचायत स्तर पर संगठन खड़ा किया जा रहा है। लोगों से अंधविश्वास व कुरीतियों को छोड़ने, मृत्यु भोज बंद करने व शादियों में दहेज न लेने की अपील की। इस मौके पर राम सिंह तुरैहा, राजेश, अर्जुन कुमार, कमल कुमार, अशोक कुमार, पंडित रामगोपाल, धर्म सिंह, मेवीराम तुरैहा, रामप्रसाद, पीतम सिंह, ओम प्रकाश, दिनेश कुमार, उमेश कुमार, अनिल कुमार, रामकिशोर, राधेश्याम, रवि कुमार तुरैहा , राहुल आदि मौजूद रहे।

बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा। ● अमृत विचार

● सराए गेट स्थित बाबा रामस्वरूप की समाधि पर हुई बैठक

हॉकी एस्ट्रोटर्फ कॉम्प्लेक्स में आज भिड़ेंगी टीमें

रामपुर, अमृत विचार : पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में सोमवार को हॉकी एस्ट्रोटर्फ स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स सींगनखेड़ा में जूनियर हॉकी टीमें भिड़ेंगी। जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिता में जिले की टीमें निशुल्क प्रतिभाग कर सकती हैं। सींगनखेड़ा स्थित हॉकी एस्ट्रोटर्फ स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में स्मार्ट इंडिया, आइडेंटिटी स्कूल, सनवे स्कूल, राजकीय बॉकर इंटर कॉलेज, स्पोर्ट्स हॉस्टल, ग्रीनवुड सीनियर सेकेंडरी, चैंपियन क्लब, ग्लोबल स्कूल, शिव हरि इंटर कॉलेज की टीमों के बीच मुकाबले खेले जाएंगे। जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि मैच सोमवार सुबह 9 बजे से हॉकी मैच के मुकाबले शुरू होंगे।

घर में घुसा तेज रफ्तार कंटेनर, शौचालय की दीवार गिरी, दबकर वृद्धा की जान गई

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

अमृत विचार : शनिवार रात को हाईवे पर तेजी से आ रहा कंटेनर अनियंत्रित होकर एक घर में घुस गया। शौच को गई वृद्धा के ऊपर शौचालय की दीवार भर-भराकर गिर गई। जिसमें दबकर वृद्धा की मौत हो गई।

मृतका कैकई।

मिलक थाना क्षेत्र के रौरा कला निवासी हरिशचंद्र गंगवार मां कैकेयी(65) के साथ रहते हैं। रोजाना की तरह शनिवार को सभी लोग घर में ही थे। रात करीब 8 बजे बरेली दिशा से तेज रफ्तार से मुरादाबाद की तरफ जा रहा कंटेनर हाइवे किनारे लगे पेड़ों को उखाड़ते हुए अनियंत्रित होकर दो मंजिला मकान में जा घुसा। हादसे से मकान की दीवारें दहल गई। इस दौरान कैकेयी शौचालय में थी। उनके ऊपर शौचालय की दीवार गिर जाने के वह मलबे में दब गई थी। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े। मलबे से बाहर निकाल बरेली लेकर भागे। जहां रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हरिश्चन्द्र ने बताया कि हाइवे पर रेलिंग तोड़कर कंटेनर मकान में घुस गया। घायल चालक सुबोध पुत्र अब्देश निवासी ग्राम हर्रिया थाना पिहानी जिला हरदोई का बताया गया है। उसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

जिला अस्पताल में मोर्चरी के बाहर बैठे परिजन। ● अमृत विचार

● शनिवार रात हाईवे पर मिलक थाना क्षेत्र में हुआ हादसा

मकान में घुसा कंटेनर।

मकान हो गया क्षतिग्रस्त

कंटेनर के घर में घुसने से मकान काफी क्षतिग्रस्त हो गया गया। ग्रामीणों ने मलबा हटाकर कंटेनर चालक को बाहर निकाला। पुलिस रात भर कंटेनर को खाली कराती रही। क्रेन से कंटेनर को हटाने का प्रयास किया तो वहां मकान स्वामी आ गया। उसने कहा कि कंटेनर हटते ही मकान ढह जाएगा। इसलिए पहले निर्माण कार्य कराया जाएगा। उसके बाद ही कंटेनर को हटाना संभव हो सकेगा। पड़ोसी लाजपत राय ने बताया कि कंटेनर से उसके घर में खड़े तीन पेड़, कुट्टी काटने की मशीन व टीन शेड क्षतिग्रस्त हो गए है। जिससे उसका काफी नुकसान हुआ है।

राइस मिल में रुपये लेते मंडी सचिव का वीडियो वायरल

संवाददाता, टांडा

अमृत विचार : राइस मिल में मंडी सचिव के द्वारा एक व्यक्ति से रुपये लेते वीडियो वायरल हो रहा है। एसडीएम का कहना है कि अगर ऐसा कोई मामला है तो जांच कराई जाएगी।

टांडा स्थित नेशनल राइस मिल में सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें मंडी सचिव राधे श्याम मौर्या को राइस मिल के एक शेयर होल्डर सगीर से रुपये लेते देखा जा सकता है। यह वीडियो सामने आने के बाद मंडी प्रशासन की कार्यप्रणाली और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल उठ खड़े हुए हैं। फुटेज में मंडी सचिव 23 अगस्त को दोपहर के 12 बजे एक सोफे पर बैठे नजर आ रहे हैं। पास बैठे एक व्यक्ति उन्हेंरूपये देता है। हालांकि वीडियो में किसी प्रकार की रसीद, रजिस्टर में एंट्री या वैधानिक दस्तावेजी प्रक्रिया दिखाई नहीं देती, जिससे यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि यह लेन-देन वैध था या नहीं है। रुपये लेते समय सचिव कह रहे हैं कि ये देंगे सचिव को आप, राइस मिल प्रबंधन और मंडी सचिव की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है, सचिव और राइस मिलर का नंबर बंद जा रहा है।

मंडी सचिव को रुपये देता व्यक्ति।

● परिसर में खलबली, एसडीएम ने जांच कराने का दिया आश्वासन

> मामले की जांच कराई जाएगी। यदि कुछ पाया जाता है तो उचित कार्रवाई की जाएगी।
> – राजकुमार भास्कर, उपजिलाधिकारी

स्वदेशी वस्तुएं खरीदने की अपील

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : रोशन बाग में चल रहे यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेले में रविवार को राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख पहुंचे। उन्होंने लोगों से स्वदेशी वस्तुओं को खरीदने की अपील की। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम में मोदी वाटिका के बालक-बालिकाओं द्वारा स्वदेश प्रेम प्रसंग पर आधारित गायन नृत्य प्रस्तुत किए।

सहायक आयुक्त उद्योग निहारिका जैन ने बताया कि रोशन बाग पार्क में 18 अक्टूबर तक लगने वाले स्वदेशी मेले का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने किया था। मेले में जिले में बने उत्पादों को प्राथमिकता दी गई है, जिसमें सभी के स्थानीय उत्पाद जैसे जरी, पैचवर्क, चाकू, वायलिन, टोपी, पतंग आदि उत्पादों के स्टाल लगे हैं। उन्होंने बताया कि इस मेले में प्रतिदिन शाम 4 बजे से सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमें नृत्य, गीत, नाट्य आदि कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जहां मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या में बच्चों द्वारा गाए शिव तांडव स्त्रोत और छोटे-छोटे बच्चों द्वारा किए देवी नृत्य एवं राजस्थानी लोक नृत्य की सराहना की। शनिवार शाम बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए हुए हास्य कवि सम्मेलन को लोगों ने बहुत पसंद किया। उन्होंने बताया कि 13 अक्टूबर को भजन संध्या एवं पुराने सदाबहार गीतों की संगीतमय शाम का आयोजन शाम 5 बजे से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह स्वदेशी मेला जिले में निर्मित स्थानीय उत्पादों और स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी के लिए एक बड़ा मंच होगा। उन्होंने आमजन से अपील की है कि दीपावली के शुभ अवसर पर स्वदेशी उत्पादों से अपने घर को सजाने और जीएसटी की दरों में कमी का लाभ उठाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में आकर मेले का लुत्फ उठाएं। इस मौके पर पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल सहित अन्य लोग शामिल हुए।

● रविवार को मेले में पहुंचे मंत्री बलदेव सिंह औलख

● यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेले में जमकर थिरके नन्हे-मुन्ने

मुख्य अतिथि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख को स्वागत करती वक्ता। ● अमृत विचार

सभासद ने पिता पुत्री पर लगाया लूट का आरोप

मसवासी, अमृत विचार : वार्ड-10 के सभासद ने पुलिस अधीक्षक को भेजे प्रार्थना पत्र में शिकायत करते हुए बताया है कि वार्ड 3 निवासी राजेश कुमार और पुत्री संजना वार्ड में सफाई कर्मी है। दोनों ही सफाई व्यवस्था में लापरवाही करते हैं।

जिसकी शिकायत अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार से की,लेकिन सुधार नहीं हुआ। उल्टा सफाई कर्मी ने केस करा दिया। वार्ड सभासद ने इस मामले में पुलिस अधीक्षक से शिकायत की,सफाई कर्मी सहित दो अन्य लोगों ने घर में घुसकर महिलाओं के साथ अश्लील हरकतें करते हुए घर से नकदी और जेवरात लूटकर ले गए।विरोध करने पर महिलाओं के साथ मारपीट भी की। इस मामले में एक बजरंग दल नेता का नाम भी शामिल है। सभासद का आरोप है कि पुलिस में शिकायत की लेकिन कार्रवाई नहीं हुई तो उसने पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की मांग है।

बूथ अध्यक्षों के दम पर भाजपा ने रचा इतिहास

बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार। ● अमृत विचार

संवाददाता, स्वार

● स्वार विधानसभा क्षेत्र में प्रवास पर बोले जिलाध्यक्ष हरीश

अमृत विचार : रविवार को भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार स्वार विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहे। उन्होंने कहा कि बूथ अध्यक्ष चुनावी रणभूमि के प्रथम योद्धा हैं। उन्हीं के त्याग और मेहनत से भाजपा ने लगातार जीत का इतिहास रचा है।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने स्वार नगर मंडल के बूथ अध्यक्षों व सेक्टर संयोजकों के साथ बैठक की। बूथ अध्यक्ष सक्रिय और जागरूक हैं, तो संगठन की जड़ें भी गहरी होंगी। संगठन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी इन्हीं की होती है। उन्होंने बूथ अध्यक्षों से सुझाव मांगे, ताकि समस्याओं का समाधान किया जा सके। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र दिवाकर, मंडल प्रभारी तरनजीत ग्रोवर, जिला उपाध्यक्ष महेश मौर्य, महेंद्र सैनी, अर्जुन रस्तोगी, लक्ष्मीकांत सैनी, महेंद्र मौर्य, राजेश शर्मा, दिलीप अरोड़ा, लालमन तोमर, अमित चंद्रा, लाल सिंह आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम

इमामबाड़ा किला में शनिवार रात हुआ जश्ने जैद शहीद

उधार लेता है सूरज भी रोशनी इनसे...

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : इमामबाड़ा किला में हुए जश्ने जैद शहीद की महफिल में आकिफ फिरोजाबादी ने अपने इन चार मिसरों पर खूब दाद पाई- निशाने अजमते मेहरो वफा हैं जैद शहीद, उफक पर आज भी जलवानुमा हैं जैदे शहीद, उधार लेता है सूरज भी रोशनी इनसे, चरागे खाना ए जैनुल्लेबा हैं जैदे शहीद।

इमामबाड़ा किला में जश्ने जैद शहीद का पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल ने शमां जलाकर आगाज किया। कारवाने अदब के तत्वावधान में शनिवार देर रात तक जश्ने जैद शहीद में शायरों ने अपने कलाम से लोगों को बांधे रखा। जश्ने जैद शहीद में आसिफ जलाल देहलवी ने कहा- मीजाने मवद्दत में सदा तौल के सुनिए, जुमले बड़े अनमोल हैं बहलोल के सुनिए। करता हूं मैं अब नहजे बलागा की तिलावत, कानों में मये हुब्बे अली घोल के सुनिए, ऐसा न हो जज्बात में हो जाओ नुसैरी, हैदर की सना बाबे खिरत खोल कर सुनिए। लखनऊ से संजय मिश्रा ने अपने कलाम पर खूब वाह-वाही पाई। उन्होंने कहा- दीने खुदा के हादिए रहबर हुसैन हैं- कितने हसीन कितने मुनव्वर हुसैन हैं, आंखों में रोशनी हो तो खुद देख लीजिए, कतरा है कायनात समंदर हुसैन हैं। मेराज मेहंदी ने कहा- फैली है रोशनी तो फजा मुश्कबार है, आबिद के घर में आज विलादत है जैद की। दर से कोई भी आपके खाली नहीं गया, मिस्ले अबुतराब सखावत है जैद की। शहजादा गुलरेज ने कहा- यह तआर्रुफ है मुख्तसर मेरा, मैं के हूं मुर्शदे नजफ का मुरीद। शाहिद कमाल लखनवी ने कहा- जेब देता है कहां सबको यह पैराहने इश्क, चाक दामानिए में हैरत से रफू बोलता है। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक कायम मेहंदी, वसीम हैदर जैदी, सलीम हैदर जैदी, अली हैदर जैदी, पूर्व विधायक हसन अहमद देहली, मुज्तबा अली बेग, सैयद मोहम्मद अली जैदी, आदिल हसनैन, चांद मियां, अब्बास हैदर, तस्लीम सहरी, अली मोहसिन, इफ्तेखार आदि मौजूद रहे।

इमामबाड़ा किला में कलाम पेश करते शहजादा गुलरेज। ● अमृत विचार

● पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष ने शमां जलाकर किया आगाज

इन्होंने पेश किए कलाम

इनके अलावा विश्व प्रसिद्ध शायर अजहर इनायती, अदील बरेलवी, सालिम शुजा अंसारी, अलतमाह अब्बास, कुमैल रिजवी, हाशिम फिरोजाबादी, अश्जय रजा जैदी, रिजवान अमरोही आदि ने कलाम पेश किए। महफिल की सदारत मौलाना अली मोहम्मद नकवी ने की। जफर अब्बास नकवी ने तिलावते हदीसे किसा की।

गीदड़ के हमले में बाइक सवार घायल

मसवासी, अमृत विचार : स्वार क्षेत्र के आर्सल-पार्सल गांव जा रहे एक बाइक सवार युवक पर गीदड़ में हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

स्वार थाना क्षेत्र के गांव सेड़ू का मजरा निवासी मोहम्मद अनस फाजलपुर से पार्सल गांव को जा रहा था। रास्ते में अचानक गीदड़ ने उसे पर झपट्टा मार दिया। जिससे वह बाइक से नीचे गिर गया। फिर गीदड़ ने उसके ऊपर हमला करके घायल कर दिया। युवक के चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। राहगीरों की बढ़ती भीड़ और आवाज सुनकर गीदड़ युवक को छोड़कर भाग गया। उसे आसपास के राहगीरों ने उठकर स्थानीय चिकित्सक के पास पहुंचाया। बताते हैं कि जंगल में गीतों का काफी आतंक है।लोग खेतों पर जाने से भी कतराते हैं। इस मामले की शिकायत वन विभाग से की जा चुकी है, लेकिन वन विभाग के अधिकारी इस मामले में चुप्पी साधे हुए हैं। जिससे ग्रामीणों में गीदड़ों को लेकर भय बना हुआ है।

एसपी ने थाना टांडा का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: शनिवार को पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने थाना टांडा का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालय, मालखाना, भोजनालय, हवालात, थाना परिसर में आवासों की स्थिति, साफ-सफाई, रख-रखाव को देखा।

कार्यालय पर अपराध, त्योहार, मालखाना, विवेचना, फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख-रखाव, साफ-सफाई, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टियों को चेक किया।उसके बाद आगामी त्योहार, अपराध नियंत्रण, कानून,शान्ति व्यवस्था, मिशन शक्ति अभियान-5 के तहत सुरक्षा व्यवस्था को देखा।

भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर मय पुलिस बल पैदल गश्त कर संबंधित को दिशा निर्देश दिए।इस दौरान क्षेत्राधिकारी टांडा मौजूद रहे।

वहीं एएसपी अनुराग सिंह ने शनिवार को महिला थाने का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय, मालखाना, भोजनालय, थाना परिसर में आवासों की स्थिति, साफ-सफाई, रख-रखाव, निर्माण को चेक किया। मरम्मत कार्य व थाना कार्यालय पर बने अ3पराध, त्यौहार, मालखाना, विवेचना, फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख-रखाव, साफ-सफाई, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टियों को चेक किया। मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिए।

टांडा में गश्त करते एसपी विद्या सागर मिश्र व अन्य। ● अमृत विचार

अपर पुलिस अधीक्षक ने लिया सुरक्षा का जायजा

अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने थाना बिलासपुर में बने मिशन शक्ति केंद्र निरीक्षण किया। मिशन शक्ति अभियान के तहत संचालित सुविधाओं, रजिस्टरों के संधारण, शिकायत निवारण की प्रक्रिया एवं महिला हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया। महिला संबंधित प्रकरणों में कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद गुरुद्वारा पसियापुर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

अमृत विचार

मुरादाबाद , सोमवार,13 अक्टूबर 2025

न्यूज ब्रीफ

वरिष्ठ अधिवक्ता के निधन पर शोक जताया

रामपुर, अमृत विचार : सिविल लाइंस के आवास विकास निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता और एल्डर कमेटी के चेयरमैन केबी माथुर की दो दिन पहले तबीयत खराब हो गई थी। वह मुरादाबाद के एशियन विवेकानंद हॉस्पिटल में भर्ती थे। जहां रविवार सुबह उनकी मौत हो गई। जिससे परिजनों और अधिवक्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई। उनकी उम्र करीब 93 वर्ष थी। उनके घर पर लोगों का तांता लगा रहा। शाम चार बजे उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

आशीष ने 61.50 मी. भाला फेंका

रामपुर, अमृत विचार : जैन इंटर कॉलेज के कक्षा 12 के छात्र आशीष कुमार यादव ने 61.50 मीटर भाला फेंक कर जनपद में रिकॉर्ड बनाया है। कालेज के व्यायाम शिक्षक तुषार शर्मा ने बताया कि आशीष ने मंडलीय प्रतियोगिता हेतु क्वालीफाई किया है। छात्र की सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य हरीश कुमार डूडेजा ने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। परिवार में भी खुशी का माहौल है।

छेड़खानी व मारपीट में आठ लोगों पर रिपोर्ट

रामपुर, अमृत विचार : मिलक थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक ग्रामीण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बेटी जीएनएम का कोर्स कर रही है। गांव का ही सचिन आए दिन उससे छेड़खानी करता है। फोन कर परेशान करता है। जिसकी शिकायत बेटी ने की थी। पिता ने सचिन के पिता से शिकायत की तो आरोपी 11 अक्टूबर को ओमकार, कैलाश, मुनीश ने मेरे घर पर आ गए। उसे, पत्नी को लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से दी तहरीर में नीरज ने आरोप लगाया है कि 11 अक्टूबर को घर से दुकान पर सामान लेने जा रही थी कि रास्ते में विशाल, विजयपाल, रिंकू और वीर सिंह ने उसे रोक लिया। दुर्व्यवहार का विरोध करने पर लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने आठ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

साइबर सेल टीम ने पीड़ित के 45 हजार रुपये वापस कराए

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: साइबर सेल की टीम ने पीड़ित के धोखाधड़ी से हड़पे गए 45 हजार रुपये वापस कराए। जिसके बाद पीड़ित ने राहत की सांस ली है।

सिविल लाइंस के बाबा दीप सिंह नगर निवासी नवल किशोर ने थाना सिविल लाइंस में बताया था कि 25 सितंबर को साइबर ठगों द्वारा होस्टल में रहने के नाम पर धोखाधड़ी कर फोन-पे के माध्यम से 68,000 रुपये ट्रांसफर करा लिए थे। उसने शिकायत साइबर पोर्टल पर 29 सितंबर को की थी। साइबर सेल थाना सिविल लाइंस की टीम द्वारा आरोपी की जानकारी प्राप्त कर

इंस्पेक्टर के साथ मौजूद पीड़ित।

10 अक्टूबर को आवेदक नवल किशोर की साइबर फ्रॉड हुई कुल धनराशि 68,000 रुपये में से 45,000 रुपये वापस कराए। सिविल लाइंस इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने लोगों से अपील की कि गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें।

हिमाचल प्रदेश से आएगी पौध, एक बीघा में सफल रहा प्रयोग

स्ट्रॉबेरी की खेती की ओर किसानों का झुकाव

- अच्छी पैदावार के लिए बलुई-दोमट मिट्टी वाला खेत चुनें
- सेवन से कम होता है व्यक्ति में कैंसर होने का खतरा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : रामपुर में स्ट्रॉबेरी की खेती से किसान अपनी आय बढ़ाने की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। मिलक तहसील के ग्राम किसान सुरेश कुमार एक सीजन में प्रयोग के तौर पर एक बीघा में स्ट्रॉबेरी की खेती कर चुके हैं, जो सफल रहा है। इसके बाद वो अब स्ट्रॉबेरी की खेती को बढ़ाएंगे।

उन्होंने बताया कि स्ट्रॉबेरी की खेती के लिए अभी मौसम गरम है। वह हिमाचल प्रदेश से स्ट्रॉबेरी की पौध मंगाएंगे। स्ट्रॉबेरी की खेती के लिए 15 से 30 डिग्री सेल्सियस के बीच तापमान हो तो बहुत ही अच्छा होता है। स्ट्रॉबेरी के लिए बहुत कम पानी की जरूरत पड़ती है। स्ट्रॉबेरी की खेती के लिए सितंबर-अक्टूबर का महीना सबसे सही वक्त होता है

खेत में लगी स्ट्रॉबेरी की फसल। ● अमृत विचार

है। कृषि विशेषज्ञ डॉ. विशाल गंगवार ने बताया कि स्ट्रॉबेरी की अच्छी पैदावार चाहते हैं तो बलुई-दोमट मिट्टी वाला खेत चुनें। यह भी ध्यान रखें कि मिट्टी का पीएच 5 से 6.5 के बीच हो। खेत में स्ट्रॉबेरी लगाने से पहले पर्याप्त मात्रा में गोबर की खाद डालें ताकि, पैदावार अच्छी हो। सिंचाई के लिए ड्रिप इरिगेशन का इस्तेमाल करना चाहिए ताकि, पानी भी बचे और साथ ही फर्टिलाइजर आदि देने में आसानी हो सके।

कईं किस्में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए बेहतर

कृषि विशेषज्ञ डॉ. विशाल गंगवार बताते हैं कि व्यावसायिक रूप से खेती के लिए स्ट्रॉबेरी की ओफ्रा, चांडलर, ब्लैक मोर, स्वीट चार्ली की किस्में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए बेहतर हैं। स्ट्रॉबेरी पौध लगाने के लिए प्लास्टिक मल्चिंग में 20 से 30 सेमी की दूरी पर छेद करें। स्ट्राबेरी के फल को पकड़ कर नहीं तोड़ना चाहिए, पैकिंग प्लास्टिक की प्लेटों में करना चाहिए। यह अनुशंसा की जाती है कि व्यक्ति प्रतिदिन 8 स्ट्रॉबेरी खाए तो टाइप-2 मधुमेह में लाभ मिल सकता है। स्ट्रॉबेरी हृदय और मस्तिष्क के स्वास्थ्य में सुधार का कार्य करती है। स्ट्रॉबेरी खाने से व्यक्ति में कैंसर का खतरा कम होना हो सकता है।

जिले में 400 स्थानों पर लगेंगी आतिशबाजी की दुकानें

अग्निशमन विभाग हुआ अलर्ट, पुलिस रहेगी तैनात, शहर में चार स्थान किए गए हैं निर्धारित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : दीवाली के त्योहार को देखते हुए अग्निशमन विभाग अलर्ट हो गया है। जिले में करीब 400 स्थानों पर ही अस्थायी पटाखा बाजार लगाए जाएंगे। दुकानदार निर्धारित नियमों के तहत ही पटाखों की बिक्री कर सकेंगे। प्रशासन ने साफ किया है कि अवैध रूप से पटाखे बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। इसके अलावा सभी स्थानों पर फायर के वाहन और पुलिस बल तैनात रहेगा।

दीवाली का पर्व करीब आते ही अधिकारी सक्रिय हो गए हैं। आतिशबाजी की बिक्री भी होगी। जिसे देखते हुए अग्निशमन विभाग ने अपनी रणनीति बनाना शुरू कर दी है।अधिकारियों से आंकड़े लेकर स्थानों का निरीक्षण किया जा रहा है। दमकल विभाग ने बताया कि 2024 में 419 स्थानों पर आतिशबाजी की दुकानें लगी थी। उसी के आधार पर तैयारी की जा रही है। इस बार भी 400 से आंकड़ा पार जा सकता है।उसको लेकर अधिकारी माथा-पच्ची कर रहे हैं। स्थानों को भी देखा जा रहा है। सीएफओ वीके सिंह ने बताया कि आतिशबाजी की दुकानों को टीमें चेक कर रही है। वहीं लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है।जहां पर भी आतिशबाजी की दुकानें लगेंगी। वहां पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त रहेंगे। लोगों से भी सतर्कता बरतने की अपील की है।

पटाखा व्यापारी से जानकारी लेते दरोगा। ● अमृत विचार

मजदूरों को जागरूक करती पुलिस। ● अमृत विचार

टीमें लगातार कर रही जागरूक

जिले में जितने भी लोगों के पास पटाखे बनाकर बेचने का लाइसेंस है। उन सभी स्थानों पर सीएफओ द्वारा गठित की गई टीमें वहां पर जाकर निरीक्षण कर रही है।साथ ही कागजों को देखने के बाद वहां पर काम करने वाले महिला और पुरुषों को भी जागरूक किया जा रहाहै।प्रभारी अग्निशमन अधिकारी सन्नी गौतम ने बताया कि मुख्य अग्निशमन अधिकारी के कुशल नेतृत्व में पटाखा एवं विस्फोटक पदार्थ चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें लोगों को सही से काम करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

जिले में नौ लोगों के पास लाइसेंस

विभाग के अनुसार जिले भर में नौ लोगों के पास लाइसेंस है। जिसमें मिलक में तीन सदर में 4 बिलासपुर में एक और टांडा में एक व्यक्ति के पास लाइसेंस है। इनमे से दो लोग केवल बेचने का काम करते हैं। जबकि दिवाली के मौके पर शहर में चार स्थानों पर आतिशबाजी की दुकानें लगती है।जिसको लेकर लोगों ने कलेक्ट्रेट के चक्कर काटना शुरू कर दिए हैं। क्योंकि दुकानें लगाने से पहले लाइसेंस लेना भी जरूरी होता है।

100 सिपाही और तीन दरोगा रहेंगे तैनात

जिले भर में सभी 400 स्थानों पर बिकने वाली आतिशबाजी के दौरान सुरक्षा के लिहाज से दमकल विभाग के 100 सिपाही, वाहन चलाने के लिए करीब 15 ड्राइवर और 3 दरोगा तैनात रहेगे।इसके अलावा सभी स्थानों पर कुल मिलकर 20 वाहन भी मौके पर मौजूद रहेगे।ताकि किसी प्रकार का हादसा होने पर मौके की ओर दौड़ पड़े।इसके अलावा अन्य थानों की पुलिस फोर्स भी तैनात रहेगी।अधिकारी भी समय-समय पर गश्त करते रहेंगे।

महर्षि वाल्मीकि ने समाज को एकसूत्र में बांधा

- वाल्मीकि प्रकटोत्सव शोभायात्रा परकी गई पुष्पवर्षा

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

अमृत विचार: भगवान वाल्मीकि प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के मंडल संगठन मंत्री रवि वाल्मीकि के नेतृत्व में नगर में भगवान वाल्मीकि शोभा यात्रा निकाली गई।

जिसका आरंभ अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग की उत्तर प्रदेश की सदस्य साध्वी गीता प्रधान व भावाधस के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री दीप राही ने संयुक्त रूप फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भगवान वाल्मीकि हिन्दू संस्कृति, सत्य, ज्ञान के दाता हैं क्योंकि भगवान वाल्मीकि ने भगवान राम के जन्म से हजारों वर्ष पूर्व इस पृथ्वी पर रामायण की रचना कर समाज को भगवान राम से रूबरू कराया। समाज को प्रेम भाईचारा एकता के सूत्र में बांधने का कार्य किया। हमें उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। यात्रा रामलीला मैदान से शुरू होकर मैन बाजार, कोतवाली रोड, रामपुर रोड होकर रामलीला मैदान में समाप्त हुई।शोभायात्रा, भगवान वाल्मीकि,लव कुश को शिक्षा देते, हनुमान को बांधते,राम सीता कि झांकियां प्रमुख थी। जिनका नगर में पुष्प वर्षा कर नगर वासियों ने स्वागत किया। रवि वाल्मीकि,दुर्गा प्रसाद वाल्मीकि, सतीश चौधरी, हरिओम वाल्मीकि, अभय कुमार वाल्मीकि, सुरेश वाल्मीकि,छत्रपाल, सोनू वाल्मीकि, लक्की वाल्मीकि, शिवा वाल्मीकि, सुनील वाल्मीकि, रिंकी वाल्मीकि, अर्चना वाल्मीकि कपिल वाल्मीकि,सर्वेश चौधरी,प्रदीप राजहंस महेंद्र दीवान आदि मौजूद रहे।

शोभायात्रा में शामिल अतिथि। ● अमृत विचार

कायस्थ महासभा ने निकाली शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

अमृत विचार: अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की ओर से शहर में चित्रगुप्त शोभायात्रा निकाली गई। जिसका जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

रविवार को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की ओर से चित्रगुप्त शोभायात्रा निकाली गई। जिसका आरंभ मिस्टनगंज से किया।जिसमें खाटू श्याम की झांकी, हनुमान जी की झांकी, भगवान गणेश की झांकी, रावण सीता संवाद आदि कई प्रकार की झांकियां

शोभायात्रा में शामिल कमेटी के सदस्य व अतिथि। ● अमृत विचार

- जगह-जगह झांकियों का लोगों ने किया स्वागत

रही। जिसका जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल तैनात रहा। विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रबंधक विपुल आनंद ने बताया कि महासभा की ओर से चित्रगुप्त शोभायात्रा निकाली गई।

टाइगर क्लब टांडा ने खटीमा को 4-1 हराया

विजेता को पुरस्कार देते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, टांडा

अमृत विचार: मंसब अली स्पोर्ट्स स्टेडियम में एचआर रॉयल कमेटी द्वारा आयोजित डॉ. भीमराव आंबेडकर ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट के रोमांचक मुकाबले में टाइगर क्लब टांडा ने शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें खटीमा की टीम को पेनाल्टी शूटआउट में 4-1 से मात देकर अगले राउंड में जगह बना ली।

पहले हाफ में दोनों टीमों के बीच रोमांचक खेल हुआ। 25 वें मिनट में टाइगर के उजैर ने दाऊद के सटीक पास पर पहला गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई।हालांकि दूसरे हाफ में खटीमा ने दमदार वापसी करते हुए विवेक पांडे के गोल से मैच को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। निर्धारित समय तक मैच बराबरी पर रहने के बाद रेफरी अजीत कुमार ने पेनाल्टी शूटआउट कराया। जिसमें टाइगर क्लब टांडा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4-1 के अंतर से जीत हासिल की। टाइगर के उजैर को श्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मुख्य अतिथि टांडा युवा व्यापार मंडल के नगर युवा अध्यक्ष सलीम कासगर ने दिया। लाइनमैन जुबैर आलम और राहत अली रहे, जबकि स्कोरर की भूमिका मो. मुईन ने निभाई। कमेंट्री पैनल में मो. सईद सागर और जहीर जिया और टूर्नामेंट में आयोजक कमेटी के अध्यक्ष कारी रिजवान सहित उवैस प्रिंस, अज़हर अज्जू,सुहैल आलम, हाजी नन्ना, सगीर गुड्डू आदि उपस्थित रहे।

मदुरई में सम्मानित किए गए शिक्षक नेता

रामपुर,अमृत विचार: अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ की कार्यकारिणी की बैठक में बेसिक शिक्षकों की राष्ट्रीय स्तर की समस्याओं पर विचार-विमर्श हुआ। तमिलनाडु प्राथमिक शिक्षक संघ ने एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन रविवार को मदुरई में किया।

जिसमें अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी को भी आमंत्रित किया। रामपुर से राष्ट्रीय काउंसलर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री आनंद प्रकाश गुप्ता ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि कार्यकारिणी की बैठक में राष्ट्रीय स्तर पर समस्याओं पर चर्चा हुई। जिसमें पुरानी पेंशन बहाल करने, संविदा शिक्षकों को नियमित करने, सभी राज्यों के शिक्षकों को केंद्रीय वेतन, भत्ते देने आदि पर चर्चा हुई।

1 सितंबर को दिए सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को केंद्र सरकार की अदूरदर्शिता का परिणाम बताया। इस विषय पर कोर्ट तथा राष्ट्र में व्यापक पैरवी करने का निर्णय लिया गया।

न्यूज डायरी

सीता स्वयंवर का मंचन देख दर्शक मुग्ध

टांडा, अमृत विचार :श्री सनातन धर्म आदर्श रामलीला कमेटी द्वारा सीता के कन्यादान की लीला का मंचन कलाकारों द्वारा किया गया। जिसको देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। ग्राम लाम्बाखेड़ा में श्री सनातन धर्म आदर्श रामलीला कमेटी के तत्वावधान में चल रही रामलीला में शनिवार श्रीराम सीता के कन्यादान की लीला का मंचन किया गया। मंचन के दौरान कलाकारों ने भगवान राम, लक्ष्मण, जनक और विश्वामित्र जैसे पात्रों की भूमिका निभाई। संवाद और संगीत पर दर्शक मंत्रमुग्ध होकर तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साह बढ़ाते रहे।इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष गंगा सिंह चौहान, ध्रुव पाल सिंह चौहान, दीपक गुप्ता, पंकज गुप्ता, नंदू सिंह चौहान, शुभ गुप्ता, राम सिंह दिवाकर, विवेक गुप्ता व प्रहलाद फूल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

अलग-अलग मामलों में छह वारंटी गिरफ्तार किए

स्वार, अमृत विचार : पुलिस ने छापामार कार्रवाई कर अलग-अलग जगहों से छह वारंटियों को गिरफ्तार कर चालान किया है। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को पुलिस ने छापामार कार्रवाई कर अलग-अलग जगह पर छापामार कार्रवाई कर उत्तराखंड के थाना बाजपुर के गांव धनसारा निवासी वारंटी आरिफ, मसवासी निवासी शकील, हनीफ, थाना अजीनगर के गांव इमरता निवासी बबलू, गांव इमरत पुर निवासी मोहम्मद यासीन, गांव जालफ नगला निवासी सुनील को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से कोर्ट ने सभी आरोपियों को जेल भेजा है।

हमले का आरोपी पूर्व पति गिरफ्तार

बिलासपुर, अमृत विचार : प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि तलाकशुदा महिला पर हमले किए जाने के मामले में महिला के ससुर मुश्ताक की तहरीर पूर्व पति जुम्मा, जफर, मेंहदी हसन, नबी हसन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रविवार को सूचना के आधार पर महिला के पूर्व पति जुम्मा को केमरी मार्ग पर मोहल्ला कार्तिक नगर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू को भी बरामद कर लिया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अंकुर कुमार, आशीष राणा, फैसल आदि शामिल रहे।

धूमधाम से निकाली राम बरात

सैफनी, अमृत विचार : श्री सनातन धर्म आदर्श रामलीला कमेटी द्वारा नगर में शनिवार देर शाम राम बरात निकाली गई। इस दौरान जमकर आतिशबाजी की। साथ ही बैंड बाजे के साथ नगर के विभिन्न मार्गों पर धूमधाम से राम बरात निकाली गई। जिसमें राम लक्ष्मण की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के सदस्य के अलावा सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल भी मौजूद रहा।

महिला से दुष्कर्म में रिपोर्ट दर्ज

रामपुर,अमृत विचार : शाहबाद थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने आरोप लगाया था कि नाजिम खां,एहसान खां, इमरान, समी,सलमान,सैयद बब्लू अली और नाजिम खां ने शादी का फर्जी प्रमाण-पत्र बनवाकर वादिनी के साथ जबरदस्ती बलात्कार किया था। उसके बाद महिला से धोखाधड़ी करके खाते से 11 लाख रुपये निकालकर प्रार्थिनी की अमानत में खयानत करने व मारपीट की थी। इस मामले में फरार आरोपी नाजिम को बिलारी से सैफनी रोड सी-सेवन होटल के पास से गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से जेल भेज दिया।

हज प्रशिक्षक के लिए 20 तक करें ऑनलाइन आवेदन

रामपुर, अमृत विचार : आजमीने हज से प्रशिक्षण के लिए 20 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। राज्य हज कमेटी के कार्यपालक अधिकारी एसपी तिवारी ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर किया जाएगा। कंप्यूटर बेस्ड परीक्षा में सीबीटी हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा 8 नवंबर को की जाएगी। शॉर्टलिस्टेड परीक्षार्थियों का साक्षात्कार 8 नवंबर को होगा। कार्यपालक अधिकारी ने बताया कि चयनित प्रशिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण मुंबई में नवंबर के चौथे सप्ताह में होगा। केवल ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। 150 हज आवेदकों पर एक प्रशिक्षक तैनात किया जाएगा। आवेदकों की न्यूनतम शिक्षा इंटरमीडिएट होना आवश्यक है। प्रशिक्षक के लिए आयु 25 से 60 वर्ष के बीच होना चाहिए। पुरुष और महिलाओं का चयन महिला हज यात्रियों की संख्या के अनुपात में किया जाएगा। इनके लिए पिछले पांच वर्ष में हज किया जाना आवश्यक है। इसके अलावा अंग्रेजी, उर्दू, हिन्दी के साथ स्थानीय भाषा बोलने व समझने में निपुण होना चाहिए।

न्यूज ब्रीफ

रासलीला का उद्घाटन करते लोग।

रासलीला का मंचन शुरू

हसनपुर, अमृत विचार : रविवार को तहसील क्षेत्र के गांव मछरई स्थित त्रिमूर्ति शेषनाग धाम पर कार्तिक महोत्सव का धार्मिक उल्लास के साथ आगाज हुआ। महोत्सव में भगवान श्री कृष्ण के महारास का विधि विधान से पूजन कर उद्घाटन किया गया। इस दौरान महामंडलेश्वर स्वामी हर मनोज दास ने विधि-विधान से पूजन संपन्न कराया। जबकि पूजन आचार्य मदन भारद्वाज ने कराया। महारास के आरंभ पर उपस्थित श्रद्धालुओं में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। पूजन में त्रिमूर्ति शेषनाग धाम सेवा समिति के कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से सुनील कुमार चौहान, बबलू चौहान, बंटी कुमार सैनी, बृजपाल सिंह जाटव, पिंटू चौहान, मदनपाल सैनी और इंद्रपाल सिंह शामिल थे।

कड़ी सुरक्षा में पीसीएस प्री परीक्षा सकुशल संपन्न

आधे से ज्यादा अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा, तलाशी लेकर दिया प्रवेश, अधिकारियों ने केंद्रों का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : जिले में 15 परीक्षा केंद्रों पर पीसीएस की प्रारंभिक परीक्षा शांतिपूर्ण और नकल विहीन पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई। दो पालियों में परीक्षा संपन्न कराई गई। प्रथम पाली में 7008 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से मात्र 2722 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 4286 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 7008 अभ्यर्थियों में से मात्र 2701 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। 4307 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

रविवार को अमरोहा जिले में 15 केंद्रों पर सिविल सेवा पीसीएस की प्रारंभिक परीक्षा हुई। परीक्षा को लेकर पुलिस व प्रशासन की तरफ से सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गये थे। परीक्षा केंद्रों पर पुलिस फोर्स की तैनाती की गई थी। पीसीएस की परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों की पहले परीक्षा केंद्र के गेट पर तलाशी ली गई। पहली पाली सुबह 9:30 बजे शुरू हुई जो 11:30 तक चली। पहली पाली में केवल 38.8 प्रतिशत अभ्यर्थी ही परीक्षा देने पहुंचे। यानि पंजीकृत 7008 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से केवल 2722 परीक्षार्थी पहुंचे, जबकि 4286 अनुपस्थित रहे। इसके अलावा दूसरी पाली दोपहर 2:30 बजे शुरू हुई जो 4:30 तक चली। दूसरी पाली में 7008 अभ्यर्थियों में से 2701 ने परीक्षा दी। जबकि 4307 अनपुस्थित रहे। दोनों पालियों में परीक्षा शांतिपूर्वक नकल विहीन पारदार्शिता के साथ परीक्षा संपन्न हुई है।

परीक्षा केंद्र का निरीक्षण के दौरान निर्देश देती डीएम निधि गुप्ता वत्स। ● अमृत विचार

परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों की चेकिंग व स्कैनिंग करती टीम। ● अमृत विचार

डीएम और एएसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का भ्रमण

पीसीएस परीक्षा को लेकर जिलाधिकारी निधि गुप्ता और अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया ने जिले में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम निधि गुप्ता व एएसपी अखिलेश भदौरिया ने केंद्रों की व्यवस्थाओं को परखा और परीक्षा को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए लगाए कर्मचारी और अधिकारियों को केंद्रों पर सभी व्यस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने पीसीएस प्री परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कंट्रोल रूम में सीसीटीवी कैमरों की स्थिति देखी एवं ड्यूटीरत अधिकारी व कर्मचारियों को निर्देश दिए गए।

परीक्षा केंद्रों पर एंबुलेंस भी रही

सिविल सेवा पीसीएस की परीक्षा को लेकर शानिवार की रात से ही परीक्षार्थियों का शहर में आना शुरू हो गया था। रविवार की सुबह ही परीक्षार्थी अपने सेंटरो पर समय से पहुंच गए। उनकी सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने भी कड़े इंतजाम किए थे। परीक्षा केंद्रों के अंदर व बाहर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। पुलिस और एंबुलेंस परीक्षा केंद्रों पर तैनात रही।

इन परीक्षा केंद्रों पर हुई परीक्षा

जिले में एकेके इंटर कॉलेज, आईएम इंटर कॉलेज, जेएस हिंदू इंटर कॉलेज, कुंदन मॉडल इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, सिख इंटर कॉलेज नारंगपुर, नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज रजबपुर, श्रीराम किसान इंटर कॉलेज बादशाहपुर, श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज धनौरा, राष्ट्रीय इंटर कॉलेज धनौरा, ज्ञान भारती इंटर कॉलेज गजरौला, शिव इंटर कॉलेज गजरौला, जेएस हिंदू पीजी कॉलेज ब्लॉक ए, जेएस हिंदू पीजी कॉलेज ब्लक बी व भगवत शरण इंटर कॉलेज जोया में परीक्षा के केन्द्र बनाए गए थे।

दो केंद्रों पर हुई पीसीएस प्री परीक्षा

गजरौला, अमृत विचार : गजरौला में रविवार को दो परीक्षा केंद्रों पर पीसीएस प्री परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों के बाहर गहन तलाशी के बाद प्रवेश मिला।

शिव इंटर कालेज के अलावा ज्ञान भारती इंटर कालेज में पीसीएस प्री परीक्षा का केंद्र बनाया गया। सुबह आठ बजे परीक्षा केंद्रों में प्रवेश का समय था लेकिन अभ्यर्थी सुबह सात बजे से ही परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना शुरू हो गए थे। समय के अनुसार अभ्यर्थियों की तलाशी लेने के बाद परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया। पहली पाली की परीक्षा साढ़े नौ बजे शुरू हुई लेकिन प्रवेश पौने बजे बंद कर दिया गया। साढ़े नौ बजे परीक्षा शुरू होकर साढ़े 11 बजे संपन्न हुई। वहीं परीक्षा की ड्यूटी में लगाए गए अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। दूसरी पाली की परीक्षा के लिए एक बजे से परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों का प्रवेश शुरू किया गया। ढाई बजे परीक्षा शुरू होकर साढ़े चार बजे संपन्न हुई। परीक्षा छूटने के दौरान शहर के खाद गुर्जर चौराहा, इंदिरा चौक समेत कई स्थानों पर जाम के हालात बने। हालांकि बाद पुलिस ने किसी तरह यातायात सुचारू कराया।

बिमारी के कारण जयंत चौधरी की जनसभा रद्द

अमरोहा, अमृत विचार : रालोद के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयंत चौधरी के स्वास्थ्य सही नहीं होने के चलते रजबपुर की जनसभा रद हो गई। जनसभा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गईं थी, लेकिन सुबह कार्यक्रम को स्थगित कर दिया।

रविवार को रालोद अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री एवं जयंत चौधरी का अमरोहा दौरा था। वह रजबपुर के नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज में जनसभा को संबोधित करने आ रहे थे। पार्टी पदाधिकारियों के अनुसार, जयंत चौधरी वायरल संक्रमण से पीड़ित हैं, जिसके चलते कार्यक्रम स्थगित कर दिया है। केंद्र सरकार में मंत्री बनने के बाद रालोद प्रमुख जिले में जनसभा को संबोधित करने आ रहे थे। जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम की नई तिथि की घोषणा जल्द की जाएगी। स्वस्थ होने के बाद जिले में जनसभा की योजना है।

ट्रैक्टर-ट्रॉली में डीसीएम ने मारी टक्कर

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : धान से भरी ट्रैक्टर-ट्राली में पीछे से आलू लदी डीसीएम ने टक्कर मार दी। जिससे अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर-ट्राली पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। हादसे की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

मृतक भूपेंद्र।

जिला संभल के थाना रजपुरा के गांव केसरपुर निवासी भूपेंद्र पुत्र प्रताप सिंह उम्र 25 वर्ष धान को ट्रैक्टर-ट्राली में भरकर गढ़ की मंडी में बेचने जा रहा था। जैसे ही ट्रैक्टर-ट्रॉली हसनपुर नगर के गजरौला मार्ग के बंद पड़े पेट्रोल पंप के निकट पहुंची तो पीछे से आलू लदी डीसीएम ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी भयंकर थी कि ट्रैक्टर चालक भूपेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। सड़क हादसे की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा। इसके बाद पुलिस दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर कोतवाली ले आई। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी गई तो परिजन मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि मृतक के परिवार में पत्नी संगीता एवं पांच साल का बेटा रजत है। युवक की शादी 6 वर्ष पूर्व हुई थी। वह खेती किसानी करके परिवार का पोषण करता था। प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने बताया कि डीसीएम को जब्त कर लिया गया है। अज्ञात चालक पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

हादसे के बाद मौके पर मौजूद भीड़ एवं पुलिस। ● अमृत विचार

सूचनाएं देने में लापरवाही कर रहे अधिकारी

अमरोहा, अमृत विचार : आरटीआई एसोसिएशन ऑफ इंडिया के जिलाध्यक्ष मनु शर्मा ने कहा कि 12 अक्टूबर 2005 को सूचना का अधिकार अधिनियम प्रभावी होने से अब तक 20 वर्ष बीतने के बाद भी यह कानून प्रभावशाली कानून के रूप में कार्य नहीं कर पाया है।

रविवार को आरटीआई कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मनु शर्मा ने कहा कि आरटीआई कानून का अस्तित्व एक जनआंदोलन से उत्पन्न हुआ था। लेकिन जैसे-जैसे समय गुजरता गया सरकारों ने और अफसरशाही ने इस कानून को कमजोर करने का कार्य किया है। गत 20 वर्षों में यह कानून जटिलताओं में उलझा दिया गया है। बैठक में जिला संजीव जिंदल, अमित कुमार जैन, दिनेश सिंह, खुसरो नदीम, शैलेंद्र सिंह सोनू, राजीव कुमार गोले, राजीव कुमार शर्मा, जगदीश प्रजापति रहे।

पुलिस से नाराज भाकियू ने लगाया जाम

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : पुलिस की कार्यशैली से नाराज भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने रविवार को नगर के गोलघर के सामने स्टेट हाईवे जाम कर दिया। किसान यूनियन के कार्यकताओं का आरोप है कि बीते दिनों थाना क्षेत्र के गांव पहाड़पुर इनायत निवासी नैन सिंह को चोट लग गई थी।

जिस मामले में पुलिस ने गांव के ही जितेन्द्र पुत्र सोमपाल व पटेल पुत्र समरपाल को पकड़ा था और जांच के बाद छोड़ दिया था। लेकिन अब पुलिस ने फिर से जितेंद्र और पटेल के खिलाफ मुकदमा लिखकर उनको जेल भेज दिया है। जिस पर भाकियू कार्यकर्ताओं व युवकों के परिजनों ने धनौरा पुलिस पर दोनों युवकों को गलत तरीके से जेल भेजने का आरोप लगाया है। इससे नाराज भाकियू व युवकों के परिजनों ने गोलघर के सामने चांदपुर स्टेट हाईवे जाम कर दिया और नारेबाजी की। जाम लगने से सड़क के दोनों और वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम की सूचना पाकर पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजलि कटारिया फोर्स के साथ मौके पर पहुंची और जाम लगा रहे किसानों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन किसान नहीं माने करीब एक घंटे स्टेट हाईवे जाम रहा। एक घंटे बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजलि कटारिया के आश्वासन पर किसानों ने जाम खोल दिया।

जाम लगाए बैठे भाकियू के लोगों को समझाती सीओ अंजलि कटारिया। ● अमृत विचार

वहीं, इसी मामले में ग्राम पहाड़पुर निवासी मनोज कुमार द्वारा नैन सिंह पुत्र छोटे व हर्ष पुत्र सीताराम के खिलाफ मारपीट व दबंगई का आरोप लगाते हुए तहरीर दी गई है। जाम लगाने वालों में भाकियू नेता गुरमीत सिंह, सोविर सिंह, रवि राठी, तुषार दहिया सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

नारी शक्ति संगठन ने करवाचौथ महोत्सव मनाया

नारी शक्ति संगठन की महिलाएं कार्यक्रम करते हुए। ● अमृत विचार

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : नगर स्थित रेस्टोरेंट के सभागार में नारी शक्ति संगठन ने करवाचौथ पर्व पर महोत्सव का आयोजन किया। महोत्सव के दौरान महिलाओं ने कई खेल खेले। खेलों में विजेता महिलाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया।

नारी शक्ति संगठन के संरक्षिका निर्मला ने सभी सदस्यों एवं पदाधिकारी को करवा चौथ पर्व की शुभकामनाएं देते हुए करवा चौथ पर्व के महत्व के विषय में विस्तार से बताया। उसी के साथ उन्होंने संगठन के अन्य कार्यों के विषय में भी विचार विमर्श कर आगामी रूपरेखा तैयार की। इस मौके पर निर्मला, अंजना, सीमा, अमिता, डॉली, शेफाली, रचना, स्वाति, बबीता, रजनी, जया सिरोही, पूनम,रितु, रेखा, अंजू आदि पदाधिकारी मौजूद रहीं।

गांव के रास्ते में भरा गंदा पानी लोग हो रहे परेशान

हसनपुर, अमृत विचार : गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गंगाचोली गांव में गंदगी और जलभराव के चलते ग्रामीणों का जीना दूभर हो गया है। गांव की मुख्य गलियों और रास्तों पर निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण कूड़े के ढेर लगे हैं और रास्तों में गंदा पानी भरा हुआ है। बच्चों को रोजाना दूषित पानी और कीचड़ से होकर स्कूल पहुंचना पड़ रहा है। जिससे उनके स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। गांव की दयनीय स्थिति को उजागर करने के लिए ग्रामीणों ने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। जिसमें साफ तौर पर देखा जा सकता है कि रास्ते से गुजरना कितना चुनौतीपूर्ण है। सत्य प्रकाश, मनीराम, चंद्र, सुनील, विनोद, सोनू, सोराज, करन, पतराम सिंह, किशन खड़गवंशी, सत्य, राजू, अशोक आदि ने समस्या के समाधान की मांग की।

अपनी पहचान बनाए प्रजापति समाज : धर्मवीर

मंत्री धर्मवीर प्रजापति का स्वागत करते डॉ. हरि सिंह ढिल्लों व पालिकाध्यक्षा शशि जैन।

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा विभाग स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने प्रजापति समाज को एकजुट रहने के लिए जागृत किया।

प्रजापति समाज के लोगों को जागृत करते हुए उन्होंने कहा कि आप लोगों को घर से निकलकर आगे बढ़ना चाहिए और अपनी पहचान बनानी चाहिए। समाज को आगे बढ़ाना चाहिए अपनों को सम्मान देना चाहिए। मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। पालिकाध्यक्ष शशि जैन ने कहा कि प्रजापति समाज द्वारा भगवान श्री दक्ष प्रजापति चौक बनवाने की मांग की थी। शीघ्र ही चौक का निर्माण करा दिया जायेगा। इस दौरान हरि सिंह ढिल्लों, उदयगिरि गोस्वामी, गिरीश त्यागी, राकेश वर्मा, रमेश कलाल, डॉ. विनोद गोला, कुलदीप प्रजापति, चिरंजीलाल प्रजापति, प्रसाद लाल, चमन सिंह, सतीश प्रजापति आदि रहे।

न्यूज डायरी

झुंडी माफी में जलभराव से स्कूली बच्चे व ग्रामीण परेशान

हसनपुर, अमृत विचार : ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत में कई महीने से मुख्य मार्ग पर गंदगी व जलभराव के कारण स्कूली बच्चे पानी में गिरकर चोटिल रहे हैं। स्कूली बच्चों के साथ ग्रामीण व अभिभावकों ने प्रदर्शन करते हुए निजात दिलाने की मांग की है। क्षेत्र की ग्राम पंचायत के गांव झुंडी माफी में स्कूल जाने वाले मुख्य रास्ते पर गंदगी व जलभराव को लेकर अभिभावकों व छात्र-छात्राओं ने बताया कि इस सड़क की ओर ग्राम प्रधान व संबंधित अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। जबकि गांव में गंदगी की शिकायत ग्राम प्रधान से कई बार की जा चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि सफाई कर्मचारी भी कई महीने से गांव में सफाई करने भी नहीं आता है। छात्र-छात्राओं और अभिभावकों का कहना है कि स्कूल जाते समय बच्चे गंदे पानी में गिर जाते हैं और गिरकर चोटिल हो जाते हैं। जिससे वह स्कूल नहीं जा पाते और वापस अपने घर आ जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह जिला अधिकारी कार्यालय अमरोहा में धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। अपने बच्चों को भी स्कूल नहीं भेजेंगे। प्रदर्शन करने वालों में शीशपाल सिंह, हर ज्ञान सिंह, अंकित, अमरपाल ,खुशियाल सिंह, प्रेम सिंह, राजपाल सिंह, परमार सिंह, शिशु उर्फ शीशपाल, गोविंद सिंह, सुनील कुमार, आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

बाग में हरे पेड़ों पर चला आरा

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव आगापुर उर्फ याकूबपुर में रात में कुछ लोगों ने पर्यावरण को गंभीर क्षति पहुंचाई। हसनपुर-डगरपुरी मार्ग स्थित गांधी वाले बाग में आधा दर्जन से अधिक हरे-भरे आम के पेड़ों पर आरा चला दिया गया। सूचना के बाद भी वन विभाग की टीम ने कोई कार्रवाई नहीं की है। वन दरोगा राजवीर सिंह ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। कहा कि जांच पूरी होने के बाद दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

परीक्षार्थियों को सुविधाएं उपलब्ध कराएगी समिति

अमरोहा, अमृत विचार : आंबेडकर पार्क में आंबेडकर सेवा नायक समिति की बैठक हुई। रविवार को आंबेडकर पार्क में आंबेडकर सेवा नायक समिति की बैठक वरुण सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में समिति के पदाधिकारी ने निर्णय लिया है कि नगर में होने वाली विभिन्न परीक्षाओं में शामिल होने के लिए दूर दराज से आने वाले परीक्षार्थियों को ठहरने एवं अन्य सुविधाओं को निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। वरुण सिंह ने बताया कि पिछले वर्ष आंबेडकर पार्क पर कैंप लगाकर विश्राम की व्यवस्था की थी। इस दौरान डॉ. मुनेंद्र मोहन, महेश कुमार, देवेंद्र कुमार, राहुल कुमार, जयप्रकाश सिंह, जॉनी कुमार, नितिन कुमार रहे।

ट्रेड फेयर | किसानों को ऑर्गेनिक खेती के लिए प्ररित किया और सरसों की मिनी किट दी

स्वदेशी के प्रयोग से देश होगा आत्मनिर्भर

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : अमरोहा ट्रेड फेयर के दूसरे दिन जिला स्तरीय जन जागरुकता कार्यक्रम, रबी तिलहन मेला एवं किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो, भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक, डीएम निधि गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया।

शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो ने दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार की मंशा प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत बनाने की है, जिसमें स्वदेशी को रोजमर्रा के जीवन में अपनाना जरूरी है। इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा।

दीप प्रज्जवलित करती जिलाधिकारी निधि गुप्ता, शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लो, भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक। ● अमृत विचार

लोकल फॉर लोकल, वोकल फॉर ग्लोबल, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया, और डिजिटल इंडियाकृका उद्देश्य स्वयं को आगे बढ़ाना, रोजगार सृजन करना, और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार होना है। उन्होंने कहा कि किसान अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, इसलिए जैविक खेती को बढ़ावा देना चाहिए। जिलाधिकारी ने सभी जनपदवासियों से फेयर में अपने परिवार के साथ आने का आह्वान किया और दीपावली की खरीदारी स्वदेशी उत्पादों से ही करने की बात कही। अभिनव कौशिक ने जिला प्रशासन की आयोजन के लिए प्रशंसा की।

ब्लॉक प्रमुख धनौरा आशा चन्द्रा ने सभी किसानों को ऑर्गेनिक खेती करने के लिए प्रेरित किया। किसानों को सरसों मिनी किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख अमरोहा गुरंदर सिंह ढिल्लो, ब्लॉक प्रमुख धनौरा आशा चंद्रा, नगर पालिका परिषद धनौरा प्रवीण अग्रवाल, जिला महामंत्री अभिनव कौशिक, पूर्व जिलाध्यक्ष बृजेश चौधरी, भूप सिंह बेनीवाल, अमित सैनी सहित संबंधित अधिकारी एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके बाद सभी अतिथियों ने फेयर में लगे सभी स्टॉलों का अवलोकन किया और स्वदेशी उत्पादों के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर उप निदेशक कृषि डॉ. रामप्रवेश, जिला कृषि अधिकारी मनोज कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

छुट्टा गोवंश से टकराई बाइक, युवक की इलाज के दौरान मौत

आदमपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव निरयावली खादर निवासी 23 वर्षीय भरत सिंह पुत्र महावीर की सड़क हादसे में मौत हो गई। शनिवार शाम भरत सिंह बाइक से पास के गांव छपना में बेटे को बुलाने जा रहे थे। जैसे ही वह लालापुर और छपना गांव के बीच पहुंचे, तभी अचानक सड़क पर आए छुट्टा गोवंश से उनकी बाइक टकरा गई। हादसे में भरत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें हसनपुर के एक निजी चिकित्सक के पास भर्ती कराया। वहां हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने उन्हें अमरोहा रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी हैं। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में आवारा गोवंश के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं।

थाने में त्योहारों को शांतिपूर्ण मनाने के दिए निर्देश

सैदनगली, अमृत विचार : आगामी त्योहारों धनतेरस, दिवाली को लेकर जिले में शांति व कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से थाना सैदनगली के अध्यक्ष विकास कुमार ने क्षेत्र के समस्त ग्राम प्रधानों, व्यापारियों सम्भ्रांत व्यक्तियों के साथ गोष्ठी की। गोष्ठी में थानाध्यक्ष विकास कुमार ने सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं को त्योहारों के दौरान संभावित खतरों से बचाव के लिए निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में पटाखों के अनधिकृत भंडारण, अवैध हथियारों के उपयोग तथा आपसी विवादों से उत्पन्न होने वाली घटनाओं पर विशेष नजर रखने का आह्वान किया। साथ ही, संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने तथा सामुदायिक सहयोग से शांतिपूर्ण उत्सव मनाने पर बल दिया। गोष्ठी में उपस्थित ग्राम प्रधानों ने पुलिस के प्रयासों की सराहना करते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

हर्ष शर्मा का प्रदेश स्तरीय क्रिकेट टीम में चयन

हसनपुर, अमृत विचार : हसनपुर तहसील क्षेत्र के गांव तरौली के हर्ष शर्मा का चयन उत्तर प्रदेश की अंडर 14 क्रिकेट टीम में हुआ है। हर्ष अब 14 अक्टूबर को गोरखपुर में होने वाली राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की टीम हिस्सा होंगे। तरौली निवासी शिक्षक हरीश शर्मा के बेटे हर्ष शर्मा स्वामी दयानंद पब्लिक स्कूल, छपना में कक्षा नौ के छात्र हैं। हर्ष ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन 30 सितंबर को बिजनौर में आयोजित मंडल स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में किया, जहां उन्होंने ऑलराउंडर की भूमिका निभाई। उनका चयन उत्तर प्रदेश की अंडर 14 टीम के लिए किया गया है। रविवार को विद्यालय में हर्ष की इस उपलब्धि पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य भीष्म सिंह और प्रबंधिका बाला देवी ने छात्र हर्ष शर्मा को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

अमृत विचार

मुरादाबाद , सोमवार,13 अक्टूबर 2025

न्यूज ब्रीफ

भट्ठा मालिक ने नहीं दी मजदूरी, मारपीट का भी आरोप

रजपुरा, अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव हिरौनी निवासी युवक ने भट्ठा मालिक पर मजदूरी के रुपये नहीं देने और मारपीट करने का आरोप लगाया है। रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव हिरौनी निवासी सूरजपाल ने रविवार को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मजदूरी करता है। आरोप है कि गांव का ही भट्ठा मालिक रामपाल करीब 5 महीने पहले युवक और उसके परिवार के लोगों को भट्ठे पर मजदूरी के लिए लेकर गया था। पीड़ित सूरजपाल का आरोप है कि उसके मजदूरी के करीब 1 लाख 50 हजार रुपये भट्ठा मालिक रामपाल पर निकल रहे हैं। आरोप है कि पीड़ित ने अपने रुपये मांगे तो भट्ठा मालिक रामपाल ने रुपये देने से इनकार कर दिया और युवक के साथ मारपीट कर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

श्रीअन्न की खेती से किसानों की आय होगी दोगुनी : औलख

प्राकृतिक चिकित्सा व दिनचर्या बदलने से शरीर से होंगे रोग दूर , श्री अन्न को बढ़ावा देने के लिए किया कार्यशाला का आयोजन

संवाददाता, बहजोई

कार्यक्रम का उद्घाटन करते प्रदेश सरकार के मंत्री बलदेव सिंह औलख व अन्य।

अमृत विचार : संभल कल्कि महोत्सव व विकास उत्सव के सातवें दिन प्रथम सत्र में नेशनल फूड सिक्योरिटी व न्यूट्रिशन न्यूट्रीसीरियल्स घटक के तहत श्री अन्न उत्पाद मूल्य संवर्द्धन और विपणन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने किसानों से श्रीअन्न की खेती बढ़ाकर किसानों को अधिक मुनाफा कमाने का आह्वान किया। वहीं दूसरे सत्र में आयुर्वेद से बड़ी बीमारियों के उपचार के उपाय बताए गए।

बड़ा मैदान पर चल रहे महोत्सव के सातवें दिन का उद्घाटन राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव, डीएम राजेंद्र पेंसिया, सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, परमेश्वर लाल सैनी, ओमवीर सिंह खड़कवंशी, पद्मश्री भूषण त्यागी व शैलेंद्र कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किसानों की आय दोगुनी करने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। श्री अन्न को बढ़ावा देने के लिए एमएसपी दोगुनी की गई है। जिससे पहले कम मूल्य वाली फसलें भी अब लाभदायक बन गई हैं।

उन्होंने किसानों से रासायनिक खाद का सीमित प्रयोग कर जैविक और प्राकृतिक खेती अपनाने और श्री अन्न को भोजन में शामिल करने का आह्वान किया। वहीं पराली न जलाकर मक्का, एथेनॉल, सिलेज, मुर्गी दाना, व हर भुट्टे के निर्यात की दिशा में काम करने को कहा। डीएम राजेंद्र पैंसिया ने कहा कि श्री अन्न में स्वास्थ्यवर्धक तत्व होते हैं। वह पिछले 15 वर्षों से गेहूं और चावल का उपयोग नहीं करते और श्री अन्न को ही भोजन में शामिल किया है। उन्होंने कहा कि श्री अन्न का ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है।

रोड शो में सेहत और स्वावलंबन की दिलाई शपथ

बहजोई, अमृत विचार : श्री अन्न को आम जनमानस के लिए भोजन में शामिल करने और किसानों को इसके उत्पादन को प्रेरित करने को लेकर बहजोई के बाद मैदान पर रोड शो का आयोजन किया गया। जिस राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने हरी झंडी दिखाकर उद्घाटन। रोड शो खाटू श्याम मंदिर, भगवंतपुर देवी मंदिर देवी, रेलवे रोड बहजोई इंटर कॉलेज मोहल्ला कुरेशियान व चंदौसी रोड होता हुआ फिर से बड़े मैदान पर पहुंच कर संपन्न हुआ। इस दौरान राज्य मंत्री ने मौके पर मौजूद लोगों को श्री अन्न उपयोग की शपथ दिलाई।

मानव ने जीवन शैली में सुधार किया तो खुद व खुद दूर हो जाएंगे रोग

बहजोई, अमृत विचार : संभल कल्कि महोत्सव के दूसरे सत्र में आयुर्वेद और स्वास्थ्य विषय को लेकर सम्मेलन का आयोजन किया। जिसमें प्राकृतिक चिकित्सा तथा आयुर्वेदाचार्य डॉ. विश्वरूप चौधरी ने मौजूद जनसमूह को प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व और जीवन शैली में सुधार के उपाय के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज अधिकतर लोग हमारी गलत जीवन शैली, अनुचित खानपान के कारण बीमार हो रहे हैं। यदि हम अपनी दिनचर्या और भोजन के समय को ठीक कर लें बहुत सी गंभीर बीमारियों से बच सकते हैं। शरीर में कैंसर जैसे रोग इसलिए पनपते हैं क्योंकि हम प्रकृति से दूर होते जा रहे हैं। अंग्रेजी में कीमोथेरेपी शरीर को कमजोर कर देती है। जबकि प्राकृतिक चिकित्सा में नीम जैसे औषधीय पौधों से उपचार संभव है।

पालिका अध्यक्ष ने किया सेल्फी प्वाइंट का उद्घाटन

चंदौसी, अमृत विचार : नगर पालिका परिषद चंदौसी द्वारा नगर के स्टेशन रोड दादा स्वीट्स के समीप स्थापित कूड़ा संग्रहण स्थल को समाप्त करते हुए पालिका द्वारा सेल्फी पॉइंट बनाया गया है। सेल्फी पॉइंट का रविवार को नगर पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय एवं अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम के द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया।

पालिकाध्यक्ष ने कहा कि पालिका क्षेत्र में विकास कार्यों में लापरवाही नहीं की जाएगी। इस मौके पर सभासदों में अमन कोरी, तरुण कुमार नीरज, अंशुल गुप्ता, मनोज गुप्ता, कपिल कुमार आदि उपस्थित रहे। पालिका स्टाफ से सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार, प्रभाकर गुप्ता, लवित वार्ष्णेय, आशीष गुप्ता, चंद्रमोहन, विकास, आदित्य राणा, सुभाष आदि लोग उपस्थित रहे।

पुलिस से मिला जावेद हबीब का अधिवक्ता

कार्यालय संवाददाता, संभल

- वकील ने जावेद हबीब को हार्ट की समस्या व पिता के निधन का दिया हवाला
- पुलिस ने कहा जावेद हबीब को खुद आना होगा बयान दर्ज कराने के लिए

अमृत विचार : एफएलसी कंपनी में मुनाफे का झांसा देकर करोड़ों रुपये के घोटाले को लेकर संभल पुलिस द्वारा हेयर स्टाइलिस्ट जावेद हबीब, उनके बेटे अनस व एक अन्य व्यक्ति सैफुल के खिलाफ 32 एफआईआर दर्ज कर दिये जाने के बाद रविवार को जावेद हबीब के अधिवक्ता ने संभल पुलिस के सामने आकर मुकदमों को लेकर जावेद हबीब का पक्ष रखा।

रविवार शाम 6 बजे जावेद हबीब के अधिवक्ता पवन कुमार लखनऊ से संभल के थाना रायसत्ती पहुंचे। वहां थानाध्यक्ष बृजेंद्र कुमार, नई सराय चौकी प्रभारी पवित्र परमार और रायसत्ती चौकी प्रभारी दिनेश कुमार से करीब 20 मिनट तक बातचीत कर मुकदमों को लेकर जावेद हबीब का पक्ष रखते हुए बचाव में कुछ दस्तावेज पुलिस को सौंपे। अधिवक्ता पवन कुमार ने बताया कि जावेद हबीब को हार्ट की समस्या है और हाल ही में उनके पिता का निधन हुआ था। उन्होंने कहा कि जावेद हबीब पुलिस जांच में पूरा सहयोग करने को तैयार हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उन्हें सैफुल नामक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी नहीं है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जावेद हबीब, उनके बेटे ओनस और सैफुल के खिलाफ कुल 32 एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं। पुलिस ने बयान दर्ज करने के लिए नोटिस भेजा था। रविवार को अधिवक्ता के आने पर उन्हें यह बताया कि जावेद हबीब को स्वयं उपस्थित होकर अपने बयान दर्ज कराने होंगे। जिले में अब तक 100 से अधिक लोग इस घोटाले में पीड़ित बताए जा रहे हैं।

प्रारंभिक जांच में एक करोड़ रुपये से अधिक की रकम का फर्जीवाड़ा सामने आया है। पुलिस को दी शिकायतों के अनुसार, 24 अगस्त 2023 को सरायतरीन स्थित रॉयल पैलेस में एफएलसी कंपनी की मीटिंग बुलाई गई थी। इसमें सैफुल ने लोगों को 50 से 70 प्रतिशत तक मुनाफे का झांसा देते हुए यह कहा कि किसी भी नुकसान की जिम्मेदारी कंपनी की होगी। बाद में आरोपियों ने निवेश के नाम पर लाखों रुपए हड़प लिए और विरोध करने पर धमकियां भी दीं।

आरोग्य मेलों में 2828 मरीजों को मिला उपचार

कार्यालय संवाददाता, संभल

- आरोग्य मेलों में लोगों से नशा छोड़ने का किया आह्वान

अमृत विचार : जनपद संभल में 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं 5 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 2828 रोगियों का उपचार किया गया। इस दौरान नशे के नुकसान बताकर नशा छोड़ने का आह्वान भी किया गया।

रविवार को मेला सत्रों पर 36 चिकित्सकों एवं 122 पैरा मेडिकल स्टाफ द्वारा कुल 1128 पुरुष रोगी, 1070 महिला रोगी एवं 630 बच्चों का निःशुल्क उपचार किया गया। समस्त मेला सत्रों पर आयुष्मान भारत जन-आरोग्य योजना के अन्तर्गत 165 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड तथा 231 आभा आईडी बनाये गये। इस दौरान बुखार के 256, चर्म रोग के 427, दमा के 307, मधुमेह रोग के 77, नेत्र रोग से सम्बन्धित 16, उच्च रक्तचाप के 63 तथा अन्य रोगों के मरीज देखे गये। बुखार के सम्बन्ध में 74 मरीजों की मलेरिया की तथा 24 रोगियों की डेंगू की जांच की गयी। सभी संदिग्ध मरीजों की रिपोर्ट निगेटिव रही। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर परिवार नियोजन परामर्श व परिवार नियोजन सामग्री के लिये अलग काउंटर बनाये गये। आशाओं द्वारा सोर्स रिडक्सन एवं संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। एक युद्ध नशे के विरुद्ध के अन्तर्गत 242 व्यक्तियों को तम्बाकू छोड़ो परामर्श भी दिया गया। मेला सत्रों का मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक एवं अन्य जनपद एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया।

भागवत कथा से पहले निकाली कलश यात्रा

मनोटा, अमृत विचार : विकासखंड असमोली क्षेत्र के गांव हरिपुर मिलक में रविवार को श्रीमद् भागवत कथा का आरंभ किया गया। कथा शुरू होने से पहले से कथा वाचक हितेश मृदुल शास्त्री ने कलश यात्रा का उद्घाटन किया।

जिसमें ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर कर हिस्सा लेते हुए गांव में बहुत ही सुन्दर तरीके से कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा कथा स्थल से शुरू होकर गांव के मुख्य मार्ग से होती हुई यथा स्थान पर आकर समाप्त हो गई। सभी ग्रामीणों ने खुशी के साथ कलश यात्रा का भव्य स्वागत करते हुए गांव को भक्ति के रंग में रंग दिया। यात्रा में गांव की महिलाओं एवं ग्राम वासियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और भक्ति को पेश किया।

रात में की थी दुकान पर रुकने की जिद, सुबह मिला शव

कार्यालय संवाददाता, संभल

- गुन्नौर क्षेत्र के अकबरपुर गांव के जंगल में मिली युवक की लाश

अमृत विचार : गुन्नौर थाना क्षेत्र में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकी लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक ने शनिवार रात बड़े भाई से दुकान पर रुकने की जिद की थी। इसके बाद रविवार सुबह उसका शव दूसरे गांव के जंगल में पेड़ से फंदे पर लटकता मिला।

घटना गांव अकबरपुर के जंगल की है। मृतक की पहचान सुखदेव (22 वर्ष) पुत्र सोहनलाल निवासी गांव कंहुआ दौलतपुर के रूप में हुई है। रविवार सुबह 8:30 बजे ग्रामीणों ने हप्पू के खेत में पाकड़ के पेड़ से सुखदेव का शव लटकता देखा। परिजनों के अनुसार सुखदेव ने शनिवार रात अपने बड़े भाई सत्यवीर से दुकान पर रुकने की जिद की थी। परिवार की मूंगफली और पेठे की दुकान कस्बा गुन्नौर के नेहरू चौक पर है। भाई ने बताया कि रात में आमतौर पर वह या उनका कर्मचारी दुकान पर रुकता था, लेकिन उस दिन सुखदेव ने खुद रुकने की बात कही। कुछ देर बाद वह लापता हो गया। सत्यवीर ने बताया कि पूरी रात अपने भाई को ढूंढा, नरौरा और बबराला रेलवे स्टेशन तक तलाश की। सुबह उसके दोस्त ने फोन किया तो किसी ने बताया यहां आ जाओ। मौके पर देखा कि सुखदेव का शव पेड़ से लटका हुआ था। परिजनों का कहना है कि घर में किसी से कोई नाराजगी या विवाद नहीं था। न ही किसी तरह की रंजिश की बात सामने आई है। थानाध्यक्ष अखिलेश प्रधान ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

संभल-गजरौला रेल लाइन के लिए चलेगा अभियान

कार्यालय संवाददाता, संभल

- चौधरी रविराज चाहल के आवास पर हुई बैठक
- सरकार तक मांग पहुंचाने का लिया संकल्प

अमृत विचार : जिला संघर्ष समिति की बैठक में संभल-गजरौला रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग पूरी कराने के लिए अभियान तेज करने का निर्णय लिया गया। सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से सरकार तक आवाज पहुंचाने की बात तय की गई।

तहसील क्षेत्र के गांव गैलुआ में चौधरी रविराज चाहल के आवास पर बैठक में संभल-गजरौला रेल लाइन के विस्तारीकरण की लंबे समय से लंबित मांग पर विस्तार से चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि अब समिति के सदस्य एवं क्षेत्रीय नागरिक मिलकर इस मांग को भारत सरकार तक पत्र, ईमेल, ट्विटर और अन्य संचार माध्यमों के जरिए पहुंचाएंगे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए रविराज चाहल ने कहा कि संभल से गजरौला रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग लगभग पांच दशक पुरानी है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। हमें एकजुट होकर जागरूकता के साथ अपनी आवाज केंद्र सरकार तक पहुंचानी होगी। उन्होंने कहा कि रेल लाइन का विस्तार संभल के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। इससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। किसान और व्यापारी अपने उत्पादों को देश और प्रदेश के अन्य हिस्सों तक आसानी से पहुंचा सकेंगे। बैठक में संजीव शर्मा, अतुल चौधरी, खिलेंद्र चाहल, सरदार नागेंद्र सिंह, खुर्शीद अहमद, रामोतार सिंह जाटव, सोमदत्त शर्मा, हेमेंद्र सिंह, दुर्गेश कुमार, डॉ. नाज़िम, मोहन जाटव, ग्राम प्रधान पति महावीर सिंह, मनोज कुमार, बंसी आदि शामिल रहे।

सुरक्षा व निगरानी के बीच हुई पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा, 919 रहे गैरहाजिर

कार्यालय संवाददाता, संभल

चंदौसी में परीक्षा संपन्न होने के बाद परीक्षा केंद्र से बाहर निकलते परीक्षार्थी।

अमृत विचार : जनपद रविवार को 13 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा और निगरानी के बीच पीसीएस की प्रारंभिक परीक्षा संपन्न हुई। 5607 में से 4688 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी जबकि 919 गैर हाजिर रहे। प्रत्येक परीक्षा कक्ष में तीन-तीन सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ ही कंट्रोल रूम से एआई तकनीक के माध्यम से निगरानी की गई।

परीक्षा की पहली पाली सुबह 9:30 से शुरु हुई। इसके लिए सुबह आठ बजे से ही परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए कतार में लग गये। सघन तलाशी के बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से पहले कड़ी जांच से सभी परीक्षार्थियों को गुजरना पड़ा। परीक्षा केंद्रों के बाहर जहां पुलिस बल तैनात रहा। सभी कैमरों को जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम से जोड़ा गया था जहां एआई से निगरानी की जा रही थी। पहली पारी की परीक्षा 11:30 बजे खत्म हुई। इसके बाद दूसरी पाली की परीक्षा 2:30 से शुरु हुई तो 4:30 बजे संपन्न हुई। परीक्षा को शांतिपूर्ण और नकलविहीन माहौल में संपन्न कराने के लिए सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट लगातार भ्रमण करते रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार ने बताया कि संभल शहर में राजकीय डिग्री कॉलेज हयातनगर, एमजीएम महाविद्यालय, आचार्य मुक्तेश हकीम रईस सरस्वती इंटर कॉलेज, शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज, हिंद इंटर कॉलेज, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज और जेडयू इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया। चंदौसी में चंदौसी इंटर कॉलेज, एसएम कॉलेज, नानक चंद इंटर कॉलेज और एसएम इंटर कॉलेज तथा बहजोई में इंटरमीडिएट कॉलेज और हीरा देवी तोताराम कन्या इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र रहे। जिविनि ने बताया कि परीक्षा के लिए कुल 5607 पंजीकृत परीक्षार्थी थे। इनमें से 4688 की उपस्थिति रही जबकि 919 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे।

न्यूज डायरी

सपाइयों ने डॉ. लोहिया के बताए रास्ते पर चलने का किया आह्वान

बहजोई, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने समाजवादी नेता डॉ. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। डॉ. राम मनोहर लोहिया को जनता के लिए हमेशा संघर्ष करने वाला समाजवादी नेता बताया। समाजवादी पार्टी के आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी व जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार सहित अन्य पदाधिकारी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा कि डॉ. राम मनोहर लोहिया देश में समाजवाद के पक्षधर थे। उन्होंने जनता के लिए हमेशा संघर्ष किया। उन्होंने नारा दिया रोजी-रोटी कपड़ा दो नहीं तो गद्दी छोड़ दो। जनता के लिए संघर्ष करने के लिए उन्हें जेल जाना पड़ा। समाजवाद के नायक डॉ. राम मनोहर लोहिया हमेशा दलित, अल्पसंख्यक व पिछड़ों की बात को उठाया करते थे। जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार ने कहा कि कार्यकर्ता डॉ. राम मनोहर लोहिया के बताए रास्ते पर चलने का काम करें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा बनाया गया पीडीए इस देश में समाजवाद ला सकता है। इस दौरान विधानसभा उमेश यादव, कमल शर्मा, शोभित कुमार काका, सद्दाम कुरेशी, चेतन गुप्ता, राजवीर सिंह, बलवंत सिंह, विशाल कुमार, अशोक यादव, पूरनलाल मौर्य, ओमप्रकाश प्रजापति, निकुंज गंगवार, निसार अहमद, मनोज शर्मा, योगेश यादव, एपी यादव, अशोक राणा, जहांगीर कुरैशी आदि मौजूद रहे।

स्वदेशी अपनाने से ही आत्मनिर्भर बनेगा भारत

संभल/असमोली , अमृत विचार : स्वदेशी जागरण मंच व स्वावलंबी भारत अभियान के तत्वावधान में स्वदेशी संकल्प यात्रा रविवार को कल्कि धाम, ऐंचोड़ा कंबोह, असमोली, परियावली होते हुए संभल पहुंची। इस दौरान विदेशी कंपनियां भारत छोड़ो का संदेश देते हुए लोगों से देश में बने उत्पाद खरीदने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने कल्कि धाम, असमोली और संभल में यात्रा का स्वागत किया। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय विचार विभाग प्रमुख डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि स्वदेशी ही आत्मनिर्भरता और राष्ट्रभक्ति का आधार है। प्रांत संघर्ष वाहिनी प्रमुख सुधांशु विश्नोई ने कहा कि विदेशी कंपनियां देश का पैसा बाहर ले जाती हैं। सुमित त्यागी ने कहा कि यदि हम स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करें, तो भारत को प्रथम अर्थव्यवस्था बनने से कोई रोक नहीं सकता।

रोटरी के अध्यक्ष व सचिवों का प्रशिक्षण सम्पन्न

संभल/चंदौसी , अमृत विचार : रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3100 की वर्ष 2026-27 की गवर्नर रोटेरियन पायल गौर के नेतृत्व में नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सचिव प्रशिक्षण सेमिनार का आयोजन एएम वर्ल्ड स्कूल चंदौसी में किया गया। कार्यक्रम का संचालन रोटेरियन अनुराग मित्तल ने किया। सेमिनार में चंदौसी, संभल, हसनपुर, बहजोई और बबराला के रोटरी क्लबों के सदस्यों ने भाग लिया। मेरठ से आए पूर्व गवर्नर हरि गुप्ता ने क्लब में मेंबरशिप डेवलपमेंट पर अपने विचार साझा किए। वहीं मुरादाबाद से आए पूर्व गवर्नर अखिलेश कोठीवाल ने क्लब में अध्यक्ष और सचिव की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। इसी क्रम में वर्ष 2027-28 के गवर्नर काव्य रस्तोगी ने रोटरी में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। गवर्नर पायल गौर ने आगामी वर्ष की रूपरेखा प्रस्तुत कर नवनिर्वाचित अध्यक्षों एवं सचिवों को सर्टिफिकेट प्रदान किए। सभा के अंत में सभी का आभार अश्वनी सक्सेना ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में विजय कुमार, डॉ. अमोल कंचन, पायल गुप्ता, डॉ. सुधा चौधरी, मनोज सराफ, संजय गुप्ता, सौरभ अग्रवाल, तन्मय अग्रवाल और भुवनेश का सक्रिय योगदान रहा। इस प्रशिक्षण सेमिनार का उद्देश्य रोटरी क्लबों के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराना और संगठन की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाना रहा।

दिवाली पर जरूरतमंदों की मदद का लिया निर्णय

चंदौसी, अमृत विचार : समर्पण वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में मयूर विहार स्थित समिति की सचिव अभिलाषा प्रजापति के निवास पर बोर्ड सदस्यों की बैठक हुई। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर ईश वंदना की गई। फिर सब लोगों ने एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इसके पश्चात दिवाली पर जरूरतमंदों को कुछ उपहार देकर इस त्योहार मनाने को लेकर चर्चा की गई। समिति की अध्यक्ष मीनू अग्रवाल ने इस योजना को क्रियान्वित करने के लिए सदस्यों को यथोचित कार्य सौंप दिए। बैठक की अध्यक्षता मीनू अग्रवाल एवं संचालन अभिलाषा प्रजापति ने किया। इस अवसर पर काजल अरोड़ा, रुचि अग्रवाल, सपना गुप्ता, रश्मि वर्मा, बबली वर्मा, नीलम कश्यप, साधना शर्मा आदि सदस्याएं उपस्थिति रहीं।

कार्यक्रम संस्कार भारती मेरठ प्रांत की विशेष साधारण सभा चंदौसी में सम्पन्न

संस्कार भारती है देश की आत्मा का संवाहक

कार्यालय संवाददाता,संभल/चंदौसी

चंदौसी मे संस्कार भारती की बैठक में बोलते अतिथि। ● अमृत विचार

- अखिल भारतीय मंत्री अनुपम भटनागर सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारियों की रही उपस्थिति

अमृत विचार : संस्कार भारती मेरठ प्रांत की विशेष साधारण सभा का आयोजन रामकृष्ण पप्पू सेठ धर्मशाला चंदौसी में किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से संस्कार भारती के सेवा कार्यों को निस्वार्थ भाव से करने का आह्वान किया गया।

सभा का आरंभ साईं बाल विद्या मंदिर की बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं हरिओम कश्यप द्वारा ध्येय गीत की प्रस्तुति से हुआ। अपने संबोधन में विभाग प्रचारक शरद ने कहा कि भारतीय संस्कृति की जड़ों से जुड़ी हास्य विधाओं की पुनः स्थापना आवश्यक है। उन्होंने पंच परिवर्तन, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, स्वदेशी जागरण, पर्यावरण की चिंता एवं नागरिक कर्तव्य के माध्यम से राष्ट्र को पुनः विश्वगुरु के पद पर प्रतिष्ठित करने का आह्वान किया। क्षेत्र संपर्क अधिकारी पदम ने संगठन की नई कार्य रचना और कला विभाग के पांच उपविभागों मंचीय कला, साहित्य, दृश्य कला, लोककला एवं कला धरोहर विभाग की संरचना पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विभाग में कला विशेषज्ञों और श्रेष्ठ कलाकारों की टोली गठित की जाएगी, जो स्थानीय से लेकर अखिल भारतीय स्तर तक सांस्कृतिक एवं कलात्मक गतिविधियों के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्रांतीय अध्यक्ष प्रो. वागीश दिनकर ने उद्बोधन में कार्यकर्ताओं से संस्कार भारती के कार्य को निस्वार्थ भाव, लगन और निष्ठा से करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संस्कार भारती केवल संगठन नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक आत्मा का संवाहक है। अध्यक्ष ने कार्यक्रम आयोजक सौरभ कुमार सहित सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र के साथ हुआ। संचालन प्रेम प्रकाश अरोरा प्रांतीय कोषाध्यक्ष व इंद्रपाल शर्मा प्रांतीय महामंत्री ने संयुक्त रूप से किया।

चंदौसी में दो घरों से सामान चोरी

संभल/चंदौसी ,अमृत विचार : चंदौसी कोतवाली क्षेत्र के गांव करेला में शनिवार रात अज्ञात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाते हुए ताले तोड़कर हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की।

गांव निवासी भगवानदास अपने घर में अकेले रहते हैं, जबकि उनका बेटा परिवार के साथ चंडीगढ़ में निवास करता है। शनिवार की रात वे घर के बरामदे में सो रहा था। जब सुबह सो कर उठा तो बेटे के कमरे का ताला टूटा हुआ था और दरवाजे खुले मिले। कमरे में सारा सामान बिखरा पड़ा था और संदूक से कीमती सामान गायब था। वहीं, दूसरी चोरी की घटना कुछ दूरी पर स्थित गंगाराम के घर में हुई, जो गांव में ही दूसरे मकान में रह रहे हैं। रविवार सुबह जब वे पुराने मकान के घेर पर पहुंचा, तो देखा कि वहां के ताला टूटा पड़ा था कमरे मे रखे धान से भरे 10 से 12 कट्टे गायब थे। पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पीड़ितों से पूछताछ की। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज भी चेक किए।

न्यूज ब्रीफ

केशव मौर्य ने रूस में देखा बुद्ध मठ

बुद्ध मठ के अध्यक्ष से मिलते केशव मौर्य।

अमृत विचार, लखनऊ : इन दिनों रूस दौर पर गए उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने वहां काल्मिकिया गणराज्य के एलिस्ता शहर में निर्माणाधीन बुद्ध मठ में माता ग्रीन तारा देवी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। साथ ही, मंदिर एवं पार्क निर्माण की प्रगति और उससे जुड़े विषयों की जानकारी प्राप्त की। केशव मौर्य प्रतिनिधिमंडल के साथ बुद्ध के अवशेषों को लेकर शनिवार को रूस पहुंचे थे। इस दौरान रविवार को अपने संबोधन में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रूस में भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों की प्रदर्शनी से भारत और रूस के सांस्कृतिक व राजनैतिक रिश्तों में और गहराई आएगी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग लेगा फीडबैक

अमृत विचार, लखनऊ : राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग का एक प्रतिनिधिमंडल 14 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश का दौरा कर राज्य एवं केंद्र की सांख्यिकीय व्यवस्थाओं के बीच समन्वय को और अधिक मजबूत करने पर मंथन करेगा। आयोग इस बैठक में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के साथ भी संवाद स्थापित करेगा। इस उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष, प्रो. राजीव लक्ष्मण करिदकर करेंगे। वहीं, नीति आयोग से अन्ना रॉय (प्रमुख आर्थिक सलाहकार) और भारतीय रिजर्व बैंक से डीएआर जोशी (अधिशासी निदेशक) एवं सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय से अन्य वरिष्ठ अधिकारियों सहित कुल 19 सदस्य अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल इस बैठक में शामिल रहेगा।

निजीकरण मामले में अब योगी से गुहार

अमृत विचार, लखनऊ : निजीकरण प्रकरण को लेकर अब विद्युत इंजीनियर्स मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शरण में जाएंगे। इस क्रम में ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन (एआईपीईएफ) मुख्यमंत्री को चिट्ठी लिखकर इस मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह करेगा। खास उद्देश्य बिजली (संशोधन) विधेयक 2025 के प्रावधानों के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की दो वितरण कंपनियों के निजीकरण के फैसले को रद्द करवाने का है। एआईपीईएफ ने मांग की है कि योगी आदित्यनाथ इस मसौदा विधेयक के प्रावधानों के मद्देनजर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के प्रस्ताव को रद्द करने का निर्देश दें। यह जानकारी एआईपीईएफ के अध्यक्ष शैलेन्द्र दुबे ने दी है।

दानिश आजाद ने की मुंबई मैराथन की शुरुआत

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र. सरकार के राज्यमंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज दानिश आजाद अंसारी ने रविवार सुबह मुंबई में आयोजित सरदार पटेल रन फॉर यूनिटी मैराथन की शुरुआत की। 10 किलोमीटर, 5 किलोमीटर और 3 किलोमीटर की इस मैराथन में मुंबई के हजारों युवाओं ने भाग लिया। मैराथन में आए हुए युवाओं को संबोधित करते हुए मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि आज मुंबई की सड़कों से पूरे देश में एकता और भाईचारे का एक संदेश गया है, हजारों की यह भीड़ बताने के लिए काफी है कि प्रधानमंत्री मोदी का विकसित भारत 2047 का जो संकल्प है, उस संकल्प पर पूरा भारत एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है।

नए सिरे से संस्थाओं को दिए जाएंगे वृद्धाश्रम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कई साल बाद समाज कल्याण विभाग टेंडर से करेगा चयन

अमृत विचार : समाज कल्याण विभाग की तरफ से प्रदेश में संचालित वृद्धाश्रम स्वैच्छिक संस्थाओं को नये सिरे से दिए जाएंगे। संस्थाओं का चयन टेंडर के माध्यम से होगा। नई संस्थाओं के आने से व्यवस्थाओं में बदलाव आएगा।

सभी जिलों में समाज कल्याण विभाग की तरफ से एक-एक वृद्धाश्रम संचालित हैं। वृद्धाश्रम की क्षमता 150 वृद्ध संवासी है। विभाग द्वारा प्रति वृद्ध संवासी 114 रुपये प्रति भोजन का दिया जाता है। इसके अलावा वर्ष में दो बार कपड़े, मनोरंजन, चिकित्सा आदि सुविधाएं वृद्धों को उपलब्ध कराई जाती हैं। वृद्धाश्रम का संचालन स्वैच्छिक संस्थाएं पीपीपी मोड पर नवीनीकरण कराकर करती आ रही हैं। लेकिन, कई साल से टेंडर नहीं हुए हैं। इससे अन्य संस्थाओं को मौका नहीं मिल सका। ऐसे में विभाग द्वारा वृद्धाश्रम संचालन के लिए टेंडर डाले जाएंगे। टेंडर के माध्यम से संस्थाओं का चयन होगा। निदेशालय समाज कल्याण उपनिदेशक आरपी सिंह ने बताया कि टेंडर की प्रक्रिया चल रही है।

देश में यूपी बना वित्तीय अनुशासन का मॉडल राज्य

सीएजी रिपोर्ट में खुलासा, पूंजीगत व्यय और निवेश में शीर्ष पर यूपी, राजस्व नियंत्रण पर रखा नियंत्रण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश वित्तीय अनुशासन और निवेश के मामले में देश के सभी 28 राज्यों में अव्वल आया है। प्रदेश ने न केवल राजस्व व्यय पर नियंत्रण रखा, बल्कि निवेश और पूंजीगत खर्च में नया इतिहास रचा है। वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और विकास उन्मुख व्यय ने यूपी को देश का फाइनेंशियल रोल मॉडल स्टेट बना दिया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल 1,03,237 करोड़ रुपये पूंजीगत व्यय किया जो देश में सबसे अधिक है। यह राशि राज्य की शुद्ध लोक ऋण प्राप्तियों का 210.68% है, जो यह दर्शाता है कि सरकार ने लिया गया ऋण केवल विकास और पूंजी निर्माण के कार्यों पर खर्च किया है। यह एक आदर्श वित्तीय स्थिति मानी जाती है।

सीएजी रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश की राजस्व प्राप्तियां उसके राजस्व व्यय से अधिक रही हैं, यानी राज्य राजस्व बचत की स्थिति में है। राज्य का स्वयं का राजस्व (कर एवं करेतर) राजस्व प्राप्तियों का 45% रहा, जबकि हरियाणा, तेलंगाना, महाराष्ट्र और गुजरात जैसे औद्योगिक राज्यों में यह 70-80% के बीच रहा। प्रदेश ने कुल व्यय का 9.39% निवेश पर खर्च किया, जो महाराष्ट्र (3.81%), गुजरात (3.64%) और बिहार (1.65%) से कहीं अधिक है। इसके साथ ही, 2013-14 से 2022-23 में केंद्रीय करों में सर्वाधिक राशि उत्तर प्रदेश को ही प्राप्त हुई है।

वेतन-पेंशन-ब्याज में कम व्यय

उप्र. ने प्रतिबद्ध व्यय (वेतन, पेंशन और ब्याज भुगतान) पर कुल राजस्व व्यय का 42.57% खर्च किया, जो हरियाणा (55.27%) और तमिलनाडु (50.97%) से कम है। प्रदेश ने अपने कुल व्यय का 12.43% वेतन पर खर्च किया, जबकि 16 राज्यों ने 20% से अधिक खर्च किया। वहीं, पेंशन पर व्यय कुल व्यय का 12.15% रहा, जो कई राज्यों (जैसे हिमाचल प्रदेश 15%) से कम है। इसी तरह, ब्याज भुगतान कुल व्यय का 8.90% रहा, जबकि 10 राज्यों ने इस मद में 10% से अधिक खर्च किया। सब्सिडी पर व्यय मात्र 4.40% रहा, जबकि पंजाब ने अपने व्यय का 17% सब्सिडी पर व्यय किया।

सहायता अनुदान में संतुलित व्यय

राज्य ने वृहद निर्माण कार्यों पर कुल व्यय का 11.89% खर्च किया, जो इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सहायता अनुदान (सामान्य एवं वेतन) पर 22.85% व्यय किया, जो अन्य बड़े राज्यों जैसे महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से कम है। इसी तरह, सहायता अनुदान (पूंजी सृजन) पर 2.27% व्यय किया, जबकि असम, झारखंड और त्रिपुरा में यह 5% से अधिक रहा।

मानक के साथ न्यूनतम देयता वाला राज्य

वित्तीय वर्ष 2022-23 में उप्र. ने एफआरबीएम एक्ट के सभी मानकों का पालन किया। राज्य की कुल देयता जीएसडीपी का 29.32% रही, जबकि कुल प्रत्याभूतियां मात्र 7.56% रहीं। यह सरकार के वित्तीय अनुशासन और स्थिरता का प्रमाण है।

गोमती नदी में नहीं गिरेगा एक भी सीवर, बनेगी कार्ययोजना

गोमती पुनर्जीवन मिशन की घोषणा, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नदी किनारे बसी अवैध बस्तियों में घुसपैठियों की पहचान कर कार्रवाई करने के निर्देश

अपने लखनऊ स्थित आवास पर गोमती की सफाई के संबंध में टेरीटोरियल आर्मी के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी।

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वच्छ, अविरल और निर्मल गोमती का संकल्प दोहराते हुए रविवार को 'गोमती नदी पुनर्जीवन मिशन' की घोषणा की। शीर्ष अफसरों को निर्देश दिए कि गोमती में एक भी बूंद सीवरेज न गिरे, इसके लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक रणनीति तैयार करें। हिदायत दी कि नदी किनारे बसे अवैध बस्तियों में घुसपैठियों की पहचान कर कार्रवाई की जाए, ताकि गोमती के तटों पर स्वच्छता और सुरक्षा दोनों सुनिश्चित की जा सकें।

मुख्यमंत्री आवास पर रविवार सुबह टेरिटोरियल आर्मी की पहल पर आयोजित बैठक में योगी ने कहा कि पीलीभीत से गाजीपुर तक प्रवाहित गोमती का पुनर्जीवन केवल जल शुद्धिकरण का नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और पर्यावरण के पुनर्संवर्धन का व्यापक अभियान है। 'गोमती नदी पुनर्जीवन मिशन' पर्यावरणीय उत्तरदायित्व और भावी पीढ़ियों के प्रति साझा प्रतिज्ञा का प्रतीक बनेगा। उन्होंने कहा कि यह केवल एक प्रशासनिक परियोजना नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग की सहभागिता से चलने वाली एक जन-आंदोलनात्मक पहल होगी।

योगी ने कहा कि यह मिशन केवल प्रदूषण नियंत्रण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि नदी के जैविक, सांस्कृतिक और सौंदर्यात्मक पुनर्जीवन का माध्यम बनेगा। कार्ययोजना के अंतर्गत लखनऊ में इकाना वेटलैंड और साजन झील जैसे नए वेटलैंड विकसित किए जाएंगे। नदी किनारे के अवैध अतिक्रमणों को हटाने, घाटों के सौंदर्यीकरण और तटीय हरियाली बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर सख्ती से प्रतिबंध लागू किया जाएगा, क्योंकि सीवर सिस्टम को चोक करने और प्रदूषण बढ़ाने में इसकी बड़ी भूमिका है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि टास्क फोर्स की मासिक बैठकें नियमित रूप से आयोजित हों, त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी जाए और हर स्तर पर पारदर्शिता व जनसहभागिता सुनिश्चित की जाए।

बैठक में मेजर जनरल सलिल सेठ, ब्रिगेडियर नवतेज सिंह सोहल, ब्रिगेडियर सी. माधवाल, कर्नल अरविन्द एस. प्रसाद, ले. कर्नल सचिन राणा, ले.कर्नल सौरभ मेहरोत्रा, मेजर केएस नेगी, प्रो. डॉ. वेंकटेश दत्ता, ले. कर्नल हेम लोहुमी, एसएम (सेवानिवृत्त) के साथ-साथ शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

39 प्रमुख नालों में से 13 अभी तक ट्रैप नहीं

मुख्यमंत्री की बैठक में जानकारी दी गई कि गोमती में गिरने वाले 39 प्रमुख नालों में से 13 अब भी बिना उपचारित हैं। वर्तमान में छह एसटीपी 605 एमएलडी की क्षमता से चल रहे हैं। इन्हें पूर्ण रूप से प्रभावी बनाने के लिए नालों को एसटीपी तक मोड़ने, नए संयंत्र स्थापित करने और पुराने संयंत्रों के उन्नयन की आवश्यकता है।

लखनऊ में मंडलायुक्त को समन्वय की जिम्मेदारी

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के अंतर्गत इसी वर्ष जनवरी में गठित गोमती टास्क फोर्स में राज्य स्वच्छ गंगा मिशन, सिंचाई विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जल निगम, लखनऊ नगर निगम, लखनऊ विकास प्राधिकरण व अन्य संस्थानों के प्रतिनिधियों व विशेषज्ञों के साथ समन्वय की जिम्मेदारी लखनऊ में मंडलायुक्त को सौंपी गई।

हर घर नल योजना में समयसीमा और गुणवत्ता से समझौता नहीं : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी का सख्त निर्देश, 15 दिसंबर तक विंध्य-बुंदेलखंड के हर घर में पहुंचे नल से जल

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को 'जल जीवन मिशन हर घर नल योजना' की समीक्षा बैठक में अधिकारियों और कार्यदायी एजेंसियों को सख्त निर्देश दिए कि विंध्य और बुंदेलखंड क्षेत्र में 15 दिसंबर 2025 तक हर घर में नल से जल की आपूर्ति सुनिश्चित कर दी जाए। उन्होंने योजना को राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता बताते हुए फेजवार डेडलाइन तय की। कहा कि थर्ड पार्टी ऑडिट अनिवार्य है। समयसीमा व गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि जहां भी देरी या लापरवाही मिलेगी, वहां जिम्मेदारी तय होगी। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों और प्रमुख अभियंताओं को आदेश दिया कि हर सप्ताह प्रगति रिपोर्ट अपडेट करें, स्थलीय सत्यापन और फोटोग्राफिक सबूत अनिवार्य हों, ताकि हर स्तर पर पारदर्शिता बनी रहे।

उन्होंने चेताया कि कागजी प्रगति नहीं चलेगी, फील्ड में नल से जल आना चाहिए। मुख्यमंत्री को बताया गया कि केंद्र सरकार द्वारा जल जीवन मिशन की अवधि दिसंबर 2028 तक बढ़ाने और परियोजना लागत में वृद्धि करने का प्रस्ताव विचाराधीन है।

एजेंसियों से पूछे सवाल

मुख्यमंत्री ने एनसीसी लिमिटेड, लार्सन एंड टुब्रो, मेघा इंजीनियरिंग, पीएनसी इन्फ्राटेक, पॉवर मैक, कल्पतरु प्रोजेक्ट्स, आईसी इंफ्रा सहित प्रमुख एजेंसियों के प्रतिनिधियों से सीधे सवाल किए। उन्होंने कार्य प्रगति, गुणवत्ता, भुगतान, ठेकेदारों की उपलब्धता, श्रमिकों की संख्या, पाइपलाइन बिछाने की गति, और परीक्षण प्रणाली की स्थिति की जानकारी ली।

50 हजार का इनामी लखनऊ से गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : गोंडा के करनैलगंज में अपहरण, पॉक्सो एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं का आरोपी लखनऊ के इंदिरानगर के सिद्धि इंटरप्राइजेज के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश को एसटीएफ की टीम ने रविवार सुबह दबोचा। उसे कोर्ट में पेश किया गया। यहां से उसे जेल भेज दिया गया है। एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार दीक्षित के मुताबिक, पकड़ा गया आरोपी सूरज सीतापुर के तंबौर स्थित छतॉगुर गांव का रहने वाला है। आरोपी आरोपी गोंडा के करनैलगंज स्थित गद्दोपुर गांव से किशोरी को भगा ले गया था।

बाल वैज्ञानिकों के मॉडल्स का किया जाएगा प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ पब्लिक कॉलिजिएट, रुचिखण्ड-1, शारदा नगर, बंगला बाजार रोड, लखनऊ में आज से शुरू हो रही दो दिवसीय इंस्पायर मॉनक राज्य स्तरीय प्रदर्शनी 2023-24 एवं 2024-25 में लखनऊ मंडल के 59 बाल वैज्ञानिक अपने नवाचारी मॉडल्स का प्रदर्शन करेंगे। नवाचार और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की इस योजना में लखनऊ मंडल ने एक बार फिर अग्रणी स्थान प्राप्त किया है।

दो वर्षों की राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में मंडल के छह जनपद- लखनऊ, हरदोई, उन्नाव, सीतापुर, लखीमपुर खीरी और रायबरेली- से चयनित छात्र-छात्राएं अपने प्रोटोटाइप और मॉडल्स प्रस्तुत करेंगे। इनमें सर्वाधिक 27 मॉडल्स अकेले लखनऊ जनपद के हैं, जो मंडल में विज्ञान शिक्षा के प्रति बढ़ते रुझान का प्रमाण हैं। लखनऊ मंडल से वर्ष 2023-24 के लिए 19 और 2024-25 के लिए 40 मॉडल्स का चयन हुआ है। यह जानकारी संयुक्त शिक्षा निदेशक, लखनऊ मंडल डॉ. प्रदीप कुमार सिंह ने दी है।

आत्मनिर्भरता की मिसाल बनी मोरिंगा आर्मी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रधानमंत्री मोदी ने लखनऊ की डॉ. कामिनी से की मुलाकात

डॉ. कामिनी

अमृत विचार : लखनऊ की डॉ. कामिनी सिंह ने महिला किसानों को संगठित कर 'मोरिंगा आर्मी' तैयार की, जिसने आत्मनिर्भरता की नई कहानी लिख दी है। सूचना विभाग के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. कामिनी सिंह की पहल से प्रभावित होकर उन्हें दिल्ली बुलाया और मोरिंगा खेती की बारीकियों को समझा।

मुख्यमंत्री योगी के निर्देशों पर चल रहे इस अभियान ने ग्रामीण बेटियों के जीवन में आत्मविश्वास और आर्थिक सशक्तिकरण की नई रोशनी फैलाई है। लखनऊ की डॉ. कामिनी सिंह ने एफपीओ के माध्यम से एक हजार से अधिक महिलाओं को जोड़कर सहजन (मोरिंगा) की खेती शुरू कराई। आज ये महिलाएं खेती के साथ वैल्यू एडिशन कर 18 से अधिक उत्पाद तैयार कर रही हैं। इनमें मोरिंगा पाउडर, चाय, टैबलेट, हैंडमेड साबुन, सीड ऑयल, बिस्कुट और मोरिंगा लड्डू जैसे उत्पाद शामिल हैं।

सीएम डैशबोर्ड में हमीरपुर अव्वल

अमृत विचार, लखनऊ : सितंबर माह की सीएम डैशबोर्ड रिपोर्ट में हमीरपुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पहला स्थान हासिल किया है, जबकि औरैया दूसरे और श्रावस्ती तीसरे स्थान पर रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त नेतृत्व में उत्तर प्रदेश समग्र विकास की दिशा में लगातार प्रगति कर रहा है। जनसुनवाई, कल्याणकारी योजनाओं और राजस्व कार्यों की निरंतर निगरानी से प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही दोनों बढ़ी हैं। डैशबोर्ड के तहत हर माह 49 विभागों के 110 कार्यक्रमों की समीक्षा होती है। सितंबर की रैंकिंग में मैनपुरी चौथे, हरदोई पांचवें और अंबेडकरनगर, कुशीनगर, महराजगंज, कन्नौज व शाहजहांपुर शीर्ष दस में शामिल रहे।

लखनऊ स्थित लोहिया पार्क में डॉ. राम मनोहर लोहिया की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते सपा प्रमुख अखिलेश यादव।

समाजवादी पार्टी ने पुण्यतिथि पर डॉ. लोहिया को किया याद

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी चिंतक डॉ.राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि रविवार को राजधानी समेत प्रदेश के सभी जिलों में मनाई गयी। समाजवादी पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने डॉ. लोहिया के याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य कार्यक्रम राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर स्थित डॉ. लोहिया पार्क में हुआ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गोमतीनगर लखनऊ स्थित लोहिया पार्क पहुंचकर डॉ. राम मनोहर लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरनमय नंदा, राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी समेत अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

महिला अपराधों को लेकर अखिलेश ने भाजपा को घेरा

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने महिला अपराधों को लेकर भाजपा को फिर घेरा है। सपा प्रमुख ने महिलाओं की सुरक्षा में कथित विफलता के लिए भाजपा सरकार को दोषी ठहराया। उन्होंने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के आधार पर ने सत्तासीन दल पर सवाल भी दागे। लखनऊ में सपा प्रमुख ने रविवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि बड़े पैमाने पर महिलाएं असुरक्षित हैं। भाजपा अपनी विफलता छिपाना चाहती है। प्रदेश में लगातार सबसे अधिक उत्पीड़न और अन्याय लगातार हो रहा है।

कार्रवाई

एफएसडीए की टीमों ने लखनऊ, रायबरेली व सीतापुर में दस जगह पर छापे मारे, कफ सिरप खरीद से जुड़े दस्तावेज किए तलब

गुजरात की फर्म से प्रदेश में हो रही कोडिन कफ सिरप की सप्लाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ताबतोड़ छापेमारी में लगाए गए 13 जिलों के औषधि निरीक्षक

छापेमारी के दौरान जांच करते एफएसडीए के अफसर।

अमृत विचार : प्रदेश में कोडिन कफ सिरप की सप्लाई गुजरात की फर्म के जरिए हो रही है। सूत्रों से जानकारी मिलने पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग (एफएसडीए) ने 13 जिलों के औषधि निरीक्षकों की टीम बनाकर ताबतोड़ छापेमारी शुरू की है। शनिवार शाम से शुरू हुई कार्रवाई रविवार तक भी चलती रही। टीम ने लखनऊ, रायबरेली व सीतापुर में दस जगह पर छापा मारा। इस दौरान कई फर्म संचालक शटर बंद करके भाग गए। टीम ने फर्म संचालकों को फोन करके कफ सिरप खरीद से जुड़े दस्तावेज तलब किए हैं। जांच दौरान गड़बड़ी मिलने पर दो मेडिकल स्टोर सील किए गए।

अफसरों का कहना है गुजरात की फर्म के जरिये नॉरकोटिक्स की दवाएं व कफ सिरप कई जिलों में आपूर्ति की गई थी। मालूम हो कि इसके पहले टीम ने शनिवार को आलमबाग स्थित स्नेहनगर शिव शांति आश्रम के निकट दीपक मनवानी के घर से करीब तीन लाख रुपये कीमत की कफ सिरप बरामद की थी। आरोपी के विरुद्ध कृष्णानगर थाने में एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया।

एफएसडीए के सहायक मंडल आयुक्त ब्रजेश यादव ने बताया कि कोडिन कफ सिरप के अवैध काम में लिप्त फर्मों पर नकेल कसने के लिए 13 जिलों के ड्रग इंस्पेक्टरों की टीम को बुलाया गया। टीम ने लखनऊ में नौ फर्म व सीतापुर में एक फर्म पर छापा पड़ा। सहायक मंडल आयुक्त के मुताबिक, ट्रांसपोर्ट नगर स्थित इधिका लाइफ सांइसेज व अर्पिक फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड के तीन स्थानों पर छापा मारा। छापे की कार्यवाही के दौरान फर्म के अंदर गड़बड़ी मिली। फर्म जरिये भारी मात्रा में कोडिन कफ सिरप को एक ही फर्म को प्रदेश के अन्य जनपदों में विक्रय किया जाना पाया गया। टीम ने फर्म से जुड़े दस्तावेज जब्त कर लिए हैं। सहायक मंडल आयुक्त ब्रजेश ने बताया, इधिका व अर्पिक फर्म के मालिक मनोहर जैसवाल हैं। जो गुजरात में रहते हैं। लखनऊ में इनका डिपो चलता है। गुजरात की फर्म के जरिये बड़ी तादाद में कोडिन युक्त सिरप तैयार करके राज्य के अन्य जिलों मे भेजा जा रहा था।

लखनऊ-सीतापुर में सील किए मेडिकल स्टोर

अमीनाबाद ओल्ड मेडिसिन मार्केट स्थित श्री श्याम फार्मा जांच के दौरान मेडिकल स्टोर बंद मिला। टीम ने स्टोर को सील कर दिया है। टीम का दावा है कि मेडिकल स्टोर के जरिये बड़ी तादाद में कफ सिरफ व नॉरकोटिक्स दवाओं की खरीद ट्रांसपोर्ट नगर स्थित फर्म से की गई है। वहीं सीतापुर के नैमिष धाम मेडिकल स्टोर संचालक ने 2600 बॉटल कोडिन कफ सिरप ट्रांसपोर्ट नगर स्थित इधिका लाइफ सांइसेज फर्म से क्रय किया था। जांच दौरान मेडिकल स्टोर संचालक ने महज एक हजार बोतल का विक्रय प्रस्तुत किया। टीम ने फर्म को सील करते हुए संबंधित थाने को सूचना भेज दिया है।

आईटी में 5584 करोड़ का निवेश 53 हजार को मिलेगा रोजगार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : योगी सरकार की आईटी नीति 2017-2022 के चलते डिजिटल क्षेत्र में यूपी ने ऐतिहासिक छलांग लगाई है। कुछ साल पहले तक जहां प्रदेश की पहचान कृषि व पारंपरिक उद्योगों से थी, वहीं आज लखनऊ, नोएडा, कानपुर और वाराणसी भारत के नए आईटी हब के रूप में चमक रहे हैं। अब तक 5,584 करोड़ रुपये का निवेश और 53 हजार रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं।

प्रदेश का आईटी निर्यात 15,000 करोड़ से बढ़कर 75,000 करोड़ तक पहुंच चुका है। माइक्रोसॉफ्ट इंडिया, पेटीएम, टीसीएस और मैक इंडिया जैसी दिग्गज कंपनियों ने यूपी में निवेश कर भरोसे का नया अध्याय लिखा है। योगी सरकार ने आईटी और आईटीईएस क्षेत्र को उद्योग का दर्जा देकर निवेश का नया माहौल बनाया है। नोएडा, लखनऊ, कानपुर, मेरठ और प्रयागराज के एसटीपीआई केंद्र अब वाराणसी, बरेली और गोरखपुर तक विस्तार पा रहे हैं। इससे युवाओं को अपने ही शहरों में वैश्विक कंपनियों के साथ काम करने के अवसर मिल रहे हैं। सरकार ने डिजिटल पोर्टल के माध्यम से आवेदन, स्वीकृति और प्रोत्साहन की प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और ऑनलाइन बना दिया है।

अमृत विचार

सोमवार, 13 अक्टूबर 2025

उम्मीद की खेती

कृषि प्रधान देश की जीडीपी में सबसे बड़ा योगदान खेती का है, परंतु इसकी हिस्सेदारी घटती जा रही है। ऐसे में मोदी सरकार का फोकस कृषि क्षेत्र को आधुनिक, टिकाऊ और लाभकारी बनाने पर केंद्रित है। प्रधानमंत्री की कृषि क्षेत्र में की गई घोषणाएं दीर्घकालिक, दूरदर्शी सोच को दर्शाती हैं। 'पीएम धन-धान्य कृषि योजना' के साथ दलहन आत्मनिर्भरता मिशन देश के किसानों की स्थिति में सार्थक बदलाव ला सकती हैं। फिलहाल किसानी अब भी घाटे का सौदा है। देखना यह है कि अगले छह वर्षों तक चलने वाली ये योजनाएं किसानी में क्या क्रांति लाती हैं। 35 हजार करोड़ रुपये से अधिक की इन योजनाओं ने किसानों में नई उम्मीदें जगाई हैं, क्योंकि ये केवल वित्तीय घोषणाएं नहीं, बल्कि कृषि को पुनः भारत की अर्थव्यवस्था का मजबूत स्तंभ बनाने का प्रयास प्रतीत होती हैं।

प्रधानमंत्री धन धान्य योजना के अंतर्गत 100 से कम उपज वाले जिलों को लक्षित करना और निर्धारित करना कि राष्ट्रीय औसत उपज से 25 प्रतिशत कम उत्पादन वाले इन जिलों की पैदावार को राष्ट्रीय औसत के बराबर लाया जाए, एक सराहनीय कदम है। वहां के किसानों को बुनियादी ढांचा और वित्तीय सहायता प्रदान कर, फसलों के विविधीकरण को बढ़ावा देकर, सिंचाई, भंडारण और प्रसंस्करण सुविधाएं उपलब्ध कराने से जलवायु-सम्मत, पर्यावरण-अनुकूल और टिकाऊ कृषि को बल मिलेगा। कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने की यह कोशिश कालांतर में किसानों की आजीविका और आमदनी दोनों में वृद्धि करेगी। खेती के लिए कर्ज देने से किसानों को सुविधा तो मिलती है, पर यह चिंता भी रहती है कि कर्जग्रस्तता और आत्महत्याएं न बढ़ें। केवल कर्ज देना पर्याप्त नहीं, उसके साथ सुदृढ़ बीमा, फसल मूल्य स्थिरता और विपणन की गारंटी भी आवश्यक है। यदि किसान को यह भरोसा हो कि उसकी फसल का न्यूनतम मूल्य मिलेगा और प्राकृतिक आपदा की स्थिति में सरकार उसके साथ खड़ी होगी, तभी कृषि ऋण विकास का सशक्त साधन बन सकता है।

देश में दालों की खपत बढ़ रही है, लेकिन उत्पादन में स्थायित्व नहीं है। दशकों से दलहन उत्पादन बढ़ाने के प्रयासों के बावजूद यह क्षेत्र धान-गेहूं जैसी गारंटी नहीं पा सका। यदि मिशन के तहत बीज सुधार, न्यूनतम समर्थन मूल्य की विश्वसनीयता और निर्यात नीति में स्थिरता लाई गई, तो आत्मनिर्भरता का लक्ष्य अब दूर नहीं रहेगा। इन सरकारी योजनाओं की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि खेती 'मुनाफे का धंधा' बनने की ओर बढ़े। इसके लिए केवल धन वितरण या अवसंरचना निर्माण पर्याप्त नहीं। किसानों को प्रशिक्षण, तकनीक, जल प्रबंधन और बाजार तक सीधा संपर्क भी चाहिए। साथ ही ग्रामीण युवाओं को कृषि-आधारित उद्योगों से जोड़ना आवश्यक है, ताकि पलायन रुके और गांवों में रोजगार सृजित हों। इससे उस नरेटिव को तोड़ने में सफलता मिलेगी जिसमें कहा जाता है कि सरकार कॉरपोरेट दबाव में खेती को धीरे-धीरे खत्म करना चाहती है। योजना अगर नियोजित तरीके से लागू हुई, खेत, बाजार और किसान के बीच भरोसे का पुल बना तो कृषि फिर से अर्थव्यवस्था की आत्मा बना सकती है।

प्रसंगवश

ज़ोहो: मजदूरी से असली IT क्रांति तक का सफर

आईटी सेक्टर के आने पर कहा गया था कि भारत में तकनीकी क्रांति आ गई है, लेकिन सच यह है कि वह ज़्यादातर आईटी मजदूरी की क्रांति थी, जहां भारतीय युवा पश्चिमी कंपनियों के लिए कोडिंग और सपोर्ट का काम करने लगे। मेहनत हमारी थी, मगर मालिकाना हक किसी और का था। श्रीधर वेंबू ने इस मानसिकता को चुनौती दी। उनकी कंपनी ज़ोहो सिर्फ एक बिजनेस मॉडल नहीं, बल्कि यह इस सोच की क्रांति है कि तकनीक का केंद्र गांव भी बन सकते हैं और प्रतिभा डिग्री या अंग्रेजी की मोहताज बिल्कुल नहीं।

वेंबू अमेरिका में रहकर करोड़ों कमा सकते थे, लेकिन उन्होंने ठान लिया कि अगर रोजगार गांव तक नहीं जा रहा, तो हम ही उद्योग गांव तक ले जाएंगे। जहां बाकी आईटी कंपनियां बड़े शहरों में टॉवर बना रही थीं, वहीं ज़ोहो ने तमिलनाडु के छोटे कस्बों और गांवों में दफ्तर खोले। वहां के युवाओं को ज़ोहो ने बिना डिग्री, बिना अंग्रेजी और महंगे कॉलेज के बिना खुद ट्रेनिंग देकर काम दिया। आज ज़ोहो के हजारों कर्मचारी ऐसे गांवों से आते हैं, जिनका आईटी से कोई संबंध पहले नहीं था।

उपेंद्र चौधरी

वरिष्ठ पत्रकार

ज़ोहो ने तीन बड़े बदलाव किए। असली टैलेंट की पहचान की। गांव के युवाओं को सिखाकर इंटरनेशनल प्रोडक्ट बनवाए गए। आउटसोर्सिंग नहीं, अपना प्रोडक्शन किया जाए। ज़ोहो ने माइक्रोसॉफ्ट और गूगल जैसी कंपनियों को टक्कर देने वाले सॉफ़्टवेयर खुद तैयार किए। गांवों में रोजगार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दिया जाए। इसके लिए शहरों को बोझ से बचाकर विकास को गांवों तक पहुंचाया गया।

जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर भारी टैरिफ लगाए, तो दुनिया की टेक कंपनियों में हड़कंप मच गया। सप्लाई चेन से लेकर सर्विस डिलीवरी तक सब पर असर पड़ा। कई कंपनियों ने लागत बढ़ने की वजह से विस्तार रोक दिया, लेकिन ज़ोहो ने इस संकट को मौका बना लिया। अमेरिकी और यूरोपीय कंपनियां चीन के विकल्प खोजने लगीं। ऐसे में भारत एक भरोसेमंद विकल्प के रूप में उभरा। फिर ज़ोहो जैसे स्वदेशी और स्वतंत्र मॉडल की ओर दुनिया का ध्यान गया।

ज़ोहो ने इस दौरान बिना विदेशी निवेश और किसी दबाव के अपने सॉफ्टवेयर प्रोडक्ट्स को अमेरिका, यूरोप और एशिया के बाजारों में मज़बूती से स्थापित किया। यहीं से यह साबित हुआ कि भारत सिर्फ 'बैक ऑफिस' नहीं, बल्कि नए वैश्विक समाधान का निर्माता है और उस निर्माण की जड़ें गांव में भी हो सकती हैं।

अभी तक भारतीय आईटी सेक्टर की पहचान यही थी कि 'काम हम करें, मालिकाना हक उनका हो।' वेंबू ने इसे उलट दिया। बिना विदेशी फंड और बिना शेयर मार्केट के दबाव के ज़ोहो आज 190 से ज़्यादा देशों में सेवाएं दे रहा है। अब यह संभव है कि सरकारी स्कूल का बच्चा ग्लोबल सॉफ्टवेयर बनाए। गांव की लड़की अंतर्राष्ट्रीय टीम संभाले। बिना एमबीए और आईआईटी के लोग प्रोडक्ट डिज़ाइनर बनें। कंपनी विदेशी निवेश के बिना भी बढ़े। यह दान नहीं, दूरदर्शी आत्मनिर्भरता के बूते संभव है।

पहली आईटी लहर ने भारत के शहरों को काम दिया। ज़ोहो वाली यह लहर भारत के गांवों को आत्मविश्वास दे रही है। इतना ही नहीं यह निम्नलिखित तीन मिथक को भी तोड़ती है। पहली, नवाचार सिर्फ शहरों में होता है। दूसरा टैलेंट की भाषा सिर्फ़ अंग्रेजी है और तीसरा सफलता के लिए निवेशक ज़रूरी हैं। ज़ोहो ने यह दिखाया कि लाभ, उत्पाद और अपना देसी मानव संसाधन को साथ लेकर भी विश्वस्तरीय सफलता हासिल की जा सकती है।

सपने देखने का अधिकार, पहला मौलिक अधिकार होना चाहिए।

–**महाश्वेता देवी**, साहित्यकार

तालिबान-भारत रिश्ता, चीन के लिए झटका

नवीन गुप्ता

बरेली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक और कूटनीति ने चीन और पाकिस्तान को चौंका दिया है। अफगानिस्तान में पहले दूतावास की पूर्ण रूप से बहाली की घोषणा और फिर अफगानिस्तान द्वारा खनिज पदार्थों की माइनिंग के लिए भारत को निमंत्रण यह बताने के लिए काफी है कि अब यह नया भारत है। अब तक चीन की कोशिश थी कि वह अफगानिस्तान के खनिज पदार्थों का खनन अकेले ही करे, लेकिन भारत के दौरे पर आए अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी ने चीन के मंसूबे पर पानी फेर दिया और पाकिस्तान को भी यह बता दिया कि सदियों पुराने भारत-अफगानिस्तान के रिश्ते में कहीं कोई बाधा नहीं है। इस रिश्ते में गर्मजोशी सदैव बनी रहेगी।

अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद भारत ने दूतावास को बंद कर दिया था, हालांकि अब दूतावास फिर से सक्रिय होने जा रहा है। इसका लाभ दोनों देशों को मिलेगा। अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी के भारत दौरे ने बहुत कुछ बदल दिया है। मुत्ताकी ने भी भारत में नए राजनयिक भेजने की घोषणा की है। यहां चीन के साथ दोस्ती करने में जुटे पाकिस्तान को बड़ा झटका लगा है। चीन भी इस रिश्ते से सकते में है, क्योंकि मुत्ताकी ने अफगानिस्तान में भारतीय माइनिंग कंपनियों के लिए दरवाजे जो खोल दिए हैं। चीन अर्से से इस कोशिश में लगा था कि अफगानिस्तान के खनिज पदार्थों का खनन वह अकेले करेगा, लेकिन उसकी मंशा पर पानी फिर गया है।

अफगानिस्तान की सोना, कोयला, कॉपर, आयरन, लीथियम और यूरेनियम का अकूत भंडार है। इसके साथ ही तेल और गैस के भी पर्याप्त भंडार हैं। चीन की कंपनियां वहां खनन तो करना चाहती हैं, लेकिन सुरक्षा कारणों से वे वहां कदम रखने से कतराती हैं। फिलहाल चाइना मेटलर्जिकल ग्रुप कॉर्पोरेशन, गोचिन, शिंगजियांग सेंट्रल एशिया पेट्रोलियम एंड गैस आदि कंपनियां वहां खनन कर रही हैं। तालिबान के कब्जे के बाद चीन ने लगभग सात बिलियन डॉलर निवेश किया है।

2023 में शिंगजियांग सेंट्रल एशिया पेट्रोलियम एंड गैस कंपनी ने तेल भंडार विकसित करने के उद्देश्य से 450 मिलियन डॉलर का समझौता तालिबान सरकार से किया था। चीन ने तालिबान सरकार पर बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव में काबुल को शामिल करने का दबाव भी बनाया है, लेकिन इसमें सफलता मिलती नहीं दिख रही है। खनिजों के खनन में भारत को मिले अवसर से भारत और अफगानिस्तान के बीच संबंध और मजबूत होंगे। अफगानिस्तान के विकास में भारत का योगदान भी बढ़ेगा, जो दीर्घकालिक साझेदारी की नींव रखेगा। साथ ही यह निवेश भारत को मध्य एशिया में एक मजबूत भू-राजनीतिक स्थिति प्रदान करने में मदद करेगा। इससे क्षेत्र में न सिर्फ भारत का प्रभाव बढ़ेगा, बल्कि चीन, पाकिस्तान के प्रभाव का मुकाबला करने में भी मदद मिलेगी।

अफगानिस्तान 34 प्रांतों में बंटा हुआ है। यहां के बदख्शां प्रांत में लगभग दो हजार टन सोना, अमू दरिया बेसिन में प्रांत में करीब 400 मिलियन टन कोयला, नूरिस्तान व अन्य इलाकों में लीथियम, कोबाल्ट, नियोडिमियम, हिंदूकुश क्षेत्र में 1,300 मिलियन टन संगमरमर का भंडार है। इसी इसी तरह, लोगर प्रांत में लगभग 60 मिलियन टन तांबा तो बामियान प्रांत में 22 सौ मिलियन लौह अयस्क का भंडार है। इन खनिजों पर दुनिया के कई देशों की निगाह है। अब भारत की कंपनियां भी इन खनिजों में बड़ी हिस्सेदार होंगी।

भारत-अफगानिस्तान के बीच ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध हैं। भारत ने वहां 500 से अधिक परियोजनाओं पर तीन अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश किया है। भारत सरकार वहां सड़क, बिजली, बांध, अस्पताल आदि का निर्माण कर रही है। 2023 में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने तो संसद में भारत और अफगानिस्तान के ऐतिहासिक रिश्तों का बखान किया था। रूस ने तालिबान सरकार को मान्यता दे रखी है।

चीन ने अफगानिस्तान में अपना एक राजदूत भी नियुक्त कर रखा है। 40 से ज्यादा देशों ने किसी न किसी रूप में अफगानिस्तान से कूटनीतिक या अनौपचारिक संबंध बना रखे हैं। अब इस श्रेणी में भारत भी शामिल हो गया है, हालांकि तालिबान सरकार को अभी भारत ने मान्यता तो नहीं दी है, लेकिन अपना दूतावास पूर्ण रूप से खोलने का निर्णय जरूर ले लिया है। ईरान के बलूचिस्तान में स्थित चाबहार बंदरगाह को भारत और ईरान मिलकर विकसित कर रहे हैं। चाबहार भारत और अफगानिस्तान के लिए व्यापार और कनेक्टिविटी का एक महत्वपूर्ण रास्ता है, जो पाकिस्तान को बायपास करके मध्य एशिया तक पहुंच प्रदान करता है।

अफगानिस्तान के साथ आने से भारत को लाभ होगा। चाबहार बंदरगाह का विकास और उसमें अफगानिस्तान द्वारा भारत को सहयोग करना पाकिस्तान-चीन के लिए बड़ा झटका होगा। पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे यह चाबहार बड़ा खतरा है। चाबहार बंदरगाह की वजह से भारत को पाकिस्तान से गुजरे बिना अफगानिस्तान और मध्य एशिया अपने उत्पाद पहुंचाने और वहां से लाने में आसानी होगी। अफगान विदेश मंत्री द्वारा चाबहार परियोजना पर सहयोग देने की घोषणा मात्र से ही पाकिस्तानी हुक्मरान असहज दिख रहे हैं, क्योंकि पाकिस्तान की प्रासंगिकता कम होगी। मुत्ताकी ने भारत के साथ व्यापारिक संबंधों में आने वाली सभी बाधाओं को दूर करने के लिए एक व्यापार समिति के गठन का एलान किया है। यह समिति भारत के साथ मिलकर बाधाओं को दूर करेगी। इससे दोनों देशों में व्यापार बढ़ेगा।

भारत के दौरे पर आए अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी ने चीन के मंसूबे पर पानी फेर दिया और पाकिस्तान को भी यह बता दिया कि सदियों पुराने भारत-अफगानिस्तान के रिश्ते में कहीं कोई बाधा नहीं है।

आमने

मैं किसी भी सैन्य अधिकारी का अनादर नहीं कर रहा, लेकिन स्वर्ण मंदिर को फिर से लेने के लिए यह गलत तरीका था। कुछ साल बाद, हमने सेना को बाहर रखकर इसे लेने का सही तरीका दिखाया। मैं मानता हूं कि इंदिरा गांधी ने उस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकाई।

–**पी चिदंबरम**, कांग्रेस नेता

सामने

ऑपरेशन ब्लू स्टार सही था या गलत, यह अलग बात है, लेकिन पी चिदंबरम को 50 साल बाद कांग्रेस पार्टी, यानी इंदिरा गांधी पर हमला करने और यह दावा करने की क्या जरूरत है कि उन्होंने गलत कदम उठाया? वह वही कर रहे हैं जो बीजेपी और प्रधानमंत्री कर रहे हैं।

–**राशिद अलवी**, कांग्रेस नेता

कॉपर बनेगा भविष्य की ऊर्जा का 'नया सोना'

रजत मेहरोत्रा

वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

दुनिया आज बहुत तेजी से पुरानी ऊर्जा यानी कोयला और तेल से हटकर स्वच्छ और नई ऊर्जा की ओर बढ़ रही है। इस बदलाव में जो धातु सबसे ज़्यादा चमक रही है, वह है कॉपर। विशेषज्ञ अब इसे 'नया सोना' कह रहे हैं, क्योंकि यह आने वाले समय में हर उद्योग और हर देश की ऊर्जा का सबसे जरूरी हिस्सा बनने वाला है। आज हर इलेक्ट्रिक गाड़ी, सोलर पैनल, पवन चक्की और बिजली के तारों में कॉपर का इस्तेमाल होता है। कॉपर बिजली को बहुत तेजी से प्रवाहित करता है, इसलिए इसे ऊर्जा की नस कहा जा सकता है। आने वाले 10 सालों में जब दुनिया इलेक्ट्रिक और ग्रीन एनर्जी की ओर जाएगी, तब कॉपर की मांग बहुत ज़्यादा बढ़ जाएगी।

इंटरनेशनल कॉपर स्टडी ग्रुप की रिपोर्ट के अनुसार, 2026 तक दुनिया में कॉपर की कमी लगभग 1.5 लाख टन तक हो सकती है। यानी मांग अधिक होगी और आपूर्ति कम। इसी वजह से कॉपर की कीमतें बढ़ रही हैं। अक्टूबर 2025 में लंदन मेटल एक्सचेंज पर कॉपर की कीमत 10,700 डॉलर प्रति टन के पार चली गई, जो अब तक के ऊंचे स्तरों में से एक है। यह स्थिति दिखाती है कि आने वाले वर्षों में कॉपर की मांग और कीमत दोनों में तेजी बनी रहेगी।

भारत की स्थिति इस बदलाव के केंद्र में है। कभी स्वदेशी उत्पादन के बल पर आत्मनिर्भर दिखने वाला भारत अब Refining कॉपर का शुद्ध आयातक बन चुका है। 2018 में वेदांता कंपनी की तूतीकोरिन (तमिलनाडु) यूनिट बंद होने के बाद भारत की घरेलू आपूर्ति में तेज गिरावट आई और आयात निर्भरता बढ़ गई। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत ने लगभग 10.7 अरब डॉलर मूल्य का कॉपर आयात किया, जबकि निर्यात केवल 2.3 अरब डॉलर के आसपास रहा। इससे देश की विदेशी मुद्रा पर बोझ बढ़ा और भारत एक शुद्ध आयातक देश बन गया।

भारत के पास विशाल संभावनाएं हैं। देश में अनुमानित 12.2 मिलियन मीट्रिक टन कॉपर के भंडार हैं, जिनमें से लगभग 18% को उपयोगी भंडार माना गया है। अब सरकार चाहती है कि भारत फिर से कॉपर उत्पादन में आत्मनिर्भर बने। इसके लिए कई बड़ी कंपनियां निवेश कर रही हैं। अडानी ग्रुप गुजरात के कच्छ में पांच लाख टन क्षमता वाली कॉपर स्मेल्टर यूनिट बना रहा है, जिसे आगे चलकर 10 लाख टन तक बढ़ाया जाएगा। वहीं जेएसडब्ल्यू ग्रुप ओडिशा में 0.5 मिलियन टन क्षमता की नई कॉपर फैक्ट्री लगाने की तैयारी में है। इन प्रोजेक्ट्स के शुरू होने से भारत की कॉपर उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और आयात पर निर्भरता घटेगी।

वित्त वर्ष 2022-23 में भारत की कॉपर मांग 1,522 किलो टन थी, जो पिछले वर्ष से 16% ज्यादा थी। अनुमान है कि 2030 तक भारत की मांग तीन मिलियन टन और 2047 तक नौ मिलियन टन तक पहुंच सकती है। इस तेजी से बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए भारत को खनन, Refining और Manufacturing तीनों क्षेत्रों में तेजी से काम करना होगा।

कॉपर उद्योग के विस्तार से भारत की GDP को सीधा फायदा होगा। इससे लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा, विदेशी मुद्रा की बचत होगी और औद्योगिक विकास में तेजी आएगी। ऊर्जा सुरक्षा के नजरिए से भी यह कदम महत्वपूर्ण है, क्योंकि घरेलू स्तर पर कॉपर की उपलब्धता बढ़ने से भारत अंतर्राष्ट्रीय कीमतों के उतार-चढ़ाव से कम प्रभावित होगा। निवेशकों के लिए भी यह समय सुनहरा अवसर है। अगर कोई निवेशक आज कॉपर से जुड़ी कंपनियों में निवेश करता है, तो आने वाले पांच से दस साल में उसे अच्छा रिटर्न मिल सकता है।

हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड, जो भारत की सबसे बड़ी कॉपर कंपनी है, ने FY2024 में 2,071 करोड़ की आय दर्ज की, जो पिछले साल से 20% अधिक है। इसका मार्केट वैल्यू अब लगभग 23,500 करोड़ है। इसके शेयर ने पिछले तीन सालों में 213% और पिछले पांच सालों में 900% तक की बढ़त दी है। यह साबित करता है कि जब वैश्विक मांग और घरेलू नीति साथ चलती हैं, तो कॉपर कंपनियों के मुनाफे और शेयर मूल्य दोनों तेजी से बढ़ते हैं।

सिर्फ हिंदुस्तान कॉपर ही नहीं, बल्कि अडानी कॉपर ट्यूब्स और जेएसडब्ल्यू मेटल्स जैसे नए खिलाड़ी भी इस उद्योग में कदम रख रहे हैं। इससे उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और निवेशकों को नए अवसर मिलेंगे। बाजार विश्लेषकों का मानना है कि 2026 तक कॉपर की कीमतें 12,000 डॉलर प्रति टन तक जा सकती हैं। ऐसे में जिन कंपनियों के पास खनन लाइसेंस, Refining संयंत्र और निर्यात करार होंगे, वे भविष्य में 'गोल्डन मल्टीबैगर' साबित हो सकती हैं। हालांकि यह भी सच है कि यह उद्योग पूंजी-गहन है और कीमतों में उतार-चढ़ाव रहेगा, इसलिए निवेशकों को लंबी अवधि का नजरिया रखना चाहिए।

कॉपर सिर्फ एक धातु नहीं, बल्कि भारत के लिए आर्थिक ताकत और ऊर्जा सुरक्षा का प्रतीक बन रहा है। अगर भारत ने सही नीति, निवेश और नवाचार का संतुलन बनाया, तो वह कॉपर उत्पादन में आत्मनिर्भर बन कर दुनिया का अग्रणी देश बन सकता है। यह समय है जब भारत को 'कॉपर क्रांति' को अपनाना चाहिए, क्योंकि आने वाले दशक में कॉपर ही भविष्य की ऊर्जा का असली सोना साबित होगा।

दुनिया आज बहुत तेजी से पुरानी ऊर्जा यानी कोयला और तेल से हटकर स्वच्छ और नई ऊर्जा की ओर बढ़ रही है। इस बदलाव में जो धातु सबसे ज्यादा चमक रही है, वह है कॉपर।

सोशल फोरम

गुरुदत्त ने 'प्यासा' के एक सीन में लिए थे 104 टेक

गुरुदत्त ने तीन दफा अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया था। गुरुदत्त साहब के दोस्त व उनकी टीम का अभिन्न हिस्सा और दिग्गज सिनेमैटोग्राफर रहे वीके मूर्ति जी ने एक दफा एक वेबसाइट को दिए एक इंटरव्यू में गुरुदत्त जी से अपनी पहली मुलाकात व उनकी शख्सियत के बारे में कई बातें शेयर की थीं। उन्होंने कहा था, मैं गुरुदत्त से पहली दफा तब मिला था जब मैं फेमस स्टूडियो में असिस्टेंट कैमरामैन के तौर पर काम कर रहा था। उन्हीं दिनों अपनी फिल्म बाजी बनाने के लिए देवानंद के 'नवकेतन फिल्म्स' ने वो स्टूडियो किराए पर लिया। एक दिन मैंने गुरुदत्त को एक खास सीन के लिए एक अलग तरह का शॉट लेने की सलाह दी।

किस्सा टीवी

फेसबुक

वो शॉट जरा मुश्किल था। गुरुदत्त बोले कि उनका कैमरामैन वो नहीं कर पाएगा। मैंने उनसे कहा कि अगर आपका कैमरामैन मुझे ये शॉट लेने की परमिशन दे दे तो मैं इसे कैप्चर करना चाहूंगा। गुरुदत्त ने कहा कि आप दो से तीन टेक ही ट्राय कीजिएगा, मगर मैंने वो शॉट एक ही टेक में ले लिया। उस दिन पैकअप होने के बाद गुरुदत्त मेरे पास आए और बोले कि क्या तुम मेरी अगली फिल्म में मेरे साथ काम करोगे? और यूं गुरुदत्त के साथ मेरा सफर शुरू हो गया। वो बहुत महान डायरेक्टर थे। बहुत क्रिएटिव थे और अपने काम में बहुत रुचि रखते थे।

आर पार फिल्म की मेकिंग के दौरान मेरी और गुरुदत्त की तगड़ी लड़ाई हो गई थी। बाद में वो मेरे पास आए और उन्होंने बताया कि उन पर ये फिल्म जल्दी पूरी करने का बहुत प्रेशर है। उन्होंने ये भी कहा कि हमें एक-दूजे के साथ को-ऑपरेट करना चाहिए और जल्दी काम फिनिश करना चाहिए। उसके बाद हमने हमेशा अच्छी तरह काम किया। कभी हमारी बहस नहीं हुई। वो बहुत सामान्य, बहुत ही खुशमिजाज इंसान थे। वो किसी मिडिल क्लास इंसान की तरह जीते थे। सफलता मिलने के बाद भी उनमें कोई बदलाव नहीं आया था। हम दोनों अक्सर डोसा और भेलपूरी खाने जाते रहते थे। स्टूडियो कंपाउंड में क्रिकेट खेलते थे।

प्यासा फिल्म के एक सीन में गुरुदत्त ने 104 टेक लिए थे। उस सीन में डायलॉग जरा लंबा था और वो बार-बार डायलॉग भूल रहे थे। मगर जब तक सीन परफेक्टली शूट नहीं हुआ तब तक वो रुके नहीं। उन्हें वो सीन एकदम परफेक्ट चाहिए था।

सामयिकी

त्योहार पर सेहत से खिलवाड़ और नैतिकता का सवाल

हर त्योहार पर मिलावटखोरों की चांदी हो जाती है। पैसा बनाने के चक्कर में वह अपने ही देश के लोगों की सेहत और जान से खिलवाड़ करते हैं। अहम सवाल यह है कि क्या भारतीय दुकानदारों का नैतिक पतन इस दर्जे गिर चुका है कि वह तमाम रोक-थाम के बावजूद मिलावटी सामान बेचने से बाज नहीं आते हैं। कुछ घटनाएं ध्यान खींचती हैं। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गुरुवार को विजयदशमी के दिन कई जगहों पर योजनाबद्ध तरीके से छापा मारकर मिलावटी देशी घी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई में 1,625 किलोग्राम मिलावटी देशी घी जब्त किया गया और छह आरोपी गिरफ्तार हुए।

करावल नगर के शिव विहार से 33 टिनों में कुल 520 किलोग्राम नकली देशी घी और मिलावट में इस्तेमाल होने वाले केमिकल व दवाएं बरामद कीं। पुराना मुस्तफाबाद में छापा मारने के बाद 44 टिनों में 665 किलोग्राम नकली घी, केमिकल, गैस सिलेंडर आदि बरामद किया गया।

मनोज अग्रवाल

वरिष्ठ पत्रकार

निजी स्वार्थों से प्रेरित मिलावटखोर अधिक लाभ कमाने के लालच में खाद्य पदार्थों में हानिकारक वस्तुओं की मिलावट करके लोगों के स्वास्थ्य से खेल रहे हैं। 15 सितंबर को दिल्ली की उत्तरी बाहरी जिला पुलिस ने फैक्टरी का भंडाफोड़ करके वहां से लगभग 7600 लीटर मिलावटी घी बरामद करके फैक्टरी के सुपरवाइजर को गिरफ्तार किया, जबकि फैक्टरी का मालिक फरार है।

23 सितंबर को जयपुर (राजस्थान) की फूड सेफ्टी टीम ने चांदपोल बाजार स्थित एक गोदाम पर छापा मार कर वहां से विभिन्न प्रसिद्ध ब्रांडों के लेबल लगाकर बेचा जाने वाला 884 लीटर नकली देसी घी बरामद किया। 23 सितंबर को ही जयपुर (राजस्थान) की फूड सेफ्टी टीम ने मालवीय नगर में एक पिकअप वैन को जब्त कर, उसमें से 400 किलोग्राम मिलावटी पनीर बरामद करके उसे नष्ट करवाया।

26 सितम्बर को बुलंदशहर (उत्तर प्रदेश) में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सोहन पापड़ी के गोदाम पर दबिश देकर वहां भारी मात्रा में नकली पापड़ी जब्त करके फैक्टरी को सील कर दिया। 28 सितंबर को निजामपुर (उत्तर प्रदेश) में नकली मिठाई बनाने वाली फैक्टरी को सील किया गया, जहां घटिया सामग्री से बड़े पैमाने पर पेड़ा, बर्फी और टाफियां आदि बनाई जा रही थीं।

28 सितंबर को ही खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने एक पिकअप वैन में भरकर अलवर (राजस्थान) से जयपुर ले जाया जा रहा 110 किलो मिलावटी पनीर नष्ट करवाया। इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया गया। 29 सितंबर को राजस्थान के बानसूर और कोटपूतली में खाद्य विभाग ने 600 लीटर नकली दूध और 375 लीटर मिलावटी घी जब्त किया।

30 सितंबर को गुरुग्राम (हरियाणा) के फर्रुखनगर में खाद्य सुरक्षा विभाग तथा सीएम फ्लाइंग की संयुक्त टीम ने विभिन्न दुकानों पर छापे मार कर 2000 किलो से अधिक मिलावटी पनीर और खोया (मावा) जब्त किया तथा सैंपल की रिपोर्ट आने से पहले बरामदगी वाले प्रतिष्ठानों को सील कर दिया। 30 सितंबर को कोटपूतली (राजस्थान) के विराटनगर में बड़ी कार्रवाई करते हुए अधिकारियों ने एक पिकअप से 1100 किलो सिंथेटिक पनीर बरामद करके उसे मौके पर ही नष्ट करवा दिया और एक आरोपी को हिरासत में लिया।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार दूध, घी तथा पनीर जैसे खाद्य पदार्थों में मिलावट से पाचन तंत्र, लिवर तथा किडनी पर सीधा असर पड़ता है। मिलावटी वस्तुएं खाने से अनेक गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। मिलावटी घी तथा पनीर के सेवन से कैंसर तक भी हो सकता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

बजट फ्रेंडली ईवी स्कूटर

पेट्रोल के बढ़ते दामों और पर्यावरण संकट को देखते हुए बीते कुछ सालों से भारतीय ऑटो मार्केट में इलेक्ट्रिक स्कूटर्स की डिमांड बढ़ती जा रही है। ऑटो कंपनियां भी अब स्टाइल से लेकर परफॉर्मेंस और पर्सनालिटी के बेहतरीन कॉम्बिनेशन वाले नए-नए मॉडल्स पेश कर रही हैं, जिससे इलेक्ट्रिक स्कूटर्स पर स्विच करने वालों को अब बजट, स्पीड या फिर फीचर्स को लेकर समझौता नहीं करना पड़ रहा है। ऐसे में अगर आप भी इलेक्ट्रिक स्कूटर्स खरीदने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो आज हम आपको 2025 के पांच ऐसे स्कूटर्स के फीचर्स के बारे में बताएंगे, जो आपके और आपके पॉकेट के लिए बेस्ट रहेंगे।

एथर 450 एस

एथर 450 एस एक स्मार्ट, फीचर-लोडेड और प्रीमियम इलेक्ट्रिक स्कूटरों में से एक है। इस स्कूटर में कंपनी ने 2 .9 केडव्ल्युएच का बैटरी पैक दिया है, जो एक एफिशिएंट मोटर के साथ आता है। इस मॉडल की मोटर 5 .4 केडव्ल्यु बैटरी की पावर और 22 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है। यह करीब 115 किमी की क्लेम्ड रेंज और 90 किमी प्रति घंटे की स्पीड देता है। इसकी कीमत कि बात करें तो, इस मॉडल की कीमत वेरिएंट और जगह के हिसाब से अलग-अलग है। इस मॉडल की एक्स-शोरूम कीमत 1,20,841 से 1.44 लाख रुपये है। इसमें 7-इंच का कलर एलसीडी डिस्प्ले दिया गया है। स्कूटर का डीपव्यू डिस्प्ले रीयल टाइम नेविगेशन, राइड मोड और कनेक्टेड फीचर्स ऑफर करता है।

टीवीएस ऑरबिटर

टीवीएस ऑरबिटर एक किफायती और फीचर से लैस इलेक्ट्रिक स्कूटर है, जो एक बार चार्ज करने पर लगभग 115-158 किमी की रेंज कवर करता है। साथ ही 3.1 केडव्ल्युएच बैटरी और मिड-माउंटेड मोटर द्वारा ऑपरेटेड 68 किमी प्रति घंटे की टॉप स्पीड देता। फीचर्स की बात करें

तो एक मल्टी-कलर इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर के साथ आता है। यह ब्लूटूथ कनेक्टिविटी, हिल-होल्ड असिस्ट, क्रूज कंट्रोल, यूएसबी चार्जिंग, टर्न-बाय-टर्न नेविगेशन, थेफ्ट अलर्ट और ओटीए अपडेट सहित कई फीचर्स हैं। इसके अलावा यह 34 लीटर अंडरसीट स्टोरेज कैपेसिटी भी ऑफर करता है, जो दो हाफ फेस हेलमेट और डुअल राइड मोड को स्टोर करने में सक्षम है। इसकी एक्स शोरूम कीमत 99,000 रुपये है। जगह के अनुसार कीमत में बदलाव हो सकता है।

हीरो विडा वी 2 प्रो

हीरो विडा वी 2 प्रो 3.94 केडव्ल्युएच बैटरी और 6 केडव्ल्यु मोटर से लैस है, जो 25 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है। हीरो का यह स्कूटर सिंगल चार्ज में 165 किमी रेंज ऑफर करता है, जिसकी टॉप स्पीड 90 किमी प्रति घंटे है। इसमें रिमूवेबल बैटरी है, जिसे आप घर या ऑफिस कहीं भी आसानी से चार्ज कर सकते हैं। इसके अलावा इसमें 4 राइड मोड, रिजेनरेटिव ब्रेकिंग और एक बड़ा टीएफटी डिस्प्ले जैसे फीचर्स हैं। इसे आप 1.20 लाख की शुरुआती कीमत पर खरीद सकते हैं। हालांकि जगह के अनुसार कीमत बदल सकती है।

बजाज चेतक 3501

बजाज चेतक 3501 की 3.5 केडव्ल्युएच बैटरी 153 किमी तक चलती है। स्कूटर की टॉप स्पीड 73 किमी प्रति घंटे है। इसमें 35 एल अंडर सीट कैपेसिटी, एंटी थेफ्ट अलर्ट, ओवरस्पीड अलर्ट, आईपी 67-रेटेड बैटरी पैक और स्मार्टफोन कनेक्टिविटी जैसे कई फीचर्स हैं। इस स्कूटर की शुरुआती कीमत 1.22 लाख रुपये है। जगह के अनुसार गाड़ी की कीमत में बदलाव हो सकता है।

डैशकैम : सड़क सुरक्षा का स्मार्ट तरीका

भारत में सड़कों पर गाड़ियों की बढ़ती संख्या के साथ ही सड़क हादसों के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे माहौल में कार मालिकों के लिए अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करना पहले से कहीं ज्यादा जरूरी हो गया है। यही वजह है कि अब लोग अपनी गाड़ियों में डैशकैम लगवाने की ओर तेजी से रुख कर रहे हैं। यह छोटा सा कैमरा अब सिर्फ एक्सेसरी नहीं, बल्कि एक जरूरी सुरक्षा उपकरण बन चुका है। डैशकैम न सिर्फ आपकी ड्राइविंग को सुरक्षित बनाता है, बल्कि किसी भी विवाद में आपका मौन गवाह साबित होता है। यह एक बार का निवेश है, जो लंबी अवधि में आपकी सुरक्षा और मानसिक सुकून दोनों सुनिश्चित करता है।

क्या है डैशकैम

डैशकैम एक छोटा डिजिटल कैमरा होता है, जिसे आमतौर पर कार के डैशबोर्ड या विंडशील्ड पर लगाया जाता है। यह ड्राइविंग के दौरान लगातार वीडियो रिकॉर्ड करता है। किसी एक्सीडेंट, ट्रैफिक विवाद या सड़क पर हुई दुर्घटना की स्थिति में फुटेज महत्वपूर्ण सबूत के तौर पर काम आते हैं। कई देशों में डैशकैम फुटेज को कानूनी साक्ष्य के रूप में स्वीकार किया जाता है और अब भारत में भी इसके उपयोग को लेकर जागरूकता तेजी से बढ़ रही है।

क्यों जरूरी है कार में डैशकैम

डैशकैम का सबसे बड़ा फायदा यह है कि सड़क हादसे में अक्सर यह तय करना मुश्किल होता है कि गलती किसकी थी। ड्राइवर की या सामने वाले की। ऐसे में डैशकैम की वीडियो रिकॉर्डिंग विवाद को सुलझाने में निर्णायक साबित होती है। साथ ही यह इंश्योरेंस क्लेम प्रक्रिया को भी आसान बनाता है। कई बार कार पार्किंग में खरोंच लग जाए या कोई वाहन टकरा जाए, तो डैशकैम फुटेज से जिम्मेदारी तय करने में मदद मिलती है।

टिप्स

डैशकैम खरीदने से पहले जानें ये जरूरी बातें

हाई वीडियो क्वालिटी

कैमरे की रिजॉल्यूशन कम से कम फुल एचडी (1080 एमपी) या उससे बेहतर होनी चाहिए ताकि नंबर प्लेट और सड़क की डिटेल्स साफ दिखें।

स्टोरेज कैपेसिटी

बड़ी मेमोरी सपोर्ट वाला डैशकैम चुनें, जिससे पुरानी रिकॉर्डिंग को बार-बार डिलीट न करनी पड़े। कई मॉडल्स में लूप रिकॉर्डिंग फीचर होता है, जो पुराना डेटा खुद ही ओवरराइट कर देता है।

बैटरी और पावर सपोर्ट

सुनिश्चित करें कि कैमरे में अच्छा बैटरी बैकअप हो या वह कार के पावर सॉकेट से सीधे जुड़ सके।

जीपीएस और कनेक्टिविटी फीचर्स

जीपीएस वाला डैशकैम लोकेशन और स्पीड डेटा के साथ वीडियो सेव करता है। वहीं, वाई-फाई या ब्लूटूथ सपोर्ट से फुटेज मोबाइल में आसानी से ट्रांसफर किया जा सकता है।

नाइट विजन और वाइड एंगल लेंस

कम रोशनी में भी साफ रिकॉर्डिंग के लिए नाइट विजन और वाइड एंगल व्यू (120-170 डिग्री) वाले कैमरे ज्यादा कारगर रहते हैं।

डबल चैनल रिकॉर्डिंग

अगर बजट अनुमति देता है, तो फ्रंट और रियर दोनों व्यू रिकॉर्ड करने वाला डैशकैम खरीदें। इससे पीछे से होने वाली टक्करें भी रिकॉर्ड हो जाती हैं।



कार नहीं दे रही मनचाहा माइलेज अपनाएं ये उपाय

आज के समय में कार सिर्फ एक जरूरत नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुकी है। भारत में लाखों लोग हर दिन कार से सफर करते हैं, लेकिन अक्सर उनकी शिकायत होती है कि गाड़ी का माइलेज उम्मीद से कम मिलता है। अक्सर सर्विस सेंटर जाकर भी कई बार कोई खास सुधार नहीं दिखता। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर बिना कोई अतिरिक्त खर्च किए कार का एवरेज कैसे बढ़ाया जा सकता है। आइए आपको बताते हैं कुछ आसान और असरदार टिप्स, जिसको अपनाकर आप अपनी कार का माइलेज बढ़ा सकते हैं।

नियमित सर्विस

आप अगर अपनी कार से अच्छा माइलेज चाहते हैं, तो उसकी सर्विसिंग में लापरवाही न करें। समय पर सर्विस न कराने से इंजन ऑयल खराब हो जाता है और ऑयल फिल्टर चोक होने लगता है। इससे इंजन पर दबाव बढ़ता है और फ्यूल खपत भी ज्यादा होती है। समय पर सर्विस कराने से इंजन की परफॉर्मेंस बनी रहती है और माइलेज बेहतर होता है।

टायर प्रेशर पर ध्यान दें

कार के टायरों में सही मात्रा में हवा होना माइलेज के लिए बेहद जरूरी है। अगर टायरों में हवा कम है, तो इंजन पर ज्यादा लोड पड़ता है और गाड़ी को चलाने में अधिक फ्यूल लगता है। इसलिए हफ्ते में एक बार टायर प्रेशर जरूर चेक करें और कंपनी द्वारा बताई गई सीमा के अनुसार हवा भरवाएं।

कंट्रोल स्पीड में चलाएं कार

गाड़ी को बहुत तेज चलाना ईंधन की खपत को बढ़ा देता है। बेहतर होगा कि कार को हमेशा नियंत्रित और नर्माल स्पीड में चलाएं। आमतौर पर 60 से 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार सबसे संतुलित मानी जाती है। इस स्पीड पर इंजन कम पावर लेता है और कार अच्छा एवरेज देती है।

बदलें छोटी-छोटी आदतें

ड्राइविंग के दौरान अचानक ब्रेक लगाना, ज्यादा एक्सीलेरेटर देना या क्लच को लगातार दबाए रखना। ये सब गलत आदतें हैं, जो माइलेज कम करती हैं। इसके अलावा, अगर कार लंबे समय तक खड़ी है, तो इंजन बंद कर दें। इससे फ्यूल बचेगा और एवरेज में सुधार होगा।

25 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ेगा पर्यटन क्षेत्र

भोपाल। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि पर्यटन क्षेत्र देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 20 लाख करोड़ रुपये का योगदान देता है और इसके सालाना 25 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ने की उम्मीद है। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री शेखावत ने शनिवार को मध्य प्रदेश के पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित एमपी ट्रैवल मार्ट को संबोधित कर रहे थे।

अमृत विचार

मुरादाबाद, सोमवार, 13 अक्टूबर 2025

www.amritvichar.com

कारोबार

बिजनेस ब्रीफ

फ्लिपकार्ट को फेमा केस बंद करने का प्रस्ताव

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फ्लिपकार्ट को फेमा उल्लंघन का मामला बंद करने का प्रस्ताव दिया है। इसके लिए ई-कॉमर्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी को अपनी गलती स्वीकार करनी होगी और जुर्माना भरना होगा। ईडी ने पिछले हफ्ते फ्लिपकार्ट को फेमा (विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम) के कंपाउंडिंग नियमों के तहत यह विकल्प दिया था। एक सूत्र ने बताया कि ईडी ने फ्लिपकार्ट को कंपाउंडिंग का विकल्प दिया है। ईडी ने फ्लिपकार्ट से अपनी गलती स्वीकार करने, जुर्माना भरने और उससे जुड़े विक्रेता नेटवर्क को खत्म करने को कहा है।

भारत से 7.75 लाख टन चीनी का निर्यात

नई दिल्ली। भारत ने इस साल सितंबर तक समाप्त हुए चीनी विपणन सत्र में लगभग 7.75 लाख टन चीनी का निर्यात किया है।

चीनी व्यापार संगठन ऑल इंडिया शुगर ट्रेड एसोसिएशन (एआईएसटीए) ने रविवार को यह जानकारी दी। चीनी का विपणन सत्र अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। 2024-25 के लिए भारत में चीनी निर्यात की अनुमति 20 जनवरी 2025 को दी गई थी, जिसमें कुल 10 लाख टन चीनी निर्यात करने की मंजूरी शामिल थी। एआईएसटीए के अनुसार, मिलों ने 2024-25 के विपणन सत्र के फरवरी से सितंबर के बीच कुल 7.75 लाख टन चीनी का निर्यात किया है।

फिलिप्स भारत में लाएगी वैश्विक उत्पाद

मुंबई। वैश्विक स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी कंपनी फिलिप्स भारत में अपने पुरुष सौंदर्य और मातृ एवं शिशु देखभाल उत्पादों की श्रृंखला को मजबूत करना जारी रखेगी। इसके अलावा वह घरेलू बाजार में अपने वैश्विक उत्पादों की पेशकश को भी आगे बढ़ाएगी। फिलिप्स इंडिया ने यह भी कहा कि बाजार में उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की ओर रुझान तेजी से बढ़ रहा है और कंपनी प्रीमियम खंड में 75 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देख रही है। फिलिप्स पर्सनल हेल्थ के प्रमुख स्मित शुक्ला ने कहा कि हम पुरुषों की देखभाल और मां-बच्चे की देखभाल से जुड़े उत्पादों को नवाचार और सुधारों के साथ लगातार बेहतर बनाते रहेंगे।

स्वदेशी एआई को वित्तीय डेटा उपलब्ध कराएगा आईसीएआई

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साथ योजना पर चल रही बातचीत

कैंडोलिम (गोवा), एजेंसी

चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का शीर्ष निकाय, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई), भारत के स्वदेशी कृत्रिम मेधा (एआई) मॉडल को सूचीबद्ध कंपनियों के वित्तीय और आर्थिक आंकड़े उपलब्ध कराने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (मेइटी) के साथ बातचीत कर रहा है। मंत्रालय देश का अपना बड़ा भाषा मॉडल (एलएलएम) विकसित करने के लिए काम कर रहा है। आईसीएआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि संस्थान भारत में विकसित किए जाने वाले एलएलएम (बड़े भाषा मॉडल) को सूचीबद्ध कंपनियों के वित्तीय और आर्थिक आंकड़े उपलब्ध कराने की योजना बना रहा है। आईसीएआई के चार लाख से अधिक सदस्य हैं।

अधिकारी ने बताया कि हम इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साथ बातचीत कर रहे हैं। आईसीएआई का प्रस्ताव है कि भारत में विकसित किए जा रहे एलएलएम को वित्तीय और आर्थिक डेटा उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने बताया कि संस्थान के पास कंपनियों के बही-खाते, ऑडिट रिपोर्ट जैसी प्रमाणित जानकारी है, जो एआई मॉडल के लिए उपयोगी हो सकती है। आईसीएआई का कहना है कि वे प्रामाणिक और सटीक वित्तीय डेटा देने में सक्षम हैं।

घरेलू एमडीपी के वित्तपोषण पर बन रही रिपोर्ट

देश में बड़ी स्वदेशी बहु-विषयक साझेदार फर्म (एमडीपी) की स्थापना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आईसीएआई एक रिपोर्ट तैयार कर रहा है। यह रिपोर्ट ऐसी फर्मों को वैश्विक स्तर पर अपनी क्षमताएं बढ़ाने के लिए आवश्यक वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराने पर केंद्रित होगी। विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के तहत सरकार का मुख्य उद्देश्य है कि देश में ऐसी बहु-विषयक साझेदार फर्म तैयार की जाएं जो ऑडिटिंग और परामर्श सेवाओं को एक साथ प्रदान कर सकें और वैश्विक स्तर पर सक्रिय हों। आईसीएआई के अध्यक्ष चरणजोत सिंह नंदा ने रविवार को कहा कि सरकार के स्तर पर चर्चा हो रही है और संबंधित मुद्दों की समीक्षा की जा रही है। वैश्विक परामर्श और लेखा परीक्षा उद्योग का मूल्य लगभग 240 अरब अमेरिकी डॉलर है और इसमें विदेशी कंपनियों का दबदबा है। सरकार स्वदेशी पेशेवर सेवा क्षेत्र की बड़ी कंपनियां बनाने के प्रयास कर रही है, और विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते भारतीय कंपनियों के लिए विस्तार के नए अवसर भी प्रदान कर रहे हैं।

दूरसंचार नेटवर्क विस्तार में स्थानीय प्राधिकरण बाधक

नई दिल्ली। दूरसंचार बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए जरूरी मंजूरियां देने में स्थानीय प्राधिकरणों की देरी, मनमाने शुल्क और असंगत प्रक्रियाओं के कारण डिजिटल नेटवर्क के विस्तार में बाधा आ रही है।

दूरसंचार राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने शनिवार को यह बात कही। उन्होंने भारत मोबाइल कांग्रेस 2025 में राज्य के आईटी मंत्रियों के साथ एक बैठक में राज्य सरकारों से एकल खिड़की प्रणाली को चालू करने, समयबद्ध ढंग से मंजूरी देने, तर्कसंगत लागत आधारित शुल्क सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय निकायों के साथ सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने राज्य की आईटी नीतियों को नए विकास के साथ जोड़ने के लिए भी कहा। पेम्मासानी ने कहा कि राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड मिशन 2.0 ने महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं, जिसके तहत 2030 तक देश के सभी गांवों में 100 प्रतिशत ब्रॉडबैंड देने हैं।

महिला-पुरुष अंतर पाटने पर काम कर रहा एसबीआई

नई दिल्ली, एजेंसी

- महिला कर्मियों की संख्या 30 प्रतिशत करने का लक्ष्य

देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने लैंगिक विविधता को बढ़ावा देने के लिए एक रणनीति तैयार की है। बैंक का लक्ष्य पांच साल के भीतर अपने महिला कार्यबल को बढ़ाकर 30 प्रतिशत तक करने का है। एसबीआई के उप प्रबंध निदेशक (मानव संसाधन) और मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) किशोर कुमार पोलुदासु ने कहा कि अगर हम अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों की बात करें, तो महिलाएं लगभग 33 प्रतिशत हैं, लेकिन कुल मिलाकर, वे कुल कार्यबल का 27 प्रतिशत हैं। इसलिए, हम इस प्रतिशत को बेहतर बनाने की दिशा में काम करेंगे ताकि विविधता और बेहतर हो सके।

उन्होंने कहा कि बैंक इस अंतर को पाटने और अपने कार्यबल में 30 प्रतिशत महिलाओं के अपने मध्यम अवधि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कदम उठा रहा है। एसबीआई के कुल कर्मचारियों की संख्या 2.4 लाख से अधिक है, जो देश के किसी भी संगठन और बैंकिंग उद्योग में सबसे अधिक है। उन्होंने आगे कहा कि बैंक एक ऐसा कार्यस्थल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है जहां महिलाएं सभी स्तरों पर आगे बढ़ सकें और लक्षित कार्यक्रमों के माध्यम से एसबीआई नेतृत्व, कार्य-जीवन संतुलन और कार्यस्थल पर सम्मान को बढ़ावा देता है।

पोलुदासु ने कहा कि बैंक कामकाजी माताओं के लिए क्रेश भत्ता प्रदान करता है। इसके अलावा मातृत्व अवकाश या विस्तारित बीमारी अवकाश से लौटने वाली महिला कर्मचारियों की सहायता के लिए परिवार संपर्क चलाता है।

निवेश को बढ़ावा देगा भारत-ब्रिटेन समझौता

नई दिल्ली, एजेंसी

- विशेषज्ञ बोले-निर्यात के साथ कारोबार में भी होगी वृद्धि

भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता देश के निर्यात को बढ़ावा देने और ब्रिटेन से निवेश आकर्षित करने में मदद करेगा। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। वृहद आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) पर 24 जुलाई को हस्ताक्षर किए गए थे और इसके अगले साल लागू होने की संभावना है।

डेलॉयट इंडिया के भागीदार गुलजार डिडवानिया ने कहा कि सीईटीए पर हस्ताक्षर से निर्यात को बढ़ावा मिलने, निवेश आकर्षित करने और कपड़ा, वाहन कलपुर्जा, जूते-चप्पल और फार्मास्युटिकल्स जैसे प्रमुख क्षेत्रों में लगभग 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात के लिए शुल्क-मुक्त बाजार पहुंच मिलने से भारत को लाभ होगा।

उन्होंने कहा कि समझौते का एक प्रमुख आकर्षण सेवा क्षेत्र भी है, जहां यह ब्रिटेन के बाजार में भारतीय आईटी, वित्तीय, स्वास्थ्य सेवा और पेशेवर सेवा प्रदाताओं के लिए व्यापक अवसर खोलेगा। इसके अतिरिक्त, डिडवानिया ने कहा कि यह समझौता कुशल पेशेवरों की सुगम आवाजाही को सुगम बनाएगा, प्रतिभाओं की पारस्परिक मान्यता को बढ़ावा देगा और शिक्षा, नवोन्मेषण और अनुसंधान में सहयोग को मजबूत करेगा। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अध्यक्ष एससी रल्हन ने कहा कि यह समझौता 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करके 120 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने में मदद करेगा।

रल्हन ने कहा कि भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) प्रमुख क्षेत्रों, खासकर एमएसएमई और श्रम-प्रधान उद्योगों के लिए अभूतपूर्व अवसर खोलता है। यह न केवल शुल्क कम करता है, बल्कि सेवाओं और निवेश के लिए नियामकीय बाधाओं को भी कम करता है।

टाटा मोटर्स और मारुति की बाजार हिस्सेदारी बढ़ी

नई दिल्ली। टाटा मोटर्स और मारुति सुजुकी इंडिया की खुदरा बिक्री में पिछले महीने सालाना आधार पर बढ़ोतरी हुई है। वहीं दूसरी ओर सितंबर में हुंदै मोटर इंडिया और टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की बाजार हिस्सेदारी में गिरावट आई है।

- हुंदै और टोयटा किर्लोस्कर की घटी

टाटा की बाजार हिस्सेदारी पिछले साल की समान अवधि की तुलना में बढ़कर 13.75 प्रतिशत हो गई। पिछले साल टाटा ने 32,586 वाहन बेचे थे और कंपनी की बाजार हिस्सेदारी 11.52 प्रतिशत रही थी। मारुति सुजुकी इंडिया ने सितंबर में कुल 1,23,242 वाहन बेचे, जिससे उसकी बाजार हिस्सेदारी 41.17 प्रतिशत हो गई। सितंबर, 2024 में कंपनी की बाजार हिस्सेदारी 40.83 प्रतिशत रही थी।

एनएसई पर रोज 17 करोड़ साइबर हमले

मुंबई, एजेंसी

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) को प्रतिदिन लगभग 17 करोड़ साइबर हमलों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में निर्बाध परिचालन सुनिश्चित करने को एक्सचेंज को चौबीसों घंटे काम करने के लिए 'साइबर योद्धाओं' की एक समर्पित टीम की आवश्यकता होती है। एनएसई को 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान एक दिन में सबसे अधिक 40 करोड़ साइबर हमलों का सामना करना पड़ा था। इसे डीडीओएस सिमुलेशन के रूप में डिजाइन किए गया था। हालांकि, साइबर हमलावर कर्मियों, मशीनों और उन्नत प्रौद्योगिकी के समन्वित प्रयासों के कारण कोई नुकसान नहीं पहुंचा पाए।

एनएसई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एक्सचेंज पर हर दिन लाखों साइबर हमले होते हैं। लेकिन हमारी तकनीकी टीमें, उनकी प्रणाली और तकनीक विशेष सॉफ्टवेयर का उपयोग करके चौबीसों घंटे इन हमलों का मुकाबला करती हैं। उन्होंने कहा कि साइबर हमलों की संख्या प्रतिदिन 15 करोड़ से 17 करोड़ के बीच है, जिससे टीमों और प्रणालियों के लिए यह कार्य बेहद चुनौतीपूर्ण हो जाता है। दोनों साइबर सुरक्षा केंद्रों की तकनीकी टीमें लगातार सक्रिय रहती हैं और वित्तीय बाजार के बुनियादी ढांचे पर बड़े पैमाने पर होने वाले हमलों को बेअसर करने और उन्हें रोकने के लिए उन्नत सॉफ्टवेयर से लैस हैं।

ट्रेडिंग सदस्यों की नियमित होती है ऑडिट

अधिकारी ने कहा कि तकनीकी रूप से दक्ष कर्मियों, मशीनों और तकनीक से युक्त मजबूत साइबर सुरक्षा संरचना, एनएसई के संचालन को सुरक्षित बनाती है। एनएसई ने अपने संचालन के लिए मजबूत आंतरिक साइबर सुरक्षा उपाय लागू किए हैं और एनएसई अकादमी के माध्यम से एक साइबर सुरक्षा बुनियादी प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाया जाता है। अधिकारियों के अनुसार, ट्रेडिंग सदस्यों को नियमित रूप से साइबर सुरक्षा और साइबर-जुझारू क्षमता ऑडिट करवाना पड़ता है, जिसके परिणाम एक्सचेंज को प्रस्तुत किए जाते हैं। सुरक्षा व्यवस्था में ई-मेल, बाहरी डेटा, पेन ड्राइव और डिस्ट्रिब्यूटिड डिनायल ऑफ सर्विस (डीडीओएस) हमलों से सुरक्षा के लिए सख्त प्रोटोकॉल शामिल हैं।

- योद्धाओं की टीम सुनिश्चित करती है निर्बाध परिचालन

आतिथ्य, यात्रा सेवाओं की मांग में जबर्दस्त उछाल

नई दिल्ली। दिवाली के लंबे सप्ताहांत से पहले इस त्योहारी मौसम में आतिथ्य और यात्रा सेवा प्रदाताओं की मांग में जबर्दस्त वृद्धि देखी जा रही है। शहरी और मनोरंजन स्थलों के लिए अच्छी बुकिंग दर्ज की गई है, और इंटरसिटी बस सेवाओं में बुकिंग का स्तर 95-100 प्रतिशत तक पहुंच गया है।

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार मध्यम स्तर के होटल और मध्यम बाजार के घरेलू ग्राहकों के लिए एक प्रमुख प्रेरक के रूप में कार्य कर रहा है, जिससे यात्रियों के लिए कम प्रसिद्ध स्थलों की खोज करना आसान हो गया है। होटल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एचएआई) के अध्यक्ष के बी काचरू ने कहा कि शुरुआती रुझानों से पता चलता है कि होटल में बुकिंग बढ़ी है। यह परिवार, दोस्तों के साथ छुट्टियां बिताने और त्योहार मनाने के लिए यात्रियों के उत्साह को दर्शाता है।

राष्ट्रीय

संविधान ने सुनिश्चित किया है कि भारत मजबूत और एकजुट रहे

- महाराष्ट्र में एक कार्यक्रम के दौरान प्रधान न्यायाधीश गवई बोले

रत्नागिरि, एजेंसी

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने रविवार को कहा कि संविधान ने यह सुनिश्चित किया है कि देश मजबूत और एकजुट रहे, जबकि पड़ोसी देश अशांति और उथल-पुथल का सामना कर रहे हैं।

महाराष्ट्र के रत्नागिरि जिले के मंडणगड तालुका में एक न्यायालय भवन का उद्घाटन करने के बाद प्रधान न्यायाधीश ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि यह भवन ऐसे क्षेत्र में बना है, जिसमें संविधान के मुख्य निर्माता और महान समाज सुधारक बाबासाहेब आंबेडकर का पैतृक गांव अंबावडे भी शामिल है। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि युद्ध और शांति, दोनों ही स्थितियों में देश एकजुट रहा है और विकास के पथ पर अग्रसर रहा है। हमने आंतरिक आपातकाल भी देखा है, लेकिन हम मजबूत और एकजुट रहे हैं।

यह डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के संविधान के कारण है, जो हमें उन पड़ोसी देशों से अलग करता है, जहां अशांति का माहौल है। श्रीलंका, बांग्लादेश और हाल में नेपाल में अशांति के कारण सरकारों में बदलाव हुआ है, साथ ही दंगों और आगजनी के कारण नागरिकों को बड़े पैमाने पर परेशानी का सामना करना पड़ा है। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि कार्यपालिका और न्यायपालिका की शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत से लोगों को न्याय मिलने की उम्मीद की जाती है, फिर भी न्यायपालिका को सभी तक न्याय सुनिश्चित करने के लिए धन के संदर्भ में कार्यपालिका से सहयोग प्राप्त करना होता है। हाल में नासिक, नागपुर, कोल्हापुर और दरियापुर में न्यायालय भवनों का उद्घाटन हुआ है।

न्याय के विकेंद्रीकरण के लिए आवाज उठाई

न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि पिछले 22 वर्षों में एक न्यायाधीश के रूप में, मैंने न्याय के विकेंद्रीकरण के लिए आवाज उठाई है और यह सुनिश्चित किया है कि कई न्यायिक बुनियादी ढांचा परियोजनाएं पूरी हों। मुझे सबसे अधिक संतोष कोल्हापुर सर्किट बेंच (मुंबई उच्च न्यायालय की) और यह मंडणगड न्यायालय भवन को देखकर हुआ है, जो दो वर्षों में बनकर तैयार हुआ है। इसे एक सपने के साकार होने जैसा बताते हुए प्रधान न्यायाधीश ने मंडणगड न्यायालय भवन परियोजना में तेजी लाने के लिए महाराष्ट्र सरकार को धन्यवाद दिया।

तस्कर से 2.82 करोड़ के सोने के बिस्कुट बरामद

कोलकाता। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के पास एक तस्कर को पकड़ा और उसके कब्जे से 20 किलोग्राम सोने के बिस्कुट जब्त किए। अर्धसैनिक बल द्वारा जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई।

शनिवार को जारी बयान में कहा गया कि होरंदीपुर सीमा चौकी पर तैनात बीएसएफ की 32वीं बटालियन को विश्वसनीय खुफिया जानकारी मिली कि सीमा के पास मुस्लिमपारा गांव का एक भारतीय नागरिक बांग्लादेश से लाए गए अवैध सोने की तस्करी होरंदीपुर इलाके से करने योजना बना रहा है। सूचना मिलते ही ड्यूटी पर तैनात जवानों को सतर्क कर दिया गया। इसमें बताया गया कि शनिवार सुबह करीब छह बजे बीएसएफ जवानों ने बांस के घने जंगल के पीछे एक व्यक्ति को घूमते देखा।

लड़कियां रात में बाहर न घूमें : ममता

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा से सामूहिक बलात्कार की घटना पर रविवार को दुख जताया। उन्होंने कहा कि छात्राओं को रात में बाहर नहीं घूमना चाहिए।

खासकर सुनसान इलाकों में सतर्क रहना चाहिए। कहा कि निजी कॉलेजों को छात्राओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। पुलिस को कड़ी से कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

दरअसल, दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा से सामूहिक बलात्कार मामले में भाजपा और अन्य विरोधी पार्टियां ममता सरकार पर सवाल उठा रही हैं। ओडिशा के सीएम ने भी बंगाल की सीएम से सख्त कार्रवाई करने की मांग की जिसके बाद ममता बनर्जी ने यह बयान दिया है। ममता बनर्जी ने पश्चिम बर्धमान जिले के दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा के साथ सामूहिक बलात्कार की कथित घटना को स्तब्धकारी करार दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। बारिश और भूस्खलन की घटनाओं से प्रभावित उत्तर बंगाल में राहत एवं पुनर्वास कार्यों का जायजा लेने के लिए रवाना होने से पहले ममता ने कोलकाता हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उनकी सरकार का ऐसी घटनाओं को कतई बर्दाश्त नहीं करने का रुख है। ममता ने कहा कि पीड़िता जिस संस्थान की छात्रा है, वह (संस्थान) भी इस घटना के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि निजी कॉलेजों को अपने परिसरों के भीतर और आसपास सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रावास में रहने वाली छात्राओं, खासतौर पर राज्य के बाहर की छात्राओं को छात्रावास के नियमों का पालन करना चाहिए।

गैंगरेप मामले में तीन गिरफ्तार, एक हिरासत में

पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान जिले में एक निजी मेडिकल कॉलेज की छात्रा से सामूहिक बलात्कार में संलिप्तता के आरोप में रविवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इस घटना में संदिग्ध भूमिका के कारण एक अन्य व्यक्ति को भी हिरासत में लिया है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों की पहचान अभी उजागर नहीं की है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बेहद संवेदनशील मामला है और हम आगे की जानकारी बाद में देंगे। तीनों आरोपियों के मोबाइल फोन भी जब्त कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि रविवार को पुलिस ने परानागंज काली बाड़ी श्मशान घाट से सटे जंगल में अपराध स्थल की घेराबंदी कर दी।

- मुख्यमंत्री ने कहा-निजी कॉलेज लें छात्राओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी

आरएटी की फिर जांच करेगी एयर इंडिया

मुंबई, एजेंसी

विमानन सुरक्षा नियामक डीजीसीए ने एयर इंडिया से कहा है कि उन सभी विमानों में आरएटी (रैम एयर टर्बाइन) की दोबारा जांच की जाए, जिनके पावर कंडीशनिंग मॉड्यूल (पीसीएम) को एयरलाइन ने हाल में बदला है। सुरक्षा नियामक ने साथ ही अमेरिकी विमान विनिर्माता बोइंग से बिना कमांड वाले आरएटी की तैनाती के संबंध में लागू किए जाने वाले निवारक उपायों पर एक व्यापक रिपोर्ट मांगी है।

गौरतलब है कि हाल में एयर इंडिया 787 विमानों से जुड़ी दो घटनाओं में आरएटी प्रणाली सक्रिय हो गई थी।

- डीजीसीए ने दिए निर्देश, बोइंग से भी मांगी रिपोर्ट

आमतौर पर विमान के दोनों इंजन, इलेक्ट्रॉनिक तंत्र और हाईड्रोलिक प्रणाली खराब होने पर आरएटी सक्रिय होता है। पायलटों के समूह फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स ने नागर विमानन मंत्री को एक पत्र लिखकर सरकार से एयर इंडिया के पूरे बी787 विमान बेड़े को उड़ान भरने से रोकने और एयरलाइन का विशेष ऑडिट करने का आग्रह किया है।डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एयर इंडिया को उन सभी विमानों के आरएटी की फिर से जांच करने की सलाह दी गई है, जिनके पीसीएम मॉड्यूल को हाल ही में बदला गया था। पीसीएम एक महत्वपूर्ण विद्युत घटक है, जो विमान की बिजली उत्पादन प्रणाली से विभिन्न ऑनबोर्ड प्रणालियों और उपकरणों में विद्युत शक्ति को भेजता और नियंत्रित करता है। बोइंग को पीसीएम मॉड्यूल में बदलाव के बाद दुनिया भर के विमान संचालकों से प्राप्त सेवा संबंधी किसी भी कठिनाई की रिपोर्ट उपलब्ध कराने के लिए भी कहा गया है।

सबरीमला में सोना गायब होने में बोर्ड पर सवाल

कोच्चि। सबरीमला मंदिर के श्रीकोविल (गर्भगृह) से गायब हुए सोने को लेकर टीडीबी की सतर्कता रिपोर्ट ने 2019 के बोर्ड को सवालों के घेरे में ला दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि द्वारपालक (संरक्षक देवता) की मूर्तियों की सोना चढ़ी तांबे की चादरों को तत्कालीन बोर्ड के सदस्यों की जानकारी के बिना अतिरिक्त सोना चढ़ाए जाने के लिए चेन्नई ले जाना असंभव था। रिपोर्ट के आधार पर केरल उच्च न्यायालय ने विस्तृत जांच के लिए एक एसआईटी के गठन का निर्देश दिया था।

33 लाख छात्रों को पढ़ा रहे एकल-शिक्षक स्कूल

नई दिल्ली, एजेंसी

- देश में ऐसे एक लाख विद्यालय, यूपी में सर्वाधिक छात्र नामांकित

देश भर में 33 लाख से ज्यादा छात्र एकल-शिक्षक वाले एक लाख से अधिक स्कूलों में नामांकित हैं। आंध्र प्रदेश में ऐसे स्कूलों की संख्या सबसे अधिक है, जबकि इनमें से उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक छात्रों का नामांकन है।

शिक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में, देश में 1,04,125 स्कूल ऐसे थे जिनका संचालन एकल शिक्षक द्वारा किया जाता था, ऐसे स्कूलों में 33,76,769 छात्र नामांकित थे। यानी, औसतन प्रत्येक स्कूल में करीब 34 छात्र थे। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 प्राथमिक स्तर (कक्षा 1 से 5) पर 30:1 और उच्च प्राथमिक स्तर (कक्षा 6 से 8) पर 35:1 का छात्र-शिक्षक अनुपात अनिवार्य करता है।

देश में सबसे अधिक 'एकल-शिक्षक' वाले स्कूल आंध्र प्रदेश में हैं, इसके बाद उत्तर प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, कर्नाटक और लक्षद्वीप का स्थान है। हालांकि, एकल शिक्षक वाले स्कूलों में छात्रों के नामांकन के मामले में उत्तर प्रदेश इस सूची में शीर्ष पर है। उसके बाद झारखंड, पश्चिम बंगाल और मध्यप्रदेश का स्थान है। एकल शिक्षक वाले स्कूलों की संख्या 2022-23 के 1,18,190 से घटकर 2023-24 में 1,10,971 हो गई, जो लगभग छह प्रतिशत की गिरावट है।

शिक्षकों की तैनाती का किया जा रहा प्रयास

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सरकार स्कूलों के विलय और स्कूलों के एकीकरण, जिसे अक्सर स्कूलों का युक्तिकरण कहा जाता है, के माध्यम से उपलब्ध संसाधनों का सर्वोत्तम संभव उपयोग सुनिश्चित करने पर काम कर रही है। अधिकारी ने कहा कि एकल शिक्षक वाले स्कूल शिक्षण प्रक्रिया को बाधित करते हैं और इसलिए शिक्षकों की अधिकतम उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए शून्य छात्र नामांकन वाले स्कूलों से एकल शिक्षक वाले स्कूलों में शिक्षकों को फिर से तैनात करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

वर्ल्ड ब्रीफ

सेशेल्स: पैट्रिक हर्मिनी होंगे नए राष्ट्रपति

विक्टोरिया। सेशेल्स में विपक्ष के नेता पैट्रिक हर्मिनी ने शनिवार को दूसरे चरण के मतदान में मौजूदा नेता वेवल रामकलावन को हराकर राष्ट्रपति पद का चुनाव जीत लिया। रविवार तड़के जारी आधिकारिक परिणाम के अनुसार, हर्मिनी को 52.7 प्रतिशत वोट मिले, जबकि रामकलावन को 47.3 प्रतिशत वोट मिले। हर्मिनी 'यूनाइटेड सेशेल्स पार्टी' का प्रतिनिधित्व करते हैं जिसने 2020 में सत्ता गंवाने से पहले चार दशकों तक देश का नेतृत्व किया था। रामकलावन ने लिनयोन डेमोक्रेटिक सेसेलवा पार्टी का प्रतिनिधित्व किया। राष्ट्रपति पद के लिए दो सप्ताह पूर्व हुए मतदान में कोई स्पष्ट विजेता नहीं मिलने के बाद दूसरे चरण का मुकाबला हुआ था जिसमें मुख्य दावेदार रामकलावन और हर्मिनी थे।

सूडान : ड्रोन हमलों में 60 से ज्यादा की मौत

खार्तूम। पश्चिमी सूडान के एल फशर शहर में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स की ओर से ड्रोन हमलों में शनिवार को 60 से ज्यादा नागरिक मारे गए। एल फशर में प्रतिरोध समितियों के समन्वय ने एक बयान में कहा कि दार अल-अरक़म आश्रय स्थल को एक रणनीतिक ड्रोन और आठ से ज्यादा आग लगाने वाले बमों से निशाना बनाया गया, जिससे शवों के ढेर ऐसे बिखरे पड़े थे जिसका वर्णन करना मुश्किल है। एक चिकित्सा सूत्र ने बताया कि आरएसएफ ने सुबह दार अल-अरक़म आश्रय स्थल और ओमदुरमान इस्लामिक विश्वविद्यालय पर व्यवस्थित ड्रोन हमले किए, जिसमें बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों सहित 30 से ज्यादा नागरिक मारे गए।

चीनी दल ने फिलीपींस के जहाज को टक्कर मारी

मनीला। चीनी तट रक्षक के एक जहाज ने रविवार को विवादित दक्षिण चीन सागर में फिलीपीनी निवासियों के एक द्वीप के पास लंगर डाले फिलीपींस सरकार के एक जहाज पर पहले तो जोरदार पानी की बौछार की और फिर उसे टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। हालांकि इस घटना में फिलीपींस के मछुआरों को सहायता प्रदान करने वाले मत्स्य बेड़े का हिस्सा रहे 'बीआरपी दातु पगबुया' जहाज के फिलीपीनी चालक दल के सदस्यों में से किसी को भी चोट नहीं आई। मनीला, बीजिंग और चार अन्य देशों के बीच लंबे समय से जारी क्षेत्रीय विवादों के बीच ताजा घटना में चीन के तट रक्षक बल ने फिलीपींस के कब्जे वाले थिटू द्वीप के पास पगबुया को निशाना बनाया।

नेपाल: सोने की तस्करी में पकड़े गए प्रतिनिधि सभा के पूर्व अध्यक्ष महरा

कांठमांडू, एजेंसी

नेपाल के प्रतिनिधि सभा के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण बहादुर महरा को सोने की तस्करी में कथित संलिप्तता को लेकर रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

नेपाल पुलिस के अनुसार, नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी केंद्र) के 67 वर्षीय उपाध्यक्ष को केंद्रीय जांच ब्यूरो ने ललितपुर मेट्रोपॉलिटन सिटी स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि महरा को 8.55 करोड़ नेपाली रुपये मूल्य का सोना बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है, जिसे तीन साल पहले त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर रखा गया था। तब दुबई से आ रहे एक चीनी नागरिक को काठमांडू हवाई अड्डे पर इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट के अंदर छिपाकर सोने की तस्करी करने पर गिरफ्तार किया गया था। महरा को उस वक्त बाजार में सोना बेचने में आपराधिक गिरोहों और हवाई अड्डा के कुछ अधिकारियों की मदद में लिप्त पाया गया था। प्रतिनिधि सभा भारतीय लोकसभा की तरह नेपाल में संसद का निचला सदन होती है।

● महरा पर 8.5 करोड़ के सोने की तस्करी में लिप्त होने का है आरोप

महाशक्तियों के बीच गहराता शीतयुद्ध

चीन और अमेरिका

विश्व की दो सबसे बड़ी महाशक्ति चीन और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के मुख्य कारण तकनीकी और आर्थिक प्रतिस्पर्धा के साथ चीन की सैन्य शक्ति में वृद्धि है। चीन का दुर्लभ खनिजों पर नियंत्रण है। माना जा रहा है कि चीन ने तकनीकी वर्चस्व पर अमेरिका के नियंत्रण को रोकने के लिए ही दुर्लभ खनिजों के निर्यात पर सख्ती बढ़ाई है, क्योंकि इन खनिजों का उपयोग उन्नत प्रौद्योगिकियों के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है। इसी वजह से व्यापार युद्ध में एक-दूसरे पर पहले से हावी होने की कोशिश कर रहे इन दोनों देशों के बीच एकाएक टकराव और बढ़ गया है। दुनिया में दुर्लभ खनिजों के उत्पादन में चीन का प्रभुत्व है और उसने इसके निर्यात पर सख्ती बढ़ाई है। अमेरिका ने जवाब में चीन पर 100% अतिरिक्त टैरिफ लगाया है जिसका चीन की निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ सकता है। इस नए टकराव ने वैश्विक अनिश्चितता को और बढ़ा दिया है।

दुर्लभ खनिजों पर सख्ती क्यों

- चीन ने इन खनिजों के निर्यात पर सख्ती इसलिए बढ़ाई है ताकि वह अपनी भूराजनीतिक शक्ति बढ़ा सके और अमेरिका जैसे देशों पर दबाव डाल सके।
- यह जवाबी कार्रवाई भी है। अमेरिका ने चीन की कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए तो चीन ने महत्वपूर्ण खनिजों का निर्यात नियंत्रित करके दबाव बनाया।
- चीन का तर्क है कि ये खनिज सैन्य और नागरिक उपयोग दोनों तरह के उत्पादों में इस्तेमाल होते हैं। अमेरिका इनका सैन्य इस्तेमाल ज्यादा कर रहा है।
- चीन खनन से होने वाले प्रदूषण और पर्यावरणीय नुकसान को कम करने का हवाला भी दे रहा है। हालांकि इसे उसका बहाना माना जा रहा है।

उत्पादन की स्थिति

- दुर्लभ खनिजों के उत्पादन पर हावी चीन वैश्विक उत्पादन के 61% का खनन करता है और विश्व के 92% से अधिक प्रसंस्करण को नियंत्रित करता है।
- हालांकि कुछ अन्य देशों में भी दुर्लभ खनिजों के भंडार हैं। अमेरिका के माउंटेन पास में एक खदान है, लेकिन यह वैश्विक मांग को पूरा नहीं कर सकती।
- दुर्लभ खनिजों पर चीन की एकाधिकार जैसी स्थिति ने वैश्विक आपूर्ति शृंखला को बहुत कमजोर बना दिया है, इस कारण दुनिया चीन पर निर्भर हो गई है।

चीन पर असर : भारी टैरिफ के कारण विदेशी कंपनियां चीन में निवेश करने से हिचकिचाएंगी।

तनाव के मुख्य कारण

- तकनीकी प्रतिस्पर्धा सबसे प्रमुख, दोनों देश सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अन्य हाईटेक क्षेत्रों में वर्चस्व के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।
- आर्थिक प्रतिस्पर्धा के चलते अमेरिका चीन के बड़े व्यापार घाटे से चिंतित है और टैरिफ लगाकर चीन के निर्यात को काबू करने का प्रयास कर रहा है।
- अमेरिका की सुरक्षा चिंताएं भी एक कारण है। चीन की बढ़ती सैन्य शक्ति और उसके मानवाधिकार रिकॉर्ड को लेकर अमेरिका की चिंता बढ़ रही है।

टकराव का दुनिया पर असर

- दुनिया की अर्थव्यवस्था इन दोनों देशों पर बहुत निर्भर है। इस टकराव से वैश्विक आपूर्ति शृंखला में बड़े व्यवधान आ सकते हैं, जिससे कई उद्योगों पर बुरा असर पड़ेगा।
- व्यापार युद्ध से वैश्विक स्तर पर आर्थिक विकास पर असर पड़ सकता है। विश्लेषकों का मानना है कि इससे पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था में स्थिरता खत्म हो सकती है।
- निवेश में बदलाव की भी संभावना बढ़ेगी। कंपनियां स्वाभाविक रूप से निर्भरता कम करने के लिए चीन से बाहर वैकल्पिक उत्पादन स्थलों की तलाश करेंगी।

भारत के लिए संकेत

- भारत के लिए यह एक अवसर हो सकता है क्योंकि अमेरिका समेत कई देश चीन पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए वैकल्पिक आपूर्ति शृंखला तलाश रहे हैं।
- भारत-अमेरिका हिंद महासागर में चीन की बढ़ती शक्ति का मुकाबला करना चाहते हैं। भारत को अमेरिका के साथ रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने का मौका मिलेगा।

गाजा युद्ध: मिस्र में हो रही शांति वार्ता में भाग लेने को भारत को भी निमंत्रण

ट्रंप और अब्देल फतेह करेंगे अध्यक्षता, यूएन महासचिव गुटेरेस भी लेंगे हिस्सा

काहिरा, एजेंसी

इज़राइल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए मिस्र में सोमवार को आयोजित हो रहे शांति सम्मेलन में भारत सहित करीब 20 देशों और गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया है। गाजा पट्टी में शांति लाने के मकसद से मिस्र के मशहूर पर्यटक स्थल शर्म-अल-शेख में सोमवार को होने जा रहे इस शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप करेंगे। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को भी न्योता भेजा गया है।

द टाइम्स ऑफ इजराइल की खबर के मुताबिक इस बेहद महत्वपूर्ण सम्मेलन में आमंत्रित किए गए देशों में भारत का नाम भी शामिल है। उसने सीसी के कार्यालय के हवाले से बताया कि यह शिखर सम्मेलन क्षेत्र में शांति के लिए ट्रंप के नजरिए और वैश्विक संघर्षों को खत्म करने की उनकी लगातार की जा रही कोशिशों के अनुरूप है। इसका मकसद गाजा में चल रही जंग को खत्म करना, पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देना और क्षेत्रीय सहयोग एवं सुरक्षा का एक नया अध्याय शुरू करना है। मिस्र के विदेश मंत्रालय ने बताया कि शिखर सम्मेलन में गाजा में युद्ध समाप्त करने संबंधी एक दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इस शिखर सम्मेलन को 'शर्म अल-शेख शांति शिखर सम्मेलन-गाजा में युद्ध की समाप्ति के लिए समझौता' नाम दिया गया है। गुटेरेस के कार्यालय ने उनके इसमें भाग लेने की पुष्टि की है।

युद्धविराम समझौता लागू होने के बाद गाजा में घरों को लौटते फिलिस्तीनी।

वार्ता के बाद हस्ताक्षर समारोह

ब्रिटेन सरकार का कहना है कि इस शिखर सम्मेलन में गाजा शांति योजना पर एक 'हस्ताक्षर समारोह' भी शामिल होगा, जो दो साल के संघर्ष और रक्तपात के बाद इस क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक मोड़ होगा। यह शिखर सम्मेलन हाल के दिनों में शर्म अल-शेख में गहन परोक्ष वार्ता के बाद इजराइल और हमास के बीच हुए युद्धविराम और कैदियों की अदला-बदली पर बनी सहमति के बाद हो रहा है। बीते दो साल से चल रही इस जंग में 67,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं।

कई यूरोपीय नेता होंगे शामिल, शहबाज भी पहुंचेंगे

इस सम्मेलन में अरब, मुस्लिम, एशियाई और यूरोपीय देशों के नेताओं को आमंत्रित किया गया है। उनके अलावा कई यूरोपीय नेताओं ने शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए मिस्र आने की पुष्टि कर दी है। इनमें ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी, स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज, जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा भी उपस्थित रह सकते हैं। इनके अलावा ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन, तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन, जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय, बहरीन के किंग हमद बिन ईसा अल खलीफा और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के भी इसमें शामिल होने की उम्मीद है। इन सभी को शिखर सम्मेलन का निमंत्रण भेजा गया है।

क्या होगा आगे... कैदियों को रिहा करेगा हमास निरस्त्रीकरण और शासन पर जारी रहेगी वार्ता

इजराइली रिपोर्टों के अनुसार ट्रंप की योजना के मुताबिक समझौते की शर्तों के तहत इजराइली सेना ने गाजा के अंदर एक हद तक अपनी वापसी पूरी कर ली है। अगले तीन दिनों में हमास को अभी भी बंद सभी 48 कैदियों को रिहा करना होगा, जिनमें से लगभग 20 के जीवित होने का अनुमान है। उम्मीद है कि इजराइल और हमास ट्रंप की योजना के अगले चरणों पर चर्चा जारी रखेंगे, जिसमें हमास निरस्त्रीकरण, युद्धोत्तर प्रशासन और नए संघर्ष को रोकने के लिए सुरक्षा गारंटी जैसे विवादास्पद मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इस बीच युद्धविराम जारी रहेगा।

सबसे बड़ी नौका दौड़

इटली की ट्राइस्टे की खाड़ी में रविवार को हजारों लोगों ने पारंपरिक बारकोलाना रेगाटा में भाग लिया। यह दुनिया की सबसे बड़ी नौका दौड़ है जो हर साल अक्टूबर में होती है। इसे एक बड़े समुद्री उत्सव की तरह संगीत और मनोरंजन के साथ मनाया जाता है।

मिस्र में हुई कार दुर्घटना में कतर के तीन राजनयिकों की मौत

काहिरा। मिस्र के लाल सागर स्थित शर्म अल शेख में रिसॉर्ट जाते समय शनिवार को एक कार दुर्घटना में कतर के तीन राजनयिकों की मौत हो गई।

अधिकारियों ने बताया कि शर्म अल-शेख से लगभग 50 किमी दूर एक वाहन के पलट जाने से दो अन्य राजनयिक घायल हो गए। कतर की प्रोटोकॉल टीम के ये राजनयिक हमास और इजराइल के बीच युद्ध विराम होने का जश्न मनाने शहर जा रहे थे। कतर ने मिस्र और अमेरिका के साथ मिलकर मध्यस्थता की थी। तुर्किये भी शर्म अल-शेख में हुई वार्ता में शामिल हुआ था। इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम समझौता लागू होने के बाद बंधकों और सैकड़ों फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया गया।

चीन की अमेरिका को चेतावनी, 100% टैरिफ का कड़ा जवाब देंगे

बीजिंग, एजेंसी

चीन ने दुर्लभ खनिज और ऐसी दूसरी वस्तुओं के निर्यात पर अंकुश से जुड़े फैसले का बचाव करते हुए इसे वैश्विक शांति की रक्षा के लिए एक वैध कदम बताया है, साथ ही अमेरिका को चेतावनी दी है कि अगर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीनी निर्यात पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की अपनी धमकी पर कायम रहते हैं तो वह इसका ठोस जवाब देगा।

चीन ने बृहस्पतिवार को दुर्लभ खनिज, लिथियम बैटरी और दुर्लभ खनिज आधारित सामग्री के खनन व प्रसंस्करण से संबंधित तकनीकों और उपकरणों के निर्यात पर नयी पाबंदियों की घोषणा की थी। तत्काल प्रभावी हुईं इन पाबंदियों के दायरे में उत्पादन प्रौद्योगिकियों का विदेशी हस्तांतरण भी आता है। बीजिंग ने कहा कि यह निर्णय इस चिंता को ध्यान में रखते हुए लिया गया है कि कुछ विदेशी कंपनियां सैन्य उद्देश्यों के लिए चीन से प्राप्त सामग्रियों का उपयोग कर रही हैं। चीन के इस कदम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने एक नवंबर से चीनी वस्तुओं पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी दी है, जिसके बाद दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार युद्ध फिर से शुरू हो गया।

● कहा- टैरिफ की धमकी देकर चीन के साथ नहीं बैठ सकता तालमेल

गलत रास्ता छोड़े और वार्ता से दूर करे मतभेद

चीन ने कहा, हम व्यापार युद्ध से नहीं डरते। अमेरिका अपनी गलत प्रथाओं को तुरंत सुधारे और दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच फोन कॉल के दौरान बनी महत्वपूर्ण सहमति का पालन करे और वार्ता और पारस्परिक सम्मान एवं समान परामर्श के माध्यम से व्यापार मतभेदों को हल करे। बयान में कहा गया, अगर अमेरिका गलत रास्ते पर जाने पर अड़ा रहता है तो चीन निश्चित रूप से अपने वैध अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाएगा।

ट्रंप की धमकी से जुड़े एक प्रश्न का उत्तर देते हुए चीनी वाणिज्य मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में अमेरिका पर राष्ट्रीय सुरक्षा की अवधारणा को बढ़ाचढ़ाकर पेश करने का आरोप लगाया। कहा, जानबूझकर भारी टैरिफ लगाने की धमकी देना चीन के साथ तालमेल बिठाने का सही तरीका नहीं है।

ट्रंप का आदेश, जितना भी पैसा है उससे पहले सैनिकों को दें वेतन

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रक्षा मंत्रालय को निर्देश दिया है कि वह सरकारी वित्त पोषण रुकने के कारण हुए 'शटडाउन' के बावजूद अमेरिकी सैनिकों को बुधवार को वेतन देने के लिए सभी उपलब्ध धनराशि का उपयोग करे।

ट्रंप ने कहा कि यह एक अल्पकालिक उपाय है जो उन लाखों संघीय कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा जिन्हें छुट्टी पर भेज दिया गया है। राष्ट्रपति ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वह इसलिए कदम उठा रहे हैं क्योंकि हमारे बहादुर सैनिकों को निर्धारित 15 अक्टूबर को उनका वेतन नहीं मिल पाएगा। ट्रंप ने डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं को दोषी ठहराते हुए कहा कि वह कमांडर-इन-चीफ के रूप में अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को 15 अक्टूबर को सैनिकों को वेतन दिलाने के लिए सभी उपलब्ध धनराशि का उपयोग करने का निर्देश दे रहे हैं।

यूक्रेन की पावर ग्रिड पर रूस ने फिर किया हमला

सर्दी से पहले यूक्रेन का ऊर्जा ढांचा ठप करने के अभियान के तहत बनाया निशाना

कीव, एजेंसी

रूस ने रविवार रात यूक्रेन की पावर ग्रिड पर हमला किया ताकि सर्दियों से पहले यूक्रेनी ऊर्जा बुनियादी ढांचे को ठप कर दिया जाए। यह हमला ऐसे समय में हुआ जब मॉस्को अमेरिका की ओर से यूक्रेन को टॉमहॉक क्रूज मिसाइलें दिए जाने की संभावना पर गहरी चिंता जता चुका है।

कीव के क्षेत्रीय गवर्नर मायकोला कलाश्निक ने कहा कि क्षेत्र में एक सबस्टेशन पर रूसी हमलों में यूक्रेन की सबसे बड़ी निजी ऊर्जा कंपनी डीटीईके के दो कर्मचारी घायल हो गए। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्रालय ने कहा कि डोनेट्स्क, ओडेसा और चेर्निहीव क्षेत्रों में भी ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमला किया गया। ट्रंप ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि उन्होंने यूक्रेन को टॉमहॉक मिसाइल उपलब्ध कराने के बारे में एक तरह से निर्णय ले लिया है, हालांकि उन्होंने इस बारे में विस्तार से कुछ नहीं बताया। यूक्रेन का एक वरिष्ठ प्रतिनिधिमंडल इस सप्ताह अमेरिका की यात्रा करने वाला है।

इस बीच, क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने एक टिप्पणी में कहा, टॉमहॉक का विषय बेहद चिंता का विषय है। उन्होंने कहा, यह वाकई एक बहुत नाटकीय क्षण है क्योंकि हर तरफ से तनाव बढ़ रहा है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के करीबी सहयोगी एवं बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने भी रविवार को कहा कि उन्हें संदेह है कि अमेरिका यूक्रेन को टॉमहॉक क्रूज मिसाइलें देगा। मुझे लगता है कि हमें शांत रहने की जरूरत है।

जेलेंस्की ने की रूसी तेल के खरीदारों पर और कड़े प्रतिबंध लगाने की मांग

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने 'एक्स' पर लिखा, रूस हमारे शहरों और समुदायों के खिलाफ अपना हवाई आतंक जारी रखे हुए है, हमारे ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमले तेज कर रहा है। कहा, रूस ने पिछले सप्ताह यूक्रेन के खिलाफ 3,100 से अधिक ड्रोन, 92 मिसाइलें और लगभग 1,360 ग्लाइड बम दागे हैं। ज़ेलेंस्की ने रूसी तेल के खरीदारों पर और कड़े प्रतिबंध लगाने का भी आह्वान किया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, रूसी तेल के खरीदार जो इस युद्ध को वित्तपोषित करते हैं, उनके के खिलाफ प्रतिबंध, टैरिफ और संयुक्त कार्रवाई, सभी मुद्दों पर बातचीत जारी रहनी चाहिए।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 अक्टूबर, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, सप्तमी 12.24 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व, ऋतु- शरद।
चन्द्रबल- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र- आर्द्रा 12.26 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

मेष — आज नए मित्र बन सकते हैं। अपनी भावी योजनाओं को लेकर थोड़े कन्फ्यूज हो सकते हैं। धार्मिक यात्रा विशेष रूप से सुखद रहेगी। परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति विश्वास बनाए रखें। व्यापार में उन्नति के अवसर मिलेंगे।

वृष — आज अपने व्यक्तिगत कार्यों को अत्यधिक महत्व देंगे। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर करने के लिए दिन उत्तम है। किसी महत्वपूर्ण बात को लेकर परिवार में चर्चा हो सकती है। परिजनों के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं।

मिथुन — आज व्यवसाय को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। धन लाभ के बेहतरीन अवसर प्राप्त होंगे। विदेश से जॉब के अवसर मिलने की संभावना है। वैवाहिक जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। बुद्धिमान लोगों के बीच आपका दायरा मजबूत होगा।

कर्क — आज आपके ऊपर अत्यधिक जिम्मेदारियां रहेंगी। व्यवसाय में अपने खर्चों पर नियंत्रण करने का दबाव रहेगा। अपने व्यवहार में लचीलापन बनाए रखें। वैवाहिक जीवन में थोड़ी उथल-पुथल होने की संभावना है।

सिंह — आज दिन का शुरुआती भाग आपके लिए काफी अच्छा रहेगा। आपके ऊपर पुराने ऋण को चुकाने का दबाव हो सकता है। आप कुछ नया सीखने को लेकर प्रेरित रहेंगे। संपत्ति के क्रय-विक्रय से बेहतरीन लाभ मिलेगा।

कन्या — आज गुप्त शत्रुओं की वजह से कुछ समस्या हो सकती है। रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे। दूसरों के झगड़ों में मध्यस्थता न करें। कारोबार में आपको बड़ा लाभ हो सकता है। प्रबंधन से जुड़े लोगों का काम बढ़ने वाला है।

तुला — आज महिलाओं का स्वास्थ्य कमजोर हो सकता है। विद्यार्थियों को शिक्षा में शिक्षकों का सहयोग मिलेगा। संतान का व्यवहार आपके प्रति काफी अच्छा रहेगा। उच्च अधिकारियों से आपको बड़ा लाभ हो सकता है। प्रेम संबंधों का भरपूर आनंद लेंगे।

वृश्चिक — आज आपके आत्मविश्वास और आत्मबल में वृद्धि होगी। मेहनत के बल पर आपको सफलता मिलेगी। वैवाहिक जीवन में तनाव होने की संभावना है। आपको कुछ कार्य ऐसे करने पड़ सकते हैं, जिनकी आपको अपेक्षा भी नहीं थी।

धनु — आज शाम को आपके कुछ काम बिगड़ सकते हैं। ऐसा भी हो सकता है कि आप जिनके साथ अच्छा करें वही आपको महत्व न दें। नई नौकरी ढूंढ रहे हैं, तो आपको सफलता मिलेगी। नजदीकी व्यक्तियों के साथ किसी गंभीर विषय पर चर्चा करेंगे।

मकर — आज लोन से जुड़े हुए अटके काम शुरू हो सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत करने के लिए दिन बहुत अच्छा है। विपरीत परिस्थितियों में फंसे लोगों की सहायता कर सकते हैं। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा।

कुंभ — आज विवादों का समाधान निकल सकता है। अपने निर्णयों को दूसरों पर आरोपित न करें। किसी को उधार धन न दें। बेरोजगार लोगों को अपनी जॉब की चिंता हो सकती है। उच्च पदासीन लोगों के साथ अपना व्यवहार अच्छा रखें।

मीन — आज आयात-निर्यात के कारोबार में तेजी आएगी। नौकरी में अधिकारी वर्ग आपकी अनदेखी कर सकते हैं। अपनी जीवनशैली को सुधारने के लिए धन खर्च करेंगे। साहित्य और लेखन की दिशा में आपकी रुचि बढ़ सकती है।

सुडोकू-128

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

8				1	5			6
		2		3	7		5	
	1					3	2	
	9		8			5		
		6				4		
		7			2		1	
	3						8	
	2		1	6				
4	7							3

सुडोकू - 127 का हल

6	3	7	9	4	2	5	8	1
8	5	4	7	6	1	9	3	2
1	2	9	5	8	3	4	6	7
9	6	3	4	7	8	2	1	5
5	8	1	3	2	9	7	4	6
7	4	2	1	5	6	8	9	3
2	9	6	8	1	7	3	5	4
4	1	8	2	3	5	6	7	9
3	7	5	6	9	4	1	2	8

एसीए वीडीसीए स्टेडियम में मेरे नाम पर एक स्टैंड होना गर्व की बात है। मैं आंध्र प्रदेश सरकार और आंध्र प्रदेश क्रिकेट संघ को धन्यवाद देती हूं। विशाखापत्तनम का मेरे दिल में विशेष स्थान है, जहां मैने खेल को सीखने, अपने कौशल को निखारने के लिए घंटो मेहनत की है।
-पूर्व कप्तान मिताली राज

स्टेडियम

मुरादाबाद, सोमवार 13 अक्टूबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com

हाईलाइट

हमें मैच को पांचवें दिन तक खींचना होगा: पियरे

नई दिल्ली : दिल्ली के फिरोजशाह कोटला मैदान पर खेले जा रहे तीसरे टेस्ट के शुरुआती तीन दिन तक पिच ज्यादातर बल्लेबाजों के लिए मददगार रही है। ऐसे में वेस्टइंडीज के बाएं हाथ के स्पिनर खारी पियरे को उम्मीद है कि उनकी टीम के पास मैच को पांचवें दिन तक ले जाने का मौका है। पियरे ने कहा मुझे लगता है कि पिच अभी भी अच्छी है, कभी-कभी गेंद स्पिन हो रही है। पियरे ने भारतीय स्पिनरों को विकेट लेने में हो रही परेशानी का जिक्र करते हुए कहा अगर पिच ऐसे ही बनी रही, तो हमारे बल्लेबाजों को टिकने और रन बनाने का भरपूर मौका मिलेगा। हम पांचवें दिन तक मैच खींच सकते हैं।अभी यह बल्लेबाजी के लिए अच्छी पिच है, लेकिन जैसे ही हम चौथे दिन के अंतिम सत्र या पांचवें दिन पहुंचेंगे, मुझे लगता है कि पिच काफी टूटेगी, गेंद नीची रहेगी और थोड़ा ज्यादा स्पिन भी करेगी।

पिच बल्लेबाजी के लिए आसान हो गई : डोएशे

नई दिल्ली : भारतीय क्रिकेट टीम के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने स्वीकार किया कि पिच के धीमा होने से बल्लेबाजी आसान हो गई है, जिससे भारतीय स्पिनरों को चौथे दिन काफी मेहनत करनी पड़ेगी। भारत ने रविवार को वेस्टइंडीज को फालोऑन खेलने पर मजबूर किया, पर जॉन कैंपबेल और शाई होप ने भारतीय स्पिनरों का डटकर सामना करते हुए दूसरी पारी को मजबूती दी। हमें लगा था कि पिच धीरे-धीरे और खराब होती जाएगी और दिन के अंत तक बल्लेबाजों के लिए मुश्किल बढ़ जायेगी पर ऐसा लग रहा है कि यह और भी धीमी हो गई है। गेंदबाजों के लिए अब गति हासिल करना चुनौतीपूर्ण हो गया है।

फॉलोऑन के बाद कैंपबेल और होप ने वेस्टइंडीज को संभाला

पारी की हार से बचने के लिए अभी 97 रन और बनाने होंगे, आज परिणाम आने की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

सलामी बल्लेबाज जॉन कैंपबेल और शाई होप के अर्धशतकों के साथ दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 138 रन की अटूट साझेदारी के दम पर वेस्टइंडीज की टीम भारत के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच को चौथे दिन खींचने में सफल रही।

वेस्टइंडीज फालोऑन मिलने के बाद रविवार को तीसरे दिन स्टंप्स तब अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट पर 173 रन बना लिए। टीम को पारी की हार से बचने के लिए अभी और 97 बनाने होंगे। स्टंप्स के समय कैंपबेल 87 और होप 66 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। मैच में भारत का पलड़ा अब भी काफी भारी है लेकिन कैंपबेल की आत्मविश्वास से भरी पारी से दिन का तीसरा सत्र वेस्टइंडीज के नाम रहा। यह पूरी श्रृंखला का पहला ऐसा सत्र है जो वेस्टइंडीज के नाम रहा।

कैंपबेल ने 145 गेंद की पारी में नौ चौके और दो छक्के लगाये। खासकर कुलदीप यादव के खिलाफ आक्रामक रूख अपनाया। उनकी और होप की साझेदारी से वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों का न्यूजीलैंड के आगामी दौरे से पहले हौसला बढ़ेगा। इससे पहले शुरुआती दो सत्र में कुलदीप ने अपनी कलात्मकता का नजारा पेश करते हुए पांच विकेट झटककर वेस्टइंडीज की पहली पारी को समेटने में अहम भूमिका निभाई। वेस्टइंडीज ने दिन की शुरुआत पहली पारी में चार विकेट पर 140 रन से की लेकिन आधे घंटे के खेल के बाद कुलदीप ने शानदार गेंद पर शाई होप (36) को बोल्ड कर भारत के दबदबे को मजबूत किया। वेस्टइंडीज की पहली पारी 81.5 ओवर में 248 रन पर सिमटी।

पहली पारी में 270 रन की बढ़त होने के कारण मुख्य कोच गौतम गंभीर और कप्तान शुभमन गिल ने वेस्टइंडीज को फालोऑन करने को कहा। चाय के विश्राम से पहले मोहम्मद सिराज ने सपाट पिच पर तेगनारायण चंद्रपॉल (10) को और एक तेज शॉर्ट गेंद फेंकी, जो अपने पुल-शॉट पर नियंत्रण नहीं रख पाए। कप्तान शुभमन गिल ने डाइव लगाकर कैच लपक कर उनकी पारी का अंत किया।

एलिस अथानजे (सात) को वाशिंगटन सुंदर ने एक बेहतरीन ऑफ स्पिन लेती गेंद पर आउट किया। दूसरे सत्र की शुरुआत में जसप्रीत बुमराह ने खारी पियरे को बोल्ड कर मैच में पहली सफलता हासिल की। इसके बाद कुलदीप ने जेडेन सील्स को पगबाधा कर टेस्ट करियर के 15वें टेस्ट में पांचवीं बार पांच विकेट पूरे किये। दिन के शुरुआती सत्र में कुलदीप ने अपनी फिरकी के जादू से वेस्टइंडीज के मध्यक्रम को झकझोर दिया।

वेस्टइंडीज के जॉन कैंपबेल और शाई होप ने तीसरे दिन हार टाल दी। एजेंसी

वेस्टइंडीज

173/2 (दूसरी पारी) (49 ओवर)

जॉन कैंपबेल खेल रहे हैं	87
तेगनारायण का गिल बो सिराज	10
एलिस अथानजे बो सुंदर	07
शाई होप खेल रहे हैं	66

गेंदबाजी : सिराज 6-2-10-1, जडेजा 14-3-52-0, वाशिंगटन 13-3-44-1, कुलदीप 11-0-53-0, बुमराह 4-2-9-0, जायसवाल 1-0-3-0

जेडेन सील्स पर जुर्माना लगा

नई दिल्ली : वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडेन सील्स को भारत के खिलाफ यहां खेल जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन आईसीसी के लेवल एक आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाए जाने पर उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही उन्हें एक डिमेरिट अंक भी दिया गया है। यह घटना शुक्रवार को भारत की पहली पारी के 29वें ओवर में घटी जब सील्स ने गेंदबाजी करने के बाद गेंद को बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की ओर फेंक दिया जिससे गेंद उनके पैड पर लगी।

कुलदीप ने पांच विकेट लेते ही रचा इतिहास दिग्गजों की बराबरी की

नई दिल्ली, एजेंसी

कुलदीप यादव जब मैदान पर उतरते हैं, तो बल्लेबाजों के लिए मुसीबतें दूर नहीं होतीं। आज, भारत के बाएं हाथ के कलाई के जादूगर ने दिल्ली टेस्ट के तीसरे दिन अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में वेस्टइंडीज को स्तब्ध करते हुए, एक शानदार प्रदर्शन किया। सिर्फ 15 टेस्ट मैचों में, कुलदीप पांच बार पांच विकेट ले चुके हैं, जो दिग्गज जॉनी वार्डल के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेते हैं, हालाँकि वार्डल ने यह कारनामा 28 मैचों में किया था। अब उनके साथ खेलने वाले खिलाड़ी शीर्ष पर हैं, और कुलदीप इसे सम्मान की तरह मानते हैं। निर्णायक क्षण शानदार अंदाज में आया जब जेडन सील्स एलबीडब्ल्यू आउट हो गए। कुलदीप की चतुराई से छिपाई गई गुगली, बल्ले के पास से फिसली, पैड से टकराई और स्टंप्स को चकनाचूर कर गई। सील्स ने रिव्यू लिया, लेकिन रीप्ले से कोई शक नहीं रहा कि वह आउट हो गए। सटीक। निर्दयी। विशुद्ध कलाकारी। उस विकेट ने कुलदीप के पांच विकेट पूरे कर दिए और हर बल्लेबाज को एक कड़ी चेतावनी दे दीः उनका सामना करना एक ऐसी जंग है जिसे आप हल्के में नहीं ले सकते।

15 टेस्ट मैचों में पांच बार पांच विकेट ले चुके हैं

19 वनडे मैचों में, 27.3 के स्ट्राइक रेट से लिए 33 विकेट

सभी फॉर्मेट में है शानदार रिकॉर्ड

सभी फॉर्मेट में, कुलदीप तूफान की तरह हैं। चार टेस्ट मैचों में, उन्होंने 33.8 के स्ट्राइक रेट से 19 विकेट लिए हैं; 19 वनडे मैचों में, 27.3 के स्ट्राइक रेट से 33 विकेट; और टी20 में, नौ मैचों में 12.7 के स्ट्राइक रेट से 17 विकेट। यह किस्मत नहीं है-यह महारत है, कलात्मकता है, इसका पूरा पैकेज है। वेस्ट इंडीज ने कोशिश की, उन्होंने सचमुच कोशिश की, लेकिन कुलदीप ने उन्हें हर गेंद पर अंदाज़ा लगाने पर मजबूर कर दिया। फ्लाइट, टर्न, छकाना, सब कुछ उनके पास था। स्टेडियम में तालियाँ बजीं, टीम ने तालियाँ बजाईं, और कुलदीप ऐसे चले गए जैसे उन्होंने अभी-अभी यह बयान दिया हो: मैं यहां हूं। मैं घातक हूं। और मैं महान खिलाड़ियों में से एक हूँ। टेस्ट में अब भारत का पलड़ा भारी है, और कुलदीप का यह स्पेल उन प्रदर्शनों में से एक के रूप में याद किया जाएगा जो सिर्फ़ मैच नहीं जिताते, बल्कि करियर भी तय करते हैं।

स्मृति मंधाना।

ऑस्ट्रेलिया ने भारत को तीन विकेट से हराया

विशाखापत्तनम, एजेंसी

ऐनाबेल सदरलैंड (पांच विकेट) और सोफी मोलिन्यू (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद एलिसा हीली (142) की शतकीय और एलिसा पैरी (नाबाद 47) की पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को महिला एकदिवसीय विश्वकप के मुकाबले में छह गेंदे शेष रहते भारतीय टीम को तीन विकेट से हरा दिया।

331 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया के लिए अलिसा हीली और फीबी लिचफिल्ड की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 85 रनों की साझेदारी की। 12वें ओवर में श्री चारणी ने चिलफिल्ड (40) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद दीप्ति शर्मा ने बेनी मूथ (चार) और उसके बाद श्री चारणी ऐनाबेल सदरलैंड (शून्य) को आउट कर मैच पर बनाने का प्रयास किया। हालांकि इस दौरान एक छोर थामे अलिसा हीली रन बनाती रही। 39वें ओवर में श्री चारणी ने अलिसा हीली को आउट किया। हीली ने 107 गेंदों में 21 चौके और तीन छक्के लगाते हुए 147 रनों की पारी खेली। एश्ली गार्डनर (45) को अमनजोत कौर ने बोल्ड आउट किया। तालिया मैक्ग्रा (12) को दीप्ति शर्मा तथा सोफी मोलिन्यू (18) को अमनजोत कौर ने आउटकर ऑस्ट्रेलिया को सातवां झटका देकर मैच को रोमांचक बना दिया। इसके बाद चोटिल होकर रिटायर्ड हुई एलिस पेरी मैच को बचाने मैदान में उतरी। 49वें ओवर की आखिरी गेंद पर एलिस पेरी ने छक्का लगाकर ऑस्ट्रेलिया को तीन विकेट से जीत दिला दी। पेरी ने 52 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए (नाबाद 47) रन बनाये। किम गार्थ 14 रन बनाकर नाबाद रही। भारत के लिए श्री चारणी ने तीन विकेट लिये। अमनजोत कौर और दीप्ति शर्मा को दो-दो विकेट मिले।

इससे पहले आज यहां ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत की प्रतिका रावल और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 155 रनों की शतकीय साझेदारी कर बड़े स्कोर की नींव रखी। 25वें ओवर में सोफी मोलिन्यू ने शतक की ओर बढ़ रही स्मृति मंधाना को आउटकर भारत को पहला झटका दिया। स्मृति मंधाना ने 66 गेंदों में नौ चौके और तीन छक्के लगाते हुए 80 रनों की पारी खेली। इसके बाद 31वें ओवर में ऐनाबेल सदरलैंड ने प्रतिका रावल 75 को अपना शिकार बना लिया।

रावल ने अपनी पारी में 10चौके और एक छक्का लगाया। कप्तान हरमनप्रीत कौर (22), हरलीन देओल (38), जेमिमाह रोड्रिग्स (33), रिचा घोष (32) और अमनजोत कौर 16 रन बनाकर आउट हुई। सदरलैंड ने बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए भारतीय टीम को 48.5 ओवर में 330 के स्कोर पर रोक दिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर ऐनाबेल सदरलैंड ने पांच विकेट लिये। सोफी मोलिन्यू को तीन विकेट मिले। मेगन शूट और एश्ली गार्डनर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली व एलिसा पैरी ने शानदार पारी खेली। एजेंसी

भारत

330/10 (48.5 ओवर)

प्रतिका का पैरी बो सदरलैंड	75
मंधाना का लिचफील्ड बो मोलिनू	80
हरलीन का सदरलैंड बो मोलिनू	38
हरमनप्रीत का मोलिनू बो शूट	22
जेमिमा का मूनी बो सदरलैंड	33
रिचा घोष का सब बो सदरलैंड	32
अमनजोत का मोलिनू बो गार्डनर	16
दीप्ति शर्मा का मूनी बो मोलिनू	01
स्नेह राणा नाबाद	08
क्रांति गौड़ का सब बो सदरलैंड	01
श्री चरणी बो सदरलैंड	00

गेंदबाजी : किम गार्थ 5-0-35-0, मेगान शूट 6.1-0-37-1, एशले गार्डनर 7-0-40-1, सोफी मोलिनू 10-1-75-3, अनाबेल सदरलैंड 9.5-0-40-5, तहलिया मैकग्रा 4.5-0-43-0, अलाना किंग 6-0-49-0

अंक तालिका

देश	मैच	जीत	हार	अनिर्णीत	अंक	रन रेट
ऑस्ट्रेलिया	4	3	0	1	7	1.353
इंग्लैंड	3	3	0	0	6	1.864
भारत	4	2	2	0	4	0.682
द.अफ्रीका	3	2	1	0	4	-0.888
न्यूजीलैंड	3	1	2	0	2	-0.245
बांग्लादेश	3	1	2	0	2	-0.357
श्रीलंका	3	0	2	1	1	-1.526
पाकिस्तान	3	0	3	0	0	-1.887

दक्षिण अफ्रीकी टीम जीत की लय जारी रखने उतरेगी

समय अपहान 3:00 बजे से

विशाखापत्तनम : दक्षिण अफ्रीका की टीम लगातार दो जीत से महिला वनडे विश्व कप में अपने अभियान को शानदार अंदाज में पटरी पर लाने के बाद सोमवार को बांग्लादेश के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाने की कोशिश करेगी। अपने पहले मैच में इंग्लैंड से 10 विकेट की करारी हार झेलने के बाद दक्षिण अफ्रीका महिला टीम ने न्यूजीलैंड और मेजबान भारत पर दमदार जीत दर्ज कर शानदार वापसी की है। इन दो जीतों से टीम का आत्मविश्वास काफी बढ़ गया है। टीम अंक तालिका में चौथे (-0.888 के नेट रन रेट के साथ) स्थान पर है।

कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट, मारिजन काप, ताजमिन ब्रिट्स, सुने लुस और अयाबोंगा खाका जैसी खिलाड़ियों से सजी द.अफ्रीका की टीम कागजों पर काफी मजबूत नजर आती है। इंग्लैंड के खिलाफ 69 रनों पर ऑल आउट होने के बाद, उनका शीर्ष क्रम शानदार फॉर्म में है। ब्रिट्स और लुस ने न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया।

अरशद नदीम के कोच पर लगा आजीवन प्रतिबंध

लाहौर : पाकिस्तान के शीर्ष भाला फेंक एथलीट अरशद नदीम के लंबे समय से कोच सलमान इकबाल पर रविवार को देश के एथलेटिक्स महासंघ ने पंजाब एथलेटिक्स संघ के संविधान का उल्लंघन करने के आरोप में आजीवन प्रतिबंध लगा दिया। वह इस संघ के अध्यक्ष हैं।

आजीवन प्रतिबंध के तहत इकबाल किसी भी एथलेटिक्स गतिविधि में भाग नहीं ले सकते और कोचिंग भी नहीं दे सकते हैं और किसी भी स्तर पर कोई पद पर काबिज नहीं हो सकते हैं। पाकिस्तान एमेच्योर एथलेटिक्स महासंघ (पीएएएफ) ने इकबाल पर पंजाब संघ के चुनाव कराकर उल्लंघन करने का आरोप लगाया है जो अगस्त में हुए थे। सितंबर में एक जांच समिति का गठन किया गया था, जिसकी सिफारिश पर कार्रवाई की गई।

भारत ने न्यूजीलैंड को 4-2 से हराकर दूसरी जीत दर्ज की

जोहोर (मलेशिया), एजेंसी

सुल्तान जोहोर कप

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को यहां न्यूजीलैंड को 4-2 से हराकर सुल्तान जोहोर कप में अपना अजेय अभियान जारी रखा। भारत के लिए अर्शदीप सिंह (दूसरे मिनट), पीबी सुनील (15वें मिनट), अरिजीत सिंह हुंडल (26वें मिनट) और आर कुमुर (47वें मिनट) ने गोल किए जबकि न्यूजीलैंड के लिए गस नेल्सन (41वें मिनट) और ऐडन मैक्स (52वें मिनट) ने गोल दागे। भारत ने इससे पहले टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में ब्रिटेन को 3-2 से हराया था।

भारत ने पहला गोल शुरुआती क्वार्टर के दूसरे मिनट में कर दिया जिसमें अर्शदीप ने आसान मौके को गोल में बदल दिया। उन्होंने दाईं ओर से सर्कल में तेजी से दौड़ लगाई और शॉट लगाया, लेकिन शुरुआत में न्यूजीलैंड के गोलकीपर ने इसे बचा लिया लेकिन वह रिबाउंड पर गोल करने में कामयाब रहे। क्वार्टर के आखिरी मिनट में भारत ने अपनी बढ़त दोगुनी कर दी जब ड्रैगफ्लिकर और कप्तान रोहित ने गेंद सुनील को पास की और सुनील ने पेनल्टी कॉर्नर पर एक बेहतरीन वैरिएशन से गोल कर दिया। भारत को दूसरे क्वार्टर में एक मौका तब मिला जब सर्कल में अरिजीत ने तेजी से घूमकर गोल पर एक सफल शॉट लगाकर स्कोर 3-0 कर दिया। न्यूजीलैंड ने आखिरकार तीसरे क्वार्टर में नेल्सन की बदौलत 41वें मिनट में खाता खोला। आर कुमुर ने 47वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत को अंतिम क्वार्टर में 4-1 की बढ़त दिला दी।

एआईएफएफ ने दो विवादास्पद अनुच्छेदों को नहीं अपनाया

नई दिल्ली : अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने रविवार को अपनी विशेष आम सभा (एसजीएम) की बैठक में उच्चतम न्यायालय द्वारा मंजूर किए संविधान को अपनाया, लेकिन दो विवादास्पद अनुच्छेदों को छोड़ दिया है जो शीर्ष अदालत के समक्ष लंबित हैं।

उच्चतम न्यायालय ने 19 सितंबर को न्यायाधीश एल नागेश्वर राव द्वारा तैयार किए गए एआईएफएफ के संविधान के मसौदे को कुछ संशोधनों के साथ मंजूरी दे दी थी और महासंघ को इसे चार हफ्तों के भीतर अपनाने का निर्देश दिया था। लेकिन संविधान के मसौदे के दो अनुच्छेद शीर्ष अधिकारियों के लिए सिरदर्द बन गए थे और एआईएफएफ ने इन दो नियमों पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया।

दिल्ली हॉफ मैराथन | दोनों विजेताओं को 27,000 डॉलर का पुरस्कार मिला

कीनिया के मटाटा और रेंगरुक बने चैंपियन

नई दिल्ली, एजेंसी

कीनिया के लंबी दूरी के धावक एलेक्स मटाटा और लिलियन कासैट रेंगरुक ने रविवार को वेदांत दिल्ली हॉफ मैराथन में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग की एलीट दौड़ जीतीं। पिछले साल यहां दूसरे स्थान पर रहे।

मटाटा ने रविवार को 59 मिनट 50 सेकंड का समय निकालकर बोयेलिन टेशागर (एक घंटा 22 सेकंड) और जेम्स किपकोगी (एक घंटा 25 सेकंड) को पछाड़ा। दोनों विजेताओं को 27,000 डॉलर का पुरस्कार मिला। रेंगरुक ने एक घंटे सात मिनट 20 सेकंड का समय निकालकर महिला वर्ग का खिताब जीता। इथियोपिया की जोड़ी मेलाल सियूम बिरातु (एक घंटा सात मिनट 21 सेकंड) और मुलत टेकले (एक घंटा सात मिनट 29 सेकंड) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। इस प्रतियोगिता के दूत और नौ बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता कार्ल लुईस ने समापन रेखा पर विजेताओं का स्वागत किया। हॉफ मैराथन, ओपन 10के चैंपियंस विद डिसेबिलिटी रन सीनियर सिटीजन रन और ग्रेट दिल्ली रन सहित विभिन्न श्रेणियों में 40,000 से अधिक धावकों ने दिल्ली की सड़कों पर दौड़ लगाई। मटाटा ने दौड़ की शुरुआत से दबदबा कायम करते हुए इथोपिया के टेशागर और हमवतन किपकोगी को आसानी से पछाड़ा।

दिल्ली हॉफ मैराथन में पुरुषों की एलीट ओवरऑल श्रेणी की दौड़ में शीर्ष तीन स्थान हासिल करने वाले धावक केन्याई एलेक्स मटाटा (बीच में), इथियोपिया के बोयेलिन टेशगर (दाएं) और उनके पूर्व हमवतन जेम्स की पकोगी। एजेंसी

भारतीयों में अभिषेक और सीमा विजयी

नई दिल्ली : अभिषेक पाल ने रविवार को वेदांता दिल्ली हॉफ मैराथन में तीसरी बार जीत हासिल की, जबकि सीमा ने अपने पहले ही मुकाबले में प्रभावित किया। इंडियन एलीट प्रतियोगिता में अनुभव और उभरती प्रतिभा का प्रदर्शन हुआ, जहां अभिषेक पाल और सीमा ने 4,00,000 रुपये का नकद पुरस्कार जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। पाल ने पुरुषों की दौड़ में 1:04:17 का समय लेकर जीत हासिल की, जबकि सीमा ने महिलाओं के वर्ग में 1:11:23 का समय लेकर आसानी से जीत हासिल की। यह जीत अभिषेक की दिल्ली हाफ मैराथन में तीसरी जीत थी, जबकि सीमा ने अपने पदार्पण में ही बाजी मारी।